e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 156

**सुविचार**

हौसलों से कुछ नहीं होता, लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य भी करना पड़ता है।

# प्रभात मंत्र

रविवार

09.06.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**कछार (असम) :** सिलचर में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।कछार पुलिस ने आज बताया कि सिलचर पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर एक स्विफ्ट कार (एएस-11आर-3422) को रोका और उसमें से कोडीन कफ सिरप के कुल 10 कार्टून बरामद किए, जिसका नाम नोवोकॉफ-सीटी था। प्रत्येक कार्टून में 100 बोतलें थीं, जिनकी कुल संख्या 1000 थी। इस संबंध में बिजय कुमार नाथ (45), उत्तम नामसुद्र (28) और राशिद अहमद (23) को गिरफ्तार किया गया है। वे प्रतिबंधित पदार्थ लेकर जा रहे थे और उन्हें नजदीकी राज्य में पहुंचाना था। आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़: नारायणपुर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर, हथियार बरामद, 3 जवान घायल

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में शुक्रवार दोपहर गोबेल के जंगल में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया।घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 3 महिला एवं 3 पुरुष नक्सलियों के शव एवं हथियार बरामद किए गए हैं। हथियारों में 3 राइफल व बीजीएल लॉन्चर सहित कुल 6 हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गई है। नक्सलियों के शवों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए हैं।

### अवकाश के बाद आज से खुलेगा हाई कोर्ट

**रांची :** ग्रीष्मावकाश के बाद 10 जून सोमवार से झारखंड हाई कोर्ट की कार्यवाही पूर्व निर्धारित रूप से चलेगी। हाई कोर्ट की सभी बेंच में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं 10 जून को ही जमीन घोटाले मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मामले में अब तक ईडी का जवाब नहीं आया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की बेंच में शाम चार बजे होगी। हाई कोर्ट के कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मावकाश 20 मई से सात जून तक निर्धारित था।

### नीट यूजी ग्रेस मार्क्स की जांच के लिए कमेटी गठित, 1500 से अधिक उम्मीदवारों के अंकों की होगी समीक्षा

**नई दिल्ली :** नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंकों में वृद्धि के आरोपों के बीच, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को घोषणा की कि शिक्षा मंत्रालय ने 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया है। नीट यूजी रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों के चलते एनटीए ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी आरोपों पर स्पष्टीकरण दिया।एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने कहा,1,500 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी और इन उम्मीदवारों के परिणामों में संशोधन किया जा सकता है।

### ममता बनर्जी ने नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने से किया इनकार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को साफ कर दिया है कि वह और उनकी पार्टी के नेता रविवार को होने वाले नरेंद्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगीं। ममता ने कहा कि अभी तक न तो उन्हें निमंत्रण मिला है और न ही वो वहां जाएंगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को कोई नहीं चाहता कि वे प्रधानमंत्री बनें। हार के बाद उचित यही था कि वे अपनी कुर्सी छोड़ देते। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं माफी चाहती हूं, लेकिन गैर संवैधानिक, गैर कानूनी पार्टी को सरकार बनाने के लिए मैं शुभकामनाएं नहीं दे सकती हूं। मेरी शुभकामना देश के लिए रहेगी जो भी सांसद हैं उनसे कहूंगी कि आप अपनी पार्टी को मज़बूत बनाए।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 26⁰ |

# पीएम मोदी का शपथ ग्रहण आज, तैयारियां पूरी

**फोरकोर्ट में एक विशेष मंच तैयार किया गया है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे. केंद्रीय एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी की देखरेख में पूरे परिसर को विशेष फूलों और सजावटी पौधों से सजाया गया है. ऐतिहासिक राष्ट्रपति भवन की ईमारत को विशेष रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है.**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति भवन में आज 9 जून की शाम 7.15 बजे होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गयी हैं. राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट को भव्य तरीके से सजाया संवारा गया है. फोरकोर्ट में एक विशेष मंच तैयार किया गया है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे. केंद्रीय एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी की देखरेख में पूरे परिसर को विशेष फूलों और सजावटी पौधों से सजाया गया है. ऐतिहासिक राष्ट्रपति भवन की ईमारत को विशेष रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है. विशिष्ट मेहमानों के स्वागत के लिए रेड कारपेट्स भी लगाए गए हैं.

### पड़ोसी देशों के मेहमान मुख्य रूप से रहेंगे शामिल

प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी एक रिलीज के मुताबिक,श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेचलेस के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधान मंत्री, शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जुगनुथ, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधान मंत्री शेरिंग टोबगे ने भाग लेने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है. बांग्लादेश की प्रधान मंत्री, शेख हसीना पहली अति विशिष्ट अतिथि हैं, जो शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गई. शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के अलावा ये अति विशिष्ट अतिथि उसी शाम राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगे.

### 8 हजार मेहमान शपथ ग्रहण समारोह में लेंगे भाग

जानकारी के मुताबिक करीब 8 हजार मेहमान इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेंगे. 2014 और 2019 में भी नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में ही एक भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लिया था. इस अवसर पर भारत के कई पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. मोदी के शपथग्रहण समारोह में इन देशों के दो राष्ट्रपति, एक उपराष्ट्रपति और चार प्रधानमंत्री शामिल होंगे.



### शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों की प्राथमिकता : पीएमओ

पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी पड़ोसी पहले नीति और सागर दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए है.

### लोको पायलट ऐश्वर्या एस भी आमंत्रित

विशिष्ट अतिथियों में दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन की वरिष्ठ सहायक लोको पायलट ऐश्वर्या एस मेनन,जो वंदे भारत ट्रेनों पर काम करती हैं, को नई सरकार (18वीं लोकसभा) के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है. ऐश्वर्या मेनन ने वंदे भारत एक्सप्रेस और जन शताब्दी जैसी प्रतिष्ठित ट्रेनों में 2 लाख से अधिक फुटप्लेट घंटे चलाने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है.

**7.15**

**बजे शाम में होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गयी हैं.**

### सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में काम करने वाले मजदूर भी आमंत्रित

इसके अलावा सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में काम करने वाले कुछ मजदूरों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर्स, स्वच्छता कार्यकर्ता, केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों और विकसित भारत के एंबेसडरों को भी निमंत्रित किया गया है.

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गई सोनिया गांधी, कहा

# जनादेश खो चुके हैं नरेंद्र मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की आज संसद के सेंट्रल हॉल में बैठक हुई। इस बैठक में सोनिया गांधी को पार्टी के संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव पेश किया, जिसे पार्टी के नेताओं ने एकमत से स्वीकार कर लिया। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा, कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। कई लोगों ने हमें खारिज कर दिया, लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे के दृढ़ नेतृत्व में हम डटे रहे। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा वास्तव में ऐतिहासिक आंदोलन रहा। इसमें सभी स्तरों पर हमारी पार्टी को पुनर्जीवित किया। उन्होंने कहा, अभूतपूर्व व्यक्तिगत, राजनीतिक हमलों से लड़ने के लिए राहुल, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के लिए विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा,संसद में कांग्रेस की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के सहयोगियों की ताकत से भी हमें बल मिला है। सोनिया गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह जनादेश खो दिया है, जिसकी उन्हें तलाश थी। इसलिए उन्होंने नेतृत्व का अधिकार भी खो दिया है। केवल अपने नाम पर जनादेश मांगने वाले पीएम मोदी को राजनीतिक और नैतिक हार का सामना करना पड़ा। विफलता की जिम्मेदारी लेने के बजाय, वह कल फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं।

**सीडब्ल्यूसी की बैठक में राहुल गांधी के नाम पर लगी नेता प्रतिपक्ष बनने की मुहर, कहा : मुझे सोचने का वक्त दीजिए**

सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक में लोकसभा चुनाव परिणामों और भविष्य की रणनीतियों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ. पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा पार्टी के अन्य शीर्ष नेता इस बैठक में शामिल हुए. कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया है कि राहुल गांधी को लोकसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया जाना चाहिए. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए अपने नाम का प्रस्ताव पारित होने पर राहुल गांधी ने इस बारे में सोचने के लिए कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्यों से कुछ वक्त मांगा.

**जिन राज्यों में अपेक्षित सफलता नहीं मिली उनकी समीक्षा होगी : खड़गे**

मल्लिकार्जुन ने बैठक में कहा,हम उन राज्यों में अपना प्रदर्शन नहीं दोहरा सके जहां हमने पहले विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया था और सरकार बनाई थी.हम जल्द ही ऐसे प्रत्येक राज्य पर अलग-अलग चर्चा करेंगे. हमें तत्काल उपचारात्मक कदम उठाने होंगे. ये वे राज्य हैं जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं, जहां हमारे पास अवसर हैं, जिनका उपयोग हमें अपने फायदे के लिए नहीं बल्कि अपने लोगों के लाभ के लिए करना है.

## सीएम से मिली नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी



प्रभात मंत्र संवददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से रांची स्थित आवास में सिंहभूम लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती जोबा मांझी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिंहभूम लोकसभा सीट से मिली शानदार जीत पर श्रीमती जोबा मांझी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्रीमती जोबा मांझी ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया । मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुवा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने होटवार जेल में बंद हेमंत सोरेन से की मुलाकात**

**रांची-** होटवार जेल में बंद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पहुंचे. करीब 40 मिनट तक जेल में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा हुई. जानकारी के मुताबिक मुलाकात के दौरान जेल में बंद आलमगीर आलम के मंत्री पद को लेकर भी बातचीत हुई है. इसके अलावे संगठनात्मक कार्यों को लेकर भी दोनों नेताओं में मंत्रणा हुई.

### रामोजी राव के निधन पर पीएम मोदी व सीएम चंपाई सोरेन सहित कई दिग्गजों ने जताया शोक

**हैदराबाद:** मीडिया दिग्गज और ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का 8 जून को हैदराबाद में निधन हो गया। फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली, संगीतकार एमएम कीरावणी और अन्य लोगों ने फिल्म सिटी में ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव को अंतिम सम्मान दिया। इसके साथ ही जूनियर एनटीआर, चिरंजीवी, मनोज मांचू, सुधीर बाबू जैसे कई साउथ सितारों और अन्य ने वीडियो जारी कर अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। फिल्म सिटी में रामोजी राव को अंतिम श्रद्धांजलि देने कई सितारे पहुंचे। सभी की आंखें नम दिखीं। पीएम मोदी ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा,रामोजी राव का निधन अत्यंत दुखद है। वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी। उनके समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार के नए मानक स्थापित किए। रामोजी राव भारत के विकास के प्रति बेहद भावुक थे। इस कठिन समय में उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति संवेदना। झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने भी रामोजी राव के निधन पर शोक जताया है।

## टीडीपी और जदयू के दो लोगों को मंत्रिमंडल में मिल सकती है जगह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मोदी सरकार में मंत्रिमंडल किसे मिलेगा, किसे नहीं, इसपर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। सहयोगी दलों की कितनी हिस्सेदारी होगी, इसपर अबतक कुछ साफ नहीं हो सका है। लेकिन सूत्रों के हवाले से जो खबर आ रही है, उसके मुताबिक जदयू कोटे से दो सांसदों को मंत्री पद मिल सकता है। ललन सिंह को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वहीं रामनाथ ठाकुर को राज्यमंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही तेलगु देशम पार्टी यानी टीडीपी के कोटे से भी दो मंत्री बनाए जा सकते हैं। एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री। चिराग पासवान को भी मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। हीं खबरें हैं कि लोकसभा स्पीकर भाजपा का ही होगा। वहीं टीडीपी ने लोकसभा स्पीकर के पद की मांग नहीं की है। बता दें कि एनडीए की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में मनोनीत किया गया है। एनडीए गठबंधन में दो दलों के योगदान और उनकी डिमांड पर खूब चर्चा हो रही है। पहली है नीतीश कुमार की जदयू और दूसरी है चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी। सूत्रों के हवाले से यह खबर सामने आ रही है कि टीडीपी ने लोकसभा स्पीकर के पद की मांग नहीं की है। वहीं ऐसा कहा जा रहा है कि लोकसभा स्पीकर के पद पर भारतीय जनता पार्टी के किसी सदस्य का कंट्रोल रहेगा।

## झारखंड सहित कई राज्यों के 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अगुआई में की गई इस कार्रवाई में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, मानव दुर्व्यापार रोधी इकाई, स्थानीय एसडीएम और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन,बचपन बचाओ आंदोलन शामिल थे। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इस संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था। छापामार टीमों ने पाया कि इन बच्चों को बेहद दयनीय हालत में रखा गया था।



छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापामार टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और चार घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका।

छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे हुए थे। भूखे और नींद की कमी से जूझ रहे इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे।

### असम के सीएम ने 11 सांसदों के साथ किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या (एजेंसी):** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने 11 सांसदों के साथ शनिवार को रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सभी का मंदिर में स्वागत किया। इसके पहले, महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर डॉ. सरमा और 11 सांसदों का प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा और अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# न्याय आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार शाखा गढ़वा के जस्टिस ऑन व्हील्स कम लीगल अवेर्नेस वेन के टूर कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि पैनल के एडवोकेट राज कुमार राम,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता तथा एडवोकेट बलवीर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। न्याय आपके द्वार कार्यक्रम कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 29 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया। जिसमें 7 जॉब कार्ड तथा 22 पेंशन तत्काल स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर पैनल एडवोकेट राज कुमार राम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करना है जो वकीलो का खर्च वहन करने में सक्षम नही है। उन्होंने न्याय प्रक्रिया से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी भी दिया। उन्होंने कहा कि गांववालों के आपसी विवादों का निपटारा भी यहां किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि वैसे मजदूर जो मजदूरी करने अन्य राज्यो में जाते है,वैसे मजदूरों से उन्होंने अनुरोध किया कि जिला नियोजनालय में पंजीकरण करा ले जिससे उन्हें आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान किया जा सके।उन्होंने कहा कि 3लाख प्रतिवर्ष से काम आय वाले व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान किया जाता हैं। कार्यक्रम में प्रधान लिपिक अनिल सिंह, प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, आनंद विश्वकर्मा, रामचंद्र पांडेय, ज्ञान चंद केशरी, वीरेंद्र प्रसाद, किशोर कुमार, पीएलवी मनोज कुमार दुबे, राम इक़बाल चौधरी, अनिता देवी, मुखिया शिविष्टयानी केरकेट्टा, रेखा कुमारी, सनिधा सोनी, सुशीला देवी, दीपक विश्वकर्मा, शिवकुमार यादव, गफूर अंसारी, हरिहर राम, देवंती देवी, मीना देवी, उर्मिला देवी, रईस अंसारी, अखिलेश उरांव, श्रवण साव, अमर पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महापुरुषों की प्रतिमा लगाने के नाम पर विधायक कोटे की राशि निकाली जा रही है : ओंकारनाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर,पितांबरपुर :** पांकी विधायक द्वारा महापुरुषों के प्रतिमा लगाने के नाम पर विधायक कोटे कि राशि निकाली जा रही है और ग्रामीणों को केवल मूर्ति दिया जा रहा है विधायक जी द्वारा कहा जा रहा है कि चंदा लगाकर प्रतिमा स्थापित करना है इससे यह बाते सामने आ रही है की विधायक कोटे कि राशि में भारी गोलमाल करने का प्लान है उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पांकी विधान सभा के नेता नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने लेस्लीगंज बाजार में प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया श्री जायसवाल ने कहा कि प्रतिमा लगाने के नाम पर विधायक कोटे की राशि का भारी गोलमाल करने का प्लान तैयार किया गया है और केवल प्रतिमा देकर ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि विधायक जी अपनी ओर से प्रतिमा दे रहे हैं श्री जायसवाल ने कहा कि अगर ऐसी बात नहीं है तो पांकी विधायक को अपने विधायक कोटे की राशि का एक साल का कोटे राशि वितरण का सूची पांकी विधानसभा के जनता को जारी करना चाहिए जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि वह कोटे की राशि किस मद में कितना खर्च किए हैं और यह बात दूध का दूध और पानी का पानी साबित हो जाएगा की विधायक जी कोटे का राशि का कहां-कहां उपयोग किए हैं।

## बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली चेकिंग अभियान हेतु सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर शुक्रवार को प्रखंड के भूमफोर गांव में व सदर पंचायत धुरकी में बिजली चेकिंग छापामारी अभियान चलाया गया, चेकिंग अभियान में अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए 15 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, अवैध रूप से बिजली चोरी करने वालो में धुरकी के मदन साह,विनोद कुमार, आरिफ राजा, नागेश्वर बैठा, फैयाज अंसारी, सत्येंद्र कुमार, ललिता देवी, राजेंद्र बहादुर सिंह, रमेश कुमार विश्वकर्मा, इकबाल अंसारी, और भूम्फोर गांव निवासी ज्वाला प्रसाद, नारायण साह, मुकेश यादव, रंजन साह, शिवनाथ साह का नाम शामिल है चेकिंग अभियान में सदाम हुसैन, नईम अंसारी सहित अन्य मानव दिवस कर्मी उपस्थित थे ,थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कांड संख्या 62/24 धारा 135/137 विधुत अधिनियम के तहत बिजली चोरी के आरोप में दर्ज किया गया है।

# बढ़ती गर्मी के कारण जूनियर वर्ग कक्षा 5 तक के सभी विद्यालय 17 जून तक बन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला पब्लिक स्कूल्स समन्वय समिति गढ़वा की बैठक आरकेवी संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय एवं संचालन सचिव मदन केशरी ने की। बैठक में बढ़ते तापमान व गर्मी एवं बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जूनियर सेक्शन कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 5 वीं तक के लिए उनके अध्यापन कार्य आगामी 17 जून तक स्थगित रहेगा जबकि कक्षा 6 ठी से लेकर 12 वीं तक के लिए अपने निर्धारित तिथि 10 जून (सोमवार) से सुचारू रूप से संचालित रहेगा। सभी विद्यालय का अध्यापन कार्य सुबह 6:30 से पूर्वाह्न 10 बजे तक होगा। बैठक में अभिभावकों से अपील किया गया की वे अपने अपने बच्चों को इस बढ़ती गर्मी में खासतौर पर दोपहर में अन्यत्र कहीं भेजने में परहेज करें। स्कूल भेजने के दौरान उनके स्वास्थ्य का पूरा पूरा ख्याल रखें। स्कूल भेजने के क्रम में उन्हें आवश्यक एतिहायत बरतने का निर्देश भी दें। जूनियर वर्ग के बच्चों के अभिभावक नियमित विषय से सम्बंधित सिलेबस का अभ्यास भी कराएं जिससे वे बच्चे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े रहें। यह भी निर्णय लिया गया कि जैसे ही मौसम में अनुकूलता आएगी पुनः सूचना जारी किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव संजय सोनी ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सुशील केशरी, कार्यकरिणी सदस्य चंद्र भूषण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## विश्व महासागर दिवस पर विशेष

# जल है तो जीवन है : शफीक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 8 जून को प्रतिवर्ष विश्व महासागर दिवस एक अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। विश्व महासागर दिवस का संबंध महासागरों के संरक्षण से है। महासागर जैव विविधता से भरे हुए हैं, इनके हर स्तर पर परिस्थितिकी तंत्र है जिनमें अनेक प्रकार के जीव है। महासागर दिवस को मनाने का उद्देश्य जैव विविधता को बनाए रखना और महासागर से मिलने वाले संसाधनों की क्षति होने से रोकना है। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग महासागर में रहने वाले जीवों के लिए खतरा उत्पन्न कर रहीं हैं, जिसके कारण इस दिवस को मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। सर्वप्रथम 1992 में पृथ्वी शिखर सम्मेलन में ओश्यंस इंस्टीट्यूट ऑफ कनाडा और कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फोर डेवलपमेंट ने विश्व महासागर दिवस को मनाने का प्रस्ताव रखा था। वर्ष 2008 से प्रत्येक वर्ष इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। विश्व भर के महासागर बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो? रहे हैं। प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है दुनिया भर में ग्लेशियर और बर्फ की चादरें पिघल रही है तथा महासागरों का आयतन बढ़ रहा हैं। इससे सागर के तटीय किनारे बसे लोगों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा हैं। भविष्य में यदि यही स्थिति रहीं तो मालदीव सहित कई द्वीप जलमग्न हो जाएंगे। हम सभी को महासागरों के संरक्षण और उनके प्रदूषण को कम करने का प्रण लेना चाहिए। जल है जीवन, आओ करें इसका संरक्षण, क्योंकि जल है तो कल है। (लेखक = मों शफीक अंसारी, संस्थापक सह अध्यक्ष (एमएसए पब्लिक स्कूल)

## झारखंड अभिभावक संघ अध्यक्ष ने स्कूल का समय सारिणी बदलने की मांग की



**बिश्रामपुर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने पलामू उपायुक्त से आग्रह किया है कि भीषण गर्मी के कारण सरकारी विद्यालय /गैर सरकारी विद्यालय के समय सारिणी में बदलाव करने के आवश्यकता है। श्री पांडेय ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में लू (गर्म हवा) चलने के कारण भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ जाने से राज्य के अंतर्गत आने वाले सरकारी विद्यालय/ गैर सरकारी विद्यालयों के सभी छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चो को लू लगने से बीमार होने का संकट उत्पन्न हो रहा है।अभिभावको द्वारा मुझसे लगातार संपर्क कर आग्रह किया जा रहा है कि लू के कारण विद्यालय बंद करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। अभिभावक संघ वर्ग एक से पांच तक के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों को बंद रखने की एवं वर्ग छ = से दस तक संचालित होने वाली कक्षा को सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के समय सारिणी में बदलाव करने की आग्रह उपायुक्त से करता है। मानवीय संवेदना को देखते हुए पलामू उपायुक्त महोदय विद्यालय के समय सारणी में परिवर्तन करने की कृपा करें।

## टेलर वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गढ़वा-रेहला सड़क में फरठिया मोड़ के समीप शनिवार को टेलर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक आफताब अंसारी 25 वर्ष पिता रइस अंसारी पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के सबौना गांव का रहने वाला था। जबकि इस घटना में घायल एजाज अंसारी पिता राज मोहम्मद अंसारी पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के तीसीबार गांव का रहने वाला है। वह मृतक का फुफेरा भाई है।जानकारी के अनुसार एजाज अंसारी के भाई की शादी थी।मोटरसाइकिल सवार एजाज अंसारी व उसके मामा का बेटा आफताब अंसारी गढ़वा से सामान लेकर तीसीबार गांव जा रहे थे। इस दौरान फरठिया मोड़ के समीप एक टेलर को ओवरटेक कर आगे निकलने के प्रयास में सड़क पर गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मौटरसाइकिल पर पीछे बैठा आफताब अंसारी फेंका गया और टेलर के पिछले चक्का के नीचे चला गया। इससे टेलर से कुचल कर उसकी मौत हो गई। जबकि एजाज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल के आसपास के लोगों ने घायल एजाज अंसारी को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर, सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना के बाद गढ़वा थाना पुलिस ने फरठिया मोड़ पर पहुंचकर मृतक आफताब अंसारी के शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतक के स्वजनों को सौंप दिया।

# लोक अदालत में एक करोड़ 49 लाख 82 हजार 600 रुपये के मामले सेटल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश पर आठ जून को एम ए सी टी केस के निस्तारण को लेकर बिशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।मामले निस्तारण को लेकर एक पीठ का गठन किया गया था। इसमे मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे। इसमे सुलह समझौता के आधार पर कुल 21 मामले का निस्तारण किया गया। व एक करोड़ 49 लाख 82 हजार 600 रूपये के मामले का सेटल हुआ।जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह के कोर्ट में चल रहे एम ए सी सी 40/2018 में नीलू देवी को 12 लाख 83 हजार 155 रुपये का चेक व जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार के अदालत में चल रहे एम ए सी सी 23/2017में मीणा देवी को छह लाख तीन हजार 922 रुपये का चेक पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रदान किया गया। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव व सीजेएम आनंद सिंह ने दी। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार, सीजेएम आनंद सिंह, रजिस्ट्रार कमल प्रकाश, बीमा कम्पनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, क्लेमेंट के अधिवक्ता सुशील राम, नीरज कुमार सिंह, एल ए डी सी के असिस्टेंट पुष्कर राज, ब्यवहार न्यायालय कर्मी मनोज कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, पीएलभी मुनेश्वर राम के अलावे दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।

## स्कूल में फन्दे से लटकता मिला पारा शिक्षक का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** थाना क्षेत्र तेंलाड़ी गांव के स्कूल में फासी के फन्दे से लटका पारा शिक्षक का संदेहास्पद अवस्था में मौत हो गई है. शिक्षक का शव स्कूल के गेट से रसी गर्दन से लटका बरामदे से बरामद किया गया.बताया जा रहा है कि शिक्षक पास में ही घर होने के कारण स्कूल में ही सोना होता था शनिवार की रात हर रात की तरह स्कूल में सोने गया था। लेकिन लोगों ने सुबह जब फांसी पर झूलता देखा तो इसकी सूचना छत्तरपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच और शव को कब्जे में लेकर जांच मे जुट गई है यह घटना छत्तरपुर थाना क्षेत्र तेलाडी के चुरवाही गांव का है।मृतक शिक्षक जीतन सिंह न्यू प्राथमिक विद्यालय तेलाडी के चुरवाही गांव के स्कूल में पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत था वही परिवार के लोग इसे साजिश का शिकार बता रहे हैं।

## प्रिंस प्रताप ने निजी खर्च से कराया सड़क का मरम्मत



**पिपरा, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरदाग से पिपरा बाजार के बीच की सड़क को क्रेशर संचालक सह समाजसेवी प्रिंस प्रताप सिंह ने निजी खर्च से मरम्मत कराया. दुबटिया से लेकर जपला तक सड़क पर हजारों गड्ढे हैं. सड़क की क्षमता एवं गुणवत्ता अच्छी नहीं होने के कारण सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है. लेकिन कुछ-कुछ समय अंतराल पर प्रिंस प्रताप लगातार सड़क की मरम्मत कराते रहते हैं. जिससे राहगिरो को थोड़ा बहुत तत्काल राहत मिल जाता है. सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है. प्रिंस प्रताप ने कहा कि मैं भी इसी प्रखंड का निवासी हूं मैं समस्याओं से भली भाती अवगत हूं लेकिन साथ में मैं व्यवसायी भी हूं सरकार की अनुमति प्राप्त कर एवं सरकार को रेवेन्यू देकर हम लोग अपने काम धंधे को चलाते हैं. मैं माननीय सांसद एवं विधायक से आग्रह करता हूं कि इस सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए. धूलकण की भी समस्या गंभीर है जिसे लेकर हम लोगों का प्रयास रहता है कि पानी का छिड़काव कर इस समस्या से आम जनता को कुछ राहत दिलाया जाए. लेकिन सड़क की स्थिति जर्जर है एवं गर्मी भी प्रचंड पड़ रही है उसके बाद भी हम लोगों ने अपनी छिड़काव करने वालों को निर्देश दिया है कि पानी का छिड़काव ईमानदारी पूर्वक कुछ-कुछ समय के अंतराल पर करते रहें. सड़क के निर्माण पर पत्रकार के द्वारा पिछले वर्ष ही माननीय विधायक कमलेश कुमार सिंह से यह सवाल पूछा गया था तो उन्होंने शायराना अंदाज में कहा था जब जपला से इस सड़क पर गाड़ी निकलती है तो जंगल का शेर की तरह निकालती है पिपरा पहुंचते पहुंचते शंकर तेरा सहारा हो जाता है मैं यथाशीघ्र इस सड़क का निर्माण कराऊंगा. फिलहाल के चुनाव प्रचार के दरमियान माननीय पलामू सांसद ने भी जनता से वादा किया है कि मैं यथाशीघ्र इस सड़क का निर्माण कराऊंगा अब देखना दिलचस्प होगा कि सड़क का निर्माण किनके द्वारा और कब कराया जाता है कब पिपरा प्रखंड के जनता को इस समस्या से समाधान मिलता है।


# जांच करने गए आपूर्ति पदाधिकारी को ग्रामीणों ने बनाया बंधक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत कुपा मेलवान के डीलर सुरेश पासवान के द्वारा राशन कार्डधारियों को राशन में कटौती एवं दो माह का राशन नहीं देने पर कुपा पंचायत के मुखिया प्रमोद राम से शिकायत आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच किया। जांच के दौरान ग्रामीणों का आरोप सत्य पाया गया। वहीं मुखिया ने खरौन्धी प्रखंड खाध आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया तो उन्होंने कहा कि अगर डीलर दोषी पाए गए तो जांच कर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। आगे बताते चले की जांच में विलंब होने के कारण से मुखिया प्रमोद राम एवं पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने सैकड़ो राशन कार्डधारियों को लेकर खरौन्धी प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से मुखिया प्रमोद राम एवं गोरखनाथ चौधरी तथा सैकड़ो कार्डधारियों का उच्च पदाधिकारी से मांग किया था कि ऐसे डीलर को जल्द से जल्द बर्खास्त एवं लाइसेंस रद्द करते हुए कानूनी कार्रवाई किया जाए।लेकिन पदाधिकारियो की बातों से ग्रामीण संतुष्ट नहीं थे। सभी का कहना था कि आवेदन दिए हुए एक सप्ताह हो गया अभी तक कोई जांच नहीं हुआ इसलिए अगर आज जांच नहीं होता है तो हम लोग प्रखंड मुख्यालय पर धरना देते रहेंगे साथ ही साथ उन्होंने कहा कि अगर यहां अधिकारी नहीं सुनेंगे तो हम सभी लोग उपायुक्त महोदय के पास जाएंगे।जब कि जांच के बाद एमओ ने सभी कार्डधारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी का राशन में कोई कटौती डीलर द्वारा नहीं किया जाएगा। इतना ही बोलकर जब जाने लगे तो सभी ग्रामीणों ने उनको घेर लिया और बोला कि हम सभी को दो माह का राशन दिलवा कर जाना है। इसके बाद उन्होंने सभी को समझाते हुए कहा कि आप लोग शांत रहिए आप सभी का राशन में कोई कटौती नहीं किया जाएगा उन्होंने जब डीलर से बात किया तो उन्होंने कहा कि 2 दिन के अंदर राशन वितरण कर दूंगा। वहीं जांच करने आए पदाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को शांत करते हुए एवं समझते हुए कहा कि आप लोगों का किसी तरह का कोई राशन में कटौती नहीं किया जाएगा। मौके पर जांच करने आए पदाधिकारी सीईओ सुनील कुमार सहित सीआई मुजिम खान, पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, प्रमोद राम मुखिया, सहित सैकड़ो राशन कार्ड धारी एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दलित समाज के गौरव हैं वीडी राम, केंद्रीय मंत्री बनाया जाए : विजय रविदास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** युवा भाजपा नेता सह विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल करने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि बी डी राम लगातार तीसरी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। श्री राम दलित समाज के गौरव हैं। इनकी जमीनी पकड़ भी काफी मजबूत है। प्रशासनिक अनुभव भी है.इसलिए इन्हे केंद्रीय मंत्री बनाया जाना चाहिए। इस संबंध में श्री रविदास ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र भी प्रेषित किया है.जिसमे उन्होंने कहा है कि इसी वर्ष झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है। बी डी राम को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने से दलित समाज में एक अच्छा संदेश जायेगा। दलित समाज का भाजपा से जुड़ाव और बढ़ेगा। जिससे हमे राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने में आसानी होगी।

## गरीब रथ एक्सप्रेस से गिरकर एक किशोर की हुई मौत

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत सीआई सेक्शन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को गरीब रथ एक्सप्रेस से गिरकर एक नाबालिक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई.घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। किशोर का शव पोल संख्या 308/24 के पास पाया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी गढ़वा रोड आरपीएफ सहित नौगढ़ा ओपी पुलिस को दी.घटनास्थल पर नौगढ़ा ओपी प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे.जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में सरकारी प्रक्रिया पूरा करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। मृत किशोर की पहचान गढ़वा जिला स्थित डंडा थाना के निमिया गांव निवासी किशुन चौधरी के पुत्र चंदन कुमार (15) के रुप में हुई है।

## चैनपुर पुलिस ने खोहरी गांव से युवक का शव बरामद किया, जांच में जुटी पुलिस

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदुआ पंचायत के खोहरी गांव से पुलिस ने शनिवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया है।शव की शिनाख्त शाहपुर निवासी पिता गोल्डन चंद्रवंशी के पुत्र लक्की चंद्रवंशी 22 वर्ष के रूप में की गई है। युवक के सिर में गंभीर रूप से जख्म के निशान थे। परिजनों ने बताया कि लक्की शुक्रवार की शाम घर से निकला था।शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोगों ने देखा तो स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया।पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।उक्त मामलें को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि मौत कैसे हुई इसकी सटीक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि पुलिस जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। अबतक मृतक के परिजनों द्वारा भी थाना में आवेदन नहीं दिया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### गार्ड की छत से गिरकर मौत

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र में शनिवार को कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में तैनात एक गार्ड की संदिग्ध परिस्थिति में छत से गिरकर मौत हो गई। वीएसएफ कंपनी का गार्ड कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर में तैनात था। पुलिस के मुताबिक मृतक गार्ड की पहचान पुरषोत्तम कुमार तिवारी रूप में हुई है। कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी बिल्डिंग निर्माण का काम करती है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गार्ड ने छत से कूद कर आत्महत्या की है या उसकी गिरने से मौत हुई है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### डीजीपी 10 को झारखंड पुलिस मुख्यालय में करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची :** डीजीपी अजय कुमार सिंह आगामी 10 जून को 11.30 बजे से विधि व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे। आचार संहिता हटने के बाद पहली बार सभी जिलों के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ बैठक आयोजित की गयी है।सभी जिलों के एसपी को एजेंडा बिंदुओं के संदर्भ में पूरी तैयारी के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### बैंक ऑफ इंडिया 12 जून को मनाएगा समझौता दिवस

**रांची :** बैंक ऑफ इंडिया देश भर में 12 जून को समझौता दिवस मना रहा है। बैंक अपनी सभी शाखाओं,अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए यह दिवस मना रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है जो उधारकर्ता व्यवसाय/चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके हैं।

# मैक्लुस्कीगंज आगजनी कांड में पांच लोग गिरफ्तार, हथियार बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बीते 28 मई 2024 को समय 09 : 45 बजे रात्रि में मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चामा-मैक्लुस्कीगंज रोड में स्थित दुल्ली करमकोचा टोला के पास सड़क किनारे खडा Singh Infrastructural private Ltd कंपनी के ड्रील मशीन लदा हुआ कटेनर ट्रक जो बीएसएनएल कंपनी का फाईबर केबल बिछाने का काम कर रही थी, को अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा कर जला दिया गया था, जिसमें संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। इस संदर्भ में कंपनी के चालक अखिलेश ठाकुर के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना कांड आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। कांड के उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित अग्रवाल के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया था जिसमें पुलिस उपाधीक्षक खलारी, थाना प्रभारी खलारी, थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। घटना के बाद से ही पुलिस टीम द्वारा घटना के उद्भेदन के लिए प्रयास किया जा रहा था। वादी पक्ष के पास धमकी का ऑडियो था जिसे स्थानीय ग्रामिणों एवं अन्य कि मदद से ऑडियों की आवाज की पहचान अभियुक्तों के रूप में की गई, अन्य सूत्रों से भी अभियुक्तों का घटना कारित करने की पुष्टि हुई। थाना क्षेत्र एवं आस-पास के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में लगातार छापामारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम दुल्ली जंगल के पास से तीन अपराधकर्मियों रवि मुण्डा उर्फ प्रभात , रूपेश पाहन उर्फ रूपेश मुण्डा एवं महेश उरांव को हिरासत में लिया गया




तथा इनलोंगों से गहराई से पूछताछ की गई। पूछताछ के कम में इनलोगों द्वारा आगजनी की घटना कारित करने की बात स्वीकार किये। तथा बताये कि 13.05.2024 को कंपनी के साईट पर जाकर मजदूर लोगों को धमकाये थे तथा चालक का मोबाईल लेकर चले गये थे उसी मोबाईल से ठिकेदार से दो लाख की रंगदारी की मांग किये थे अंत में ठिकेदार द्वारा 20 हजार रूपया देने का बात तय हुआ था। ठिकेदार के द्वारा वो भी पैसा हमलोगों को नहीं दिया गया। जिससे गुस्सा होकर आगजनी की घटना को अंजाम दिये थे। तथा घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों का नाम उजागर किये। अग्रतर पूछताछ के कम में यह भी बताये कि 19.03.2024 को हरहू बसरिया में बन रहे पुल में जे जेएमपी के प्रभात के नाम पर हथियार के साथ रंगदारी मांगने के लिए गये थे जहां कई मजदूर के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देकर मजदूरों का दो मोबाईल भी लूट कर ले गये थे। तथा ठिकेदार को रंगदारी देने के लिए धमकी दिये थे। इस संदर्भ में मैक्लुस्कीगंज थाना कांड (1) (ब्र) सी0एल0ए0 एक्ट दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उनके निशानदेही पर इनके पारा से लूटा हुआ मोबाईल, घटना में प्रयुक्त किया गया एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस, विभिन्न कंपनियों के गोबाईल, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल व अन्य समानों को बरामद किया गया है। मैक्लुस्कीगंज थाना ठित टीम में शामिल पदा0/कर्मीः राम नारायण चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक खलारी, विजय कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक खलारी अंचल, गोविन्द कुमार, थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज, अजीम अंसारी, थाना प्रभारी चान्हों, राकेश कुमार, पु0अ0नि0 मैक्लुस्कीगंज थाना, दीपक कुमार साव, पु0अ0नि0 मैक्लुस्कीगंज थाना, थाना सशस्त्र बल एवं सेट बल शामिल थे।

## भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं है मुख्यमंत्री में : दीपक प्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** जेल में बंद झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम से सभी विभाग वापस लिए जाने तथा उनको बर्खास्त नहीं किये जाने पर भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने नाराजगी व्यक्त किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता एक तरफ संविधान की रक्षा करने की बातें करते है तो वही दूसरी तरफ ये नेता भारतीय संविधान को ताक पर रख कर काम कर रहे हैं। इंडी गठबंधन के सहयोगी दल आम आदमी पार्टी के मुखिया सह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बन्द है और वही से सरकार चला रहे हैं। दूसरी तरफ झारखं? में भी इंडी गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस के कोटे से बने एक कैबिनेट मंत्री आलमगिर आलम भी भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले 24 दिनों से जेल में बन्द हैं। उन्होंने इस्तीफा नही दिया है। लेकिन धन्य है राज्य के मुख्यमंत्री श्री चम्पई सोरेन जी। उनके विभाग तो वापस ले लिया लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।आलमगीर बिना पोर्टफोलियो के मंत्री रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आजाद भारत के इतिहास में पहली बार घटित हो रही घटनाएं है। श्री प्रकाश ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या मुख्यमंत्री जी को डर है कि अगर आलमगीर आलम को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया तो वे सरकार के सारे राज इडी वालों को बता देंगे। श्री प्रकाश ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी को आलमगीर आलम को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाना चाहिये और जांच एजेंसियों को स्वतंत्र होकर कार्य करने देना चाहिए।

## पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करे झारखंड सरकार : इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन झारखंड प्रदेश ने पत्रकारों पर आए दिन हो रहे हिंसा और हमले की घटनाओं के मद्देनजर रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा को पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू किये जाने एवं पत्रकारों को टोल टैक्स में छूट मिले सम्बन्धी ज्ञापन दिया । उपायुक्त राहुल सिन्हा ने इसे सरकार के विशेष अधिकार का मामला बताया और सत्ता के शीर्षस्थ अधिकारी तक संबंधित बात पहुंचाने का इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के उपस्थित पदाधिकारीयों को आश्वासन दिया। संगठन के पदाधिकारीयों ने उपायुक्त को बताया कि पत्रकार किसी भी संस्थान में बेहद कम वेतन पर काम करते हैं, और उन्हें अपने काम के संबंध में विभिन्न जिला में जाना पड़ता है। इस क्रम में टोल रोड से पर होते जाने में उन्हें टोल टैक्स में अगर छूट मिल जाती है तो उन्हें अपने कर्तव्य के निर्वहन में निश्चित ही बहुत सहूलियत महसूस होगी। पत्रकार ही सरकार की सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हैं, तो सरकार से इतनी न्यूनतम सहयोग मिलने से पत्रकारों का मनोबल मजबूत बना रहेगा। उपयुक्त से संबंधित दिशा में उचित मदद करने का आग्रह किया गया। उपायुक्त ने भी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा, प्रदेश सचिव विजय दत्त पिंटू, महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु सिन्हा, रांची जिला अध्यक्ष विपिन सिंह, आनंद सिन्हा चंदन समेत अन्य उपस्थित रहे।

# चंपाई सोरेन जैसा रीढ़विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा: बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर बड़ा हमला बोला। कहा कि झारखंड ने चंपाई सोरेन जैसा रीढ़विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा। आलमगीर आलम के भ्रष्टाचार उजागर होने के बावजूद चंपाई सोरेन उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। कहा कि कठपुतली मुख्यमंत्री ने आलमगीर आलम के दायित्व वाले विभाग वापस लिए हैं लेकिन मंत्री पद से नहीं हटाया है।कहा कि बीते साढ़े चार साल झारखंड की जनता विशेषकर युवाओं के लिए भारी रहे हैं। झारखंड के युवा नौकरी की



आस में टकटकी लगाए बैठे रहे लेकिन हेमंत सोरेन ने स्थानीय युवाओं को नियोजन नीति, 60~40, बाहरी-भीतरी और पेपर लीक जैसे मुद्दों में उलझा कर नौकरियों की सौदेबाजी करने का प्रयास किया।कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद जनता को आस थी कि चंपाई सोरेन नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएंगे, भ्रष्टाचार को रोकेंगे, अपराधियों पर लगाम कसेंगे लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत। कहा कि अब जनता तय करे कि ऐसा मुख्यमंत्री किस काम का जो ना तो भ्रष्टाचारियों पर कारवाई करने की हिम्मत रखता हो, ना पेपर लीक माफियाओं को सबक सिखाने की हिम्मत रखता हो, ना ही युवाओं को रोजगार देने की इच्छाशक्ति हो।

# भाजपा आज मनाएगी सभी मंडलों में उत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एन डीए सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारी अंतिम चरण में है। पूरे देश से नव निर्वाचित सांसद गण दिल्ली पहुंच रहे हैं। साथ ही सभी प्रदेशों से पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी,मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष ,जिलों के अध्यक्ष,प्रभारी, लोकसभा ,विधानसभा क्षेत्र के संयोजक,प्रभारी सहित हजारों कार्यकर्ता 9 जून को तीसरी बार मोदी सरकार के भव्य शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे।इधर प्रदेश भाजपा ने झारखंड के सभी सांगठनिक मंडलों में शपथ ग्रहण के अवसर पर उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी मंडलों में आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता ने एन डी ए के पक्ष में जनादेश दिया है। कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया था जो साकार हो रहा है।कहा कि प्रदेश से भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भ्रष्ट , निकम्मी और तुष्टिकरण में आकंठ डूबी ठगबंधन सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। जनता विधानसभा चुनाव का बेसब्री से इंतज़ार कर रही है।

# रांची जिला प्रशासन ने जमा हथियार वापस ले जाने का आदेश जारी किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए लाइसेंसी हथियार धारकों से हथियार जमा करवाये थे। चुनाव संपन्न होने के बाद प्रशासन ने शनिवार को जमा हथियारों को वापस ले जाने का आदेश जारी किया है। रांची में लगभग 3417 लाइसेंसधारी हैं, जिनमें से लगभग 2288 लोगों ने अपने लाइसेंस जमा करवाये थे। वहीं 525 लाइसेंस धारकों को छूट दी गयी थी। लोकसभा चुनाव को लेकर



20 मार्च को रांची जिला प्रशासन लाइसेंस जमा करने का आदेश जारी किया था।जिसमें 30 मार्च तक हथियारों का सत्यापन किया जाना था। लाइसेंस जमा नहीं कराने वाले 396 लाइसेंसधारियों के लाइसेंस, जिला प्रशासन ने शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए रद्द कर दिये थे।

**रांची में लगभग 3417 लाइसेंसधारी हैं, जिनमें से लगभग 2288 लोगों ने अपने लाइसेंस जमा करवाये थे। वहीं 525 लाइसेंस धारकों को छूट दी गयी थी।**

# विशेष लोक अदालत में 115 केस निष्पादित, 4.87 करोड़ का सेटलमेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत में शनिवार को 115 मामलों का निष्पादन कर 4.87 करोड़ की राशि प्राप्त की गयी। इस राशि को पीड़ितों और पीड़ितों के आश्रितों के बीच बांटा गया। न्यायायुक्त के हाथों भी पक्षकारों के बीच चेकों का वितरण किया गया।

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट



के प्रधान न्याययुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन पर मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत लगायी गयी। तीन जून से सात जून तक रांची के व्यवहार न्यायालय परिसर में पक्षकारों के साथ मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों पर समझौते के लिए प्री-लोक अदालत की बैठक आयोजित की गयी। इस विशेष लोक अदालत (मोटर दुर्घटना दावा मामले) के लिए एक बेंच का गठन किया गया था।

इस विशेष लोक अदालत में कुल 500 चिह्नित वादों को निष्पादन के लिए बेंच के समक्ष रखा गया, जिनमें से कुल 115 वादों का निष्पादन किया गया और 4,87,45,000 (चार करोड़, सतासी लाख पैंतालिस हजार) की राशि प्राप्त की गयी।

# अवकाश के बाद कल से खुलेगा हाई कोर्ट, हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी होगी सुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ग्रीष्मावकाश के बाद 10 जून (सोमवार) से झारखंड हाई कोर्ट की कार्यवाही पूर्व निर्धारित रूप से चलेगी। हाई कोर्ट की सभी बेंच में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं 10 जून को ही जमीन घोटाले मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मामले में अब तक ईडी का जवाब नहीं आया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की बेंच में शाम चार बजे होगी। हाई कोर्ट के कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मावकाश 20 मई से सात जून तक निर्धारित था।

## सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में अनियमितता को लेकर जांच के आदेश

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं के संबंध में दैनिक अखबारों में प्रकाशित खबरों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं के संबंध प्रकाशित खबरों की जांच कर 24 घंटे के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश उप समाहर्त्ता, भूमि सुधार सदर, रांची को दिया गया है।

# एनएमएल ने सिपेट, रांची में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए परियोजना प्रभावित युवाओं को किया प्रायोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कौशल विकास आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस संबंध में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची ने केंद्रीय पेट्रोरसायन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी), रांची के सहयोग से कौशल विकास के लिए झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और इसके आसपास के क्षेत्र से 25 लड़कियों सहित 80 परियोजना प्रभावित




युवाओं को प्रायोजित करने के लिए अपने सीएसआर के तहत पहल की है। प्रशिक्षण के दौरान, सिपेट युवाओं को दो पाठ्यक्रमों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेगा, अर्थात मशीन ऑपरेटर ङ्क प्लास्टिक प्रसंस्करण और मशीन ऑपरेटर ङ्क इंजेक्शन मोल्डिंग। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के ग्रामीण छात्रों-सह-परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को प्रोत्साहित करने के लिए, रजनीश रस्तोगी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने हाल ही में प्रवीण बछव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सिपेट, रांची की गरिमामयी उपस्थिति में सिपेट में 6 महीने की अवधि के लिए प्लास्टिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों पर कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए नामांकित छात्रों के साथ बातचीत की।

# ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, पुलिस उपाधीक्षक नगर केवी रमन , थाना प्रभारी लालपुर थाना आदि कांत के निर्देशन में एक छापामारी टीम कागठन किया गया, जिनके निर्देश पर छापामारी दल द्वारा मोराबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास एक लड़का दीपक टंडन को एक अवैध 7.65 पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी जमातलाशी लेने परउसके पास से 13 भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का एटीएम कार्ड बरामद हुआ, जिस संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ये ऑनलाईन जुआ खेलवाते है, जिसके लिए इन्होंने बरियातु थाना के ईशा अपार्टमेंट तथा जय जगरनाथ अपार्टमेंट में क्रमशः 16,500/-रू0 तथा 14,000/-रू0 में रूम भाड़ा पर लिया है तथा दोनों जगहो पर लड़को को सारी सुविधा के साथ रखकर ऑनलाईन जुआ खेलवाते है। इन दोनों जगहो पर छापामारी करने पर कुल 07 लोगों की गिरफ्तारी हुई तथा उनके कमरो से निम्नांकित सामान बरामद हुए। इसके




अतिरिक्त दोनों जगहो पर कुल मिलाकर करीब 150-200 शराब की खाली बोतले कमरो में मिली। सभी ने पुछताछ में बताये कि दीपक टंडन तथा सुभम कुमार इसके संचालक है। शेष लोग 25,000/- से 30,000/-रू0 के वेतन पर आवास, खाने पीने तथा अन्य सुविधा के साथ काम करते है। इन लोगों ने प्रति सप्ताह लगभग 10-15 लाख का अवैध जुआ का धंधा कराने की बात बताये है। इन लोगों के द्वारा स्टार एक्सचेंज, लोट्स-999 साईट्स के माध्यम से जुआ खेलवाते थे।

गिरफ्तार अपराध कर्मियों का नाम-पता ~दीपक टंडन, सुभाष चौक (क्वाटर), थाना बेरमो, जिला बोकारो। स्थायी पता-सा0 सरशिवा,थाना-सरशिवॉ, जिला बलोदा बजार, (छतिसगढ)।सुभम कुमार, पतरातु, बाजार (राम मंदिर के पास), थाना पतरातु, जिला राम मंदिर के पास), थाना पतरातु, जिला रामगढ़ । विनय कुमार, पतरातु, टीचर्स कॉलोनी, जयनगररोड़, थाना पतरातु, जिला रामगढ,निरज कुमार रजवार, रजवार टोला, थाना बालीडीह, जिला बोकरो, वर्तमान पता- सा0 सुभाषनगर, सुभाष चौक (क्वाटर), थाना बेरमो, जिला बोकारो।विकास कुमार, पतरातु बजार, (राम मंदिर के पास), थाना पतरातु, जिला रामगढ,राहुल कुमार, सण्डेबाजार, लम्बीसेंटर, थाना गांधीनगर, जिला बोकारो, सागर कुमार, जिला बोकारो, आदित्य कुमार, बोकारो शामिल हैं।

**छापा मारी टीम :** पुअनि हिरालाल साह, स0अ0नि0 विकास कुमार सिंह,पुअनि पंकज कु0 शर्मा, पुअनि महेश कु कुशवाहा, हवलदार सूर्य बहादुर थापा

## नगर विकास के नगर निकायों में पर्यावरण पखवाड़ा का शुभारंभ, 22 तक होंगे कई कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राज्य के सभी नगर निकायों में पर्यावरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। यह पखवाड़ा 6 जून से शुरु होकर 22 जून को समाप्त होगा। इस पखवाड़ा के तहत राज्यभर में कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं और लोगों को परायवरण के प्रति जागरुक करनें के साथ साथ अधिक पौधारोपण,जल संचयन और मिट्टी के संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में आम लोग भी प्रावरण फ्रेंडलीं हो इसके लिए स्वस्थ जीवन और योगाभ्यास को नित्त प्रतिदिन के जीवन शैली में शामिल करनें पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में रांची स्मार्ट सिटी परिसर में तीन दिनों तक की सरकारी व नीजी विद्यालयों के बच्चों को योगाभायास कराया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन भी बच्चों नें पतंगासन, शिशुपालन आसन उड्डुयानाबंधा इत्यादि आसन की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में नगर विकास विभाग, स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए और उन्हें भी ईशा फुंडेशन की ओर से योगा सिखाया गया।

# विकास का पोल खोलते गांव की जर्जर सड़कें हमें आश्वासन नहीं सड़क चाहिए : ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूरी पर स्थित कराँजी पंचायत के जराटोली गांव में लगभग 3 किलोमीटर लम्बी मुख्य सड़क की स्थिति जर्जर है। इस सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने बीडीओ, विधायक, सांसद को आवेदन देकर निर्माण का मांग किया है। लेकिन अबतक निर्माण नहीं हो पाया है। इसे बनाने को लेकर सरकारी अफसरों व जनप्रतिनिधियों ने कोई दिलचस्पी नहीं ली जिस कारण गांव वाले नेता अफसर के नाम से चिढ़ते हैं। लम्बे अरसे के बीच स्थानीय सता में कई बार परिवर्तन हुए, पर सड़क में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। केंद्र व राज्य सरकारें भले ही ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का ढिढोंरा पीटती हो किंतु जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। माण्डर विधान सभा क्षेत्र के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने 11जुलाई 2022 को पत्रांक संख्या 4/आरएएन/22 में ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची को पत्र लिखकर वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कराँजी काला रोड से जराटोली होते हुए दिघिया मिशन तक के सड़क निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर अनुशंसा की थी। लेकिन ये योजनाएं कागजों में ही सिमट कर रह गया। इस सड़क पर बने गढ्डों से बरसात ही नहीं, गर्मी के दिन में भी चलना



मुश्किल हो जाता है। बरसात के मौसम में तो सड़क नाली में तब्दील हो जाता है। बरसात के दिन सड़क में हजारों की आबादी वाले गांव के लोग हर दिन भगवान का नाम लेकर चलना पड़ता है। सन 1999 में मोरमी कारण कर कच्ची रोड बनाकर छोड़ दिया गया है 25 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक पक्का सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। मेहनत मजदूरी करने वाला गांव के अधिकतर लोग सुबह होते ही रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे गांव निकल जाते हैं। सड़क के बनने से गांव में रोजगार के नये द्वार खुलते। ग्रामीणों का कहना था कि वोट मेरा अधिकार है। पर हम अगला चुनाव का वोट उसी पार्टी को देंगे जो जराटोली गांव के सड़क को बनवाएगा। हमलोग सरकार से आश्वासन सुनना नहीं चाहते। हमें पक्की सड़क चाहिए। पंचायत की मुखिया फ्रांसिस्का मिंज का कहना है की इस सड़क के निर्माण में करोड़ों की लागत आएगी। और पंचायत फंड के 15वें वित्त से पूरा सड़क का निर्माण संभव नहीं है। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अमीन अंसारी का कहना है कि लम्बे अरसे से सड़क के नहीं बनने के कारण जर्जर हो गया है। सड़क के जमीन को ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इस सड़क के बन जाने पर लगभग चार से पांच टोला के लोग लाभांवित होंगे। साथ ही इस सड़क से एक किलोमीटर की दूरी पर कराँजी डैम व श्मशान घाट का भी सड़क जर्जर स्थिति है। हमने अपने स्तर से अथक प्रयास किया। लेकिन अबतक नहीं बन पाया है। अंजुमन के पूर्व सेक्रेट्री मनीरूद्दीन अंसारी ने कहा कि पुरे मांडर विधानसभा क्षेत्र में जराटोली गांव एक अलग महत्व रखता है। लेकिन दुर्भाग्य या विडंबना है कि आज भी हमलोग बाबा आदम जमाने की बनी सड़क में चलते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान गांव में आए झारखंड सरकार के समन्यवयक समिति के सदस्य सह कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहे थे कि जबतक हम इस गांव के सड़क को नहीं बनवाएंगे तबतक हम वोट मांगने दुबारे नहीं आएंगे। अब देखना है कि कबतक इस गांव की सूरत और सीरत बदलती है।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया लापुंग सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**लापुंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लापुंग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, बैम एवं बीपीएम मरीजों को उनके हालत में छोड़ अपने काम में इधर-उधर चले जाते हैं। जिसके कारण मरीजो का सही देख रेख एवं सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। इससे वहां के लोगों में काफी नाराजगी भी है। इसकी जानकारी पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा पता चलने पर स्थानीय विधायक माननीय श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औपचारिक निरीक्षण कर सभी कमियों को जानने का प्रयास किया, निरीक्षण के दौरान अस्पताल की हालत खराब देखकर नाराजगी दिखाते हुए सभी स्टाफ को बुलाकर फटकार लगाई। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मज्य पाठक, फिरू साहू, गंगी जी, चरकु भगत, दुर्गा भगत एवं अन्य उपस्थित रहे।।

# अग्निवीर मे चयनित होने वाले गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के दो एथलेटिक्स खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के दो एथलेटिक्स खिलाड़ी अभय कुमार नायक एवं प्रियांशु प्रताप सिंह का अग्निवीर मे चयनित होने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार छः माह पूर्व दो का चयन किया गया था,जिसके बाद शनिवार को राय पंहुचने पर गाजे बाजे के साथ स्थानीय ग्रामीणो ने दोनों का भव्य स्वागत किया।अग्निवीर मे चयनित होने के बाद दोनो पिछले छः माह से प्रशिक्षण मे थे।प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद ये दोनों एथलेटिक्स



खिलाड़ी पहली बार आर्मी अग्नि वीर जवान बनकर अपने गांव वापस आये।

इस खुशी में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव सह खेलकूद प्रशिक्षक गणेश कुमार के नेतृत्व में गाजे बजे के साथ ग्रामीणों के बीच मे पुष्प गुच्छ एवं माला पहान कर गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के कार्यालय में स्वागत किया गया।इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खलारी थाना के सहायक अवर निरीक्षक राजकिशोर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राय पंचायत की मुखिया शीला देवी,दशरथ महतो,दुर्गा प्रसाद महतो, संतोष प्रजापति,नरेश महतो, संतोष महतो,कालेश्वर महतो, मद्रासी,संदीप महतो,कुमार गौरव,अमित महतो,लोकन महतो,रेखा देवी,सीता देवी, मालती देवी,बसंती देवी, अनुवा देवी,समुद्री देवी सहित काफी संख्या मे स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।क्लब के सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि पहली बार राय गांव से आर्मी अग्निवीर के लिए दो खिलाड़ियों का चयन किया गया।यह राय पंचायत के लिए गौरव की बात है।

## एक दिवसीय श्रीराम चरित मानस पाठ व प्रवचन का आयोजन

**मुरी :** छोटा मुरी टुंगरी धार में एक दिवसीय श्री राम चरित् मानस पाठ व प्रवचन का आयोजन किया गया! सर्वप्रथम महिलाओं ने पीले वस्त्र पहनकर कलश लेकर पद यात्रा करते हुए स्वर्णरेखा नदी पहुंचे ! स्वर्ण देखा नदी में बंगाल से आए हुए पुजारी विष्णु दास गोस्वामी द्वारा विधीवत पूजा अर्चना किया गया साथ ही कलश में जल भरकर सभी जय श्री राम के नारा लगाते हुए छोटा मोरी टुंगरी धार पूजा स्थल पर पहुंचे एवं पूजा अर्चना कर आरती की गई। साथ ही दोपहर में भक्तों के बीच भंडारा का आयोजन किया गया! संध्या सात बजे से बंगाल से आई हुई अष्टमी महतो, विजय महतो, एवं सोनाहातु की रेखा पान्डेय के द्वारा श्री राम चरित मानस पाठ व प्रवचन दिया गया! इस प्रवचन में आसपास के ग्राम वासियों की काफी भीड़ जमी रही ! प्रवचन समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया साथ ही भंडारे का भी व्यवस्था किया गया! इस चरित्र मानस पाठ व प्रवचन को सफलतापूर्वक से सहयोग करने में समस्त ग्राम वासियों का काफी सराहनीय योगदान रहा ।

## ब्राम्बे में लाइफ़ केयर हेल्थ सेंटर का उद्घाटन

**मांडर :** मांडर प्रखंड स्थित ब्राम्बे में लाइफ़ केयर हेल्थ सेंटर का उद्घाटन आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर हेल्थ सेंटर के निदेशक मोहम्मद फिरोज ने बताया कि विदेशी व आधुनिक मशीनों द्वारा डायबिटीज, कब्ज, लीकोरिया, ब्लड प्रेशर, गैश, त्वचा रोग, हार्ट अटैक आर्थराइटिज, मोटापा, लकवा, सरवाईकल, सिर दर्द, थकावट, सांस फुलना, थायरॉइड, माइग्रेन, जोड़ो का दर्द, पेट के सभी रोग, गर्दन दर्द, कमर दर्द नस का दबना, सायटिका का दर्द, गुर्दे का दर्द, मिर्गी का दौरा, बवासीर, स्त्रीरोग, लीकोरिया, बांझपन, गुप्त रोग आदि सभी रोगो का इलाज लाइफ़ केयर हेल्थ सेंटर में किया जाएगा। मौके पर यूपी रामपूर के डां जावेद रजा और लखनऊ के डां सहीम ने लोगों को अच्छी सेहत के लिए कई टिप्स दिया। वहीं सेंटर में अनेकों लोगों का मुफ्त चेकअप किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, RANCHI.**
**(ROOM NO-503, JAL BHAWAN, DORANDA-834002)**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**

**Notice No.- 02/2024-25**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ Authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN on materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 10.06.2024 at the 11:30hrs. to 18.06.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 19.06.2024 at 16:00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

PR 325488 (Water Resource) 24-25 (D)

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची

अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–01/2024-25/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.दिनांक–07.06.2024

| क्र0 | 1. कार्य का नाम | 2. प्राक्कलित राशि (रू0) | 3. कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| i | Renovation of Common Toilet of Engineering Hostel No-2, at HEC, Dhurwa, Ranchi. | रू0 77,99,900/– (सतहत्तर लाख निनानबे हजार नौ सौ ) रूपये मात्र। | 4 (चार) माह |
| ii | Proposed Construction of Bedroom Inter Connected Bridge Miscellaneous Work in the Campus of F-33 (Ex C.M Residence) at Sector-3, H.E.C, Dhruwa, Ranchi. | राशि रू0 99,88,500.00/– ( निनानबे लाख अठ्ठासी हजार पॉच सौ ) रूपये मात्र। | 6 (छः) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 14.06.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | 21.06.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | | 22.06.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची।

PR 325542 Building(24-25)D

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के रिक्ति संबंधित सूची :–**

| क्र0 स0 | बाल विकास परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र में जाति बाहुल्य (ST/SC/OBC/Other) | निर्धारित तिथि एवं समय | आमसभा स्थल | चयन समिति के अध्यक्ष | प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिमडेगा | सिमडेगा | कुल्लूकेरा – 1 | सेविका | OBC | 24-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा |
| 2 | सिमडेगा | सिमडेगा | फरसाबेड़ा – 1 | सेविका | ST | 24-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा |
| 3 | सिमडेगा | सिमडेगा | सेवई खुँटीटोली | सेविका | ST | 25-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | अंचल अधिकारी, सिमडेगा |
| 4 | सिमडेगा | सिमडेगा | सेवई खास | सहायिका | ST | 25-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | अंचल अधिकारी, सिमडेगा |
| 5 | सिमडेगा | सिमडेगा | बीरू लोहराटोली | सेविका | ST | 26-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 6 | सिमडेगा | सिमडेगा | बराबरपानी | सेविका | ST | 26-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 7 | सिमडेगा | सिमडेगा | मैनाबेड़ा | सेविका | ST | 27-06-2024 11:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 8 | सिमडेगा | सिमडेगा | मैनाबेड़ा | सहायिका | ST | 27-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 9 | सिमडेगा | सिमडेगा | प्रिंस चौक | सेविका | ST | 27-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 10 | सिमडेगा | सिमडेगा | कसाईदोहर | सेविका | ST | 28-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 11 | सिमडेगा | सिमडेगा | तिर्रा भण्डारटोली | सहायिका | ST | 28-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | अंचल अधिकारी, सिमडेगा |
| 12 | सिमडेगा | सिमडेगा | रामजानकी मंदिर | सहायिका | OBC | 29-06-2024 11:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 13 | सिमडेगा | सिमडेगा | बाजारटोली | सहायिका | ST | 29-06-2024 02:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 14 | सिमडेगा | सिमडेगा | टैसेरा – 1 | सेविका | OBC | 01-07-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा। | |
| 15 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | कुसुमबेड़ा | सेविका | ST | 24-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | अंचल अधिकारी, ठेठईटांगर |
| 16 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | चांगुरबेड़ा | सेविका | ST | 24-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | अंचल अधिकारी, ठेठईटांगर |
| 17 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | कोनसेरा बसार | सेविका | ST | 25-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 18 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | बाघचट्टा भण्डारटोली | सेविका | ST | 25-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 19 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | देवबहार भण्डारटोली | सेविका | ST | 26-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 20 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | अम्बापानी पहानटोली | सहायिका | ST | 26-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 21 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | ऑवराबहार बड़काटोली | सेविका | ST | 27-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 22 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | ताराबोगा भण्डारटोली | सहायिका | ST | 27-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 23 | ठेठईटांगर | ठेठईटांगर | खिजुरबेड़ा | सहायिका | ST | 28-06-2024 11:00:AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | सहायक निदेशक–सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ठेठईटांगर। | |
| 24 | कुरडेग | कुरडेग | हिनगीर | सेविका | ST | 24-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग। | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कुरडेग |
| 25 | कुरडेग | कुरडेग | आसनबेड़ा | सहायिका | ST | 24-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग। | |
| 26 | कुरडेग | कुरडेग | सिरघाघटोली | सेविका | ST | 25-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग। | |
| 27 | कुरडेग | कुरडेग | आमकानी | सेविका | ST | 25-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग। | |
| 28 | कुरडेग | कुरडेग | उरूमकेला | सेविका | ST | 26-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | अंचल अधिकारी–सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुरडेग। | |
| 29 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | कदमटाड़ | सेविका | ST | 24-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | अंचल अधिकारी, कोलेबिरा |
| 30 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | छगरबंधा | सेविका | ST | 24-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | |
| 31 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | पोगलोया गिरजाटोली | सेविका | ST | 25-06-2024 11:00:AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | अंचल अधिकारी, कोलेबिरा |
| 32 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | बोकबा | सहायिका | SC | 25-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | |
| 33 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | लसिया किसानटोली | सहायिका | ST | 26-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | |
| 34 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | छोटकाटोली | सहायिका | OBC | 26-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | |
| 35 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | शिवनाथपुर | सहायिका | ST | 27-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | |
| 36 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | कोम्बाकेरा गंझूटोली | सहायिका | ST | 27-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोलेबिरा। | |
| 37 | बोलबा | बोलबा | तलमंगा घासीटोली | सहायिका | ST | 25-06-2024 11:00: AM | पंचायत भवन पिड़ियापोछ | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोलबा। | |
| 38 | बानो | बानो | सुमिंगबेडा गंझूटोली | सेविका | ST | 24-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 39 | बानो | बानो | लामगढ़ | सहायिका | ST | 25-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो | |
| 40 | जलडेगा | जलडेगा | कच्छुपानी | सेविका | ST | 24-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 41 | जलडेगा | जलडेगा | बाँसजोर सहाराटोली | सेविका | ST | 24-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 42 | जलडेगा | जलडेगा | पतिअम्बा सरईटोली | सेविका | ST | 25-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 43 | जलडेगा | जलडेगा | केलुगा भंडारटोली | सेविका | ST | 25-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 44 | जलडेगा | जलडेगा | पोमिया खास | सेविका | ST | 26-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 45 | जलडेगा | जलडेगा | जनोदा | सेविका | ST | 26-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 46 | जलडेगा | जलडेगा | जनोदा | सहायिका | ST | 26-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 47 | जलडेगा | जलडेगा | कोलोमडेगा पहानटोली | सेविका | ST | 27-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 48 | जलडेगा | जलडेगा | गांगुटोली | सेविका | ST | 27-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 49 | जलडेगा | जलडेगा | कुलामारा डुमरमुण्डा | सहायिका | ST | 28-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 50 | जलडेगा | जलडेगा | कुलामारा | सेविका | ST | 28-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 51 | जलडेगा | जलडेगा | पतरापाली | सेविका | ST | 29-06-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 52 | जलडेगा | जलडेगा | गिनीकेरा | सहायिका | ST | 29-06-2024 02:00: PM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 53 | जलडेगा | जलडेगा | तिलैजारा | सहायिका | ST | 01-07-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |
| 54 | जलडेगा | जलडेगा | ओड़गा खास | सहायिका | ST | 02-07-2024 11:00: AM | आँगनबाड़ी केन्द्र परिसर | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जलडेगा | |

उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा

PR 325606Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# बिष्टुपुर पीएम मॉल के समीप दो बाईकों में जबरदस्त टक्कर, दो घायल, एक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के पीएम मॉल के पास शुक्रवार देर रात दो बाईकों के बीच में आमने-सामने की टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो घायल हो गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दोनों बाइक सवार दूर जा गिरे और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी. घायलों में एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है. मौके पर पहुंची पीसीआर की टीम ने गंभीर रूप से घायल एक युवक को टीएमएच भिजवाया. जबकि मृत युवक के शव को एमजीएम के शीत गृह में रखवा दिया. मृतक की पहचान कदमा राम जनक नगर निवासी रविरंजन कुमार के रूप में हुई है. वहीं गंभीर रूप से घायल युवक जुगसलाई इस्लामनगर का रहने वाला मोहम्मद कबीर है. घटना कबीर के साथ बाइक पर बैठे एक युवक को मामूली चोट आई है जिसे पुलिस थाना में रख कर पूछताछ कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार रविरंजन कुमार पीएम मॉल होते हुए आदित्यपुर की ओर जा रहा था, जबकि मोहम्मद कबीर व उसका साथी आदित्यपुर से होते हुए गलत दिशा से बिष्टुपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था. मॉल के पास दोनों की बाइक की आपस में जोरदार टक्कर हो गयी. दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गयी. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोहम्मद कबीर व उसका साथी काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे. शनिवार को रवि रंजन का पोस्टमार्टम कराया गया.

## जिले में चल रहें विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# पदाधिकारी फील्ड विजिट कर लंबित योजनाओं को निर्धारित समय पर करें पूरा : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सभी कार्यालय प्रधान के साथ विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि जितनी भी योजनायें लंबित हैं उन्हें समय से पूरा करायें, गुणवत्ता से समझौता नहीं हो इसे सुनिश्चित करेंगे। वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।



समीक्षा के क्रम में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, आईटीडीए, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, पेयजल एवं स्वच्छता, खनन, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम नियोजन एवं कौशल विकास समेत नगरीय विकास, पथ, पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद समेत सभी अन्य सभी विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में अधतन स्थिति की समीक्षा की गयी। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार विकास और जनहित के कार्यों में अपेक्षित तेजी लाना है। पदाधिकारी फिल्ड विजिट करें जिससे की योजनाओं की जमीनी हकीकत पता चले और उसी हिसाब से रणनीति बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का टाइमलाइन तय है, अगर योजनाओं में देर होती है तो किस स्तर पर कितना विलंब हुआ, इसकी भी जानकारी उपायुक्त कार्यालय को दें। योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं या नहीं, गुणवत्ता के साथ काम हो रहा है या नहीं, इसका सत्यापन कराया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने पेयजल, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा विभागीय योजनायें, सामुदायिक वन पट्टा वितरण, खनिजों के अवैध खनन के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई पर बल देते हुए निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों के बीच तालमेल हो, ताकि बेहतर क्रियान्वयन किया जा सके। जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी बीडीओ, सीओ नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि उसमें अगर किसी प्रकार की समस्या आए तो उसका समाधान निकाला जा सके एवं समयबद्ध रूप से योजनाओं को पूर्ण किया जा सके ।

## बहरागोड़ा में हाइवा की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 18 पर महेशपुर चौक स्थित मन्नत होटल के समीप शुक्रवार की रात हाइवा की चपेट में आने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गुहियापाल पंचायत के नूतनडीह गांव निवासी गंगाधर राणा (33) के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान गुहियापाल पंचायत के छोटा आसनबोनी गांव निवासी रामेश्वर मुंडा (37) के रूप में की गयी है। पुलिस ने शनिवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला भेजा है। पुलिस द्वारा हाइवा को जब्त कर लिया गया है एवं जांच पड़ताल में जुट गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गंगाधर राणा और रामेश्वर मुंडा राजमिस्त्री का काम करके साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। तभी सड़क पार करते समय दोनों एक हाइवा की चपेट में आ गये। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा ले गये, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद गंगाधर राणा को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामेश्वर मुंडा का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीआरएम मेडिकल कॉलेज बारीपादा रेफर कर दिया।



## पीएम मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने कोल्हान भाजपा के जिलाध्यक्ष दिल्ली रवाना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर नया इतिहास बनाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के इस तीसरे शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कई खास मेहमानों के बीच जमशेदपुर महानगर के भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के इस तीसरे शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी कोल्हान के कई भाजपा नेता भी बनेंगे। शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची से दिल्ली रावाना हुए। इस दौरान उनके साथ पुर्वी सिंहभूम ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंडीचरण साव एवं सरायकेला जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव भी मौजूद रहे। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि उनके लिए यह काफी गौरव का पल है कि जब वे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते देखेंगे।



## झामुमो नेता सुभाष कर्मकार की तबीयत बिगड़ी, टीएमएच में भर्ती

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के लावा गांव निवासी झामुमो नेता सह जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के करीबी सुभाष कर्मकार की तबीयत शुक्रवार की रात को अचानक बिगड़ जाने की वजह से शनिवार को उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में बेलटांड़ निवासी कांग्रेस के युवा नेता विश्वामित्र दास ने बताया कि लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी के दौरान कड़ी मेहनत करने की वजह से पिछले तीन दिनों से वह अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने बताया कि संभवतः लू लगने की वजह बदन दर्द व कमजोरी की शिकायत थी एवं स्थानीय चिकित्सक से चिकित्सा कराने के बावजूद स्थिति में सुधार होने के बजाय शुक्रवार की रात से तेज बुखार व पेट में दर्द होने की वजह से सुबह में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने जांच के बाद पीलिया होने की जानकारी देते इलाज शुरू कर दी है। मौके पर उनके साथ झामुमो कार्यकर्ता स्वपन कुमार महतो, मिलन दास व माणिक महतो आदि मौजूद हैं।



## इंडेन एलपीजी ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्लम एरिया के इंडेन एलपीजी उपभोक्ताओं को सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराने के उद्देश्य से गम्हरिया के सालडीह बस्ती में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से आईओसी की प्लांट हेड प्रतिभा तिर्की, एरिया सेल्स मैनेजर शकील अहमद और इंडेन के अधिकृत डीलर केपी सोरेन मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने दर्जनों घरों में जाकर गैस पाइप की जांच की तथा सिलेंडर व चूल्हा के रख-रखाव एवं उपयोग की तरीको से महिलाओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समय पर गैस पाइप नहीं बदलने से बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनता है। इस मौके पर कांदे हेंम्ब्रम, रंजीत, जगदीश समेत काफी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित थी।

# नगीना से चन्द्रशेखर आज़ाद की जीत में काशिफ़ ने अहम योगदान दिया, हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** नगीना लोकसभा से आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले और नगीना लोकसभा में 4 महीने से अधिक समय देने वाले पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी के आज जमशेदपुर आगमन पर पार्टी के कार्यकताओं ने उनका स्वागत ज़ाकिरनगर में धूमधाम और आतिशबाज़ी से किया, इस बीच पत्रकारों से बात करते हुए काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने कहा कि मैं इस ऐतिहासिक जीत को नगीना और देश की जनता को समर्पित करता हूँ, उन्होंने कहा की यह ऐतिहासिक जीत राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद जी के संघर्षों की जीत है, उनके त्याग, बलिदान और संकल्प की जीत है, और सत्ता और पैसे के अहंकार में चूर उन पार्टियों की हार है। पूरे देश से आये पार्टी के हज़ारों कार्यकर्ताओं ने, पार्टी के पदाधिकारियों ने नगीना की स्वाभिमानी जनता ने दिन रात मेहनत कर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को ऐतिहासिक जीत दिलाई। हमने इस जीत को देश के ग़रीब, शोषित, वंचित, मज़दूर, किसान, मेहनतकश, मज़लूमों, युवाओं, महिलाओं और अपनी बहनों को समर्पित किया है। उन्होने इस ऐतिहासिक जीत दिलाने में झारखंड भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने समस्त झारखंड के भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जीत की बधाई दी। आज के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमशेदपुर के नगर अध्यक्ष नासिक अंसार, सराईकेला प्रभारी इम्तियाजुद्दीन, ज़िला प्रवक्ता सुरजीत सिंह, उपाद्यक्ष सुन्नी सामद, युवा अध्यक्ष मज़हर खान, युवा महासचिव जिब्रान सिद्दीकी, उपाध्यक्ष शमीम अकरम, कोषाध्यक्ष दिलशाद अख्तर,कोपाली अध्यक्ष शहीद रज़ा, उपाध्यक्ष मुहम्मद अंसार, संगठन सचिव शोएब, युवा सचिव अजिंक्य बिरुआ , युवा उपाध्यक्ष आफताब पठान, पार्टी के वरिष्ठ नेता सोनू कालिंदी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## टाटा स्टील आर्काइव्स : टाटा स्टील की विकासशील यात्रा का संरक्षक

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील आर्काइव्स में कदम रखते ही आप खुद को एक बार फिर से भारत की औद्योगिक क्रांति के जन्मस्थान में पाते हैं। देश के पहले व्यावसायिक आर्काइव्स में से एक, यह एक रियल टाइम कैप्सूल है, जो टाटा स्टील की उल्लेखनीय यात्रा को संरक्षित करता है। जमशेदपुर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में स्थित यह संग्रह कंपनी के इतिहास, नवाचार और अग्रणी भावना को संरक्षित करने की स्थायी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसकी दीवारों के भीतर 15 लाख मूल दस्तावेज हैं, जो 1890 से 2022 तक कंपनी के विकास की एक आकर्षक झलक पेश करते हैं। इस संग्रह में जे एन टाटा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और सर एम विश्वेश्वरैया के पत्र हैं। अन्य ऐतिहासिक रूप से संरक्षित दस्तावेजों में टाटा स्टील का प्रॉस्पेक्टस शामिल है, जब कंपनी पंजीकृत हुई थी, इसके अतिरिक्त डाक टिकट, शुरुआती टाऊन प्लानिंग मैप्स, चार्ल्स पेज पेरिन की डायरी और शुरुआती कल्याणकारी योजनाएँ शामिल हैं। इन अभिलेखीय रत्नों को सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया है, जिनमें से कई को डिजिटल भी किया गया है, जिससे उन्हें अधिक सुलभ बनाया जा सके। टाटा स्टील आर्काइव्स सिर्फ ऐतिहासिक कलाकृतियों का एक संग्रह मात्र नहीं है; वे कंपनी की अद्वितीय सोच और दूरदर्शिता के लिए एक जीवंत प्रमाण हैं। इन हॉल में भारत के औद्योगिकीकरण की धड़कन देखी जा सकती है - आयरन और स्टील मेकिंग का विकास, कंपनी के प्रशासन का व्यवसायीकरण और मानव संसाधन नीतियों का विकास, जिसने कॉर्पोरेट भारत के लिए मानक स्थापित किए हैं।



## शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट

# जेसीए येलो ने केसीए और जेसीए ब्लूज ने देवेंद्र माँझी सीकेपी को हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा के शहीद निर्मल महतो स्टेडियम में खेले जा रहें शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी के एक मैच में जेसीए येलो की टीम ने कदमा क्रिकेट अकादमी को 37 रनों से हरा दिया. जेसीए येलो ने 147 रन के जवाब में रॉयल क्रिकेट अकादमी की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 110 रन ही बना सकी। केसीए के तरफ़ से गुरजीत सिंह ने 52 रन बनाये. जेसीए यैलो से रौनक़ कुमार ने 59 रन एवं रणवीर ने 3 विकेट लिया और संयुक्त मैन ऑफ़ द मैच बने. दिन का दूसरा मैच देवेंद्र माँझी सीकेपी बनाम जेसीए ब्लूज के बीच खेला गया. देवेंद्र माँझी सीकेपी पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी जेसीए ब्लूज की टीम ने यह लक्ष्य 11.3 ओवर में 72/3 यह लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से मैच जीत कर अपनी पहली जीत दर्ज की. मोहित और आयुष्मान ने 18-18 रन बनाये. आयुष्मान अनन्य 3 विकेट को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।



## खूंटी के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा जीत के बाद पहली बार पहुंचे खरसावां, बोले

# जनता का सांसद बनकर जनता का करेंगे सेवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खूंटी लोकसभा सीट से नव निर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा जीत के बाद आज खरसावां पहुंचे। यहां इंडिया गठबंधन के कांग्रेस और झामुमों कार्यकर्ताओं ने उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया। नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा के खरसावां पहुंचते ही विधायक दशरथ गागराई ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया। इसके पूर्व कुचाई के पुनीसीर हॉट मैदान,दलभंगा,कुचाई, चीरूडीह, बडाबाम्बों,खरसावां,खूंटपानी के पाड्राशाली आदि जगहो में झामुमों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उन्हें माल्यार्पण कर और पारंपरिक तरीके से हाथ धुलवाकर अपने नए सांसद का स्वागत किया। इस दौरान दलभंगा में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण,बडाबाम्बों में सोमाय गागराई के प्रतिभा पर माल्यार्पण,खरसावां के कृष्णापुर में स्वं निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण,खरसावां स्माधि स्थल पर वीर शहीदों का नमन किया। इसके अलावे सीनी के उकरी मोड पर निर्मल महतो एवं मंगानारायण सिंह सरदार के प्रतिमा पर माल्यार्पण,सीनी चौक में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वही खूंटपानी के पाड्राशाली में विजय जुलूस में शामिल होकर होली और दिवाली एक साथ मनाई गई। साथ ही खुंटी की ऐतिहासिक जीत पर सरायकेला खरसावां जिला कांग्रेस कमिटि के महासचिव अकबर जिया के द्वारा खरसावां चांदनी चौक में सांसद कालीचरण मुंडा को लड्डूं से तौला गया और लोगों के बीच लड्डू बाटे गया। खरसावां में नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने मीडिया के साथ बात करते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जीत दिलाई है जनता के उस विश्वास पर वह खड़ा उतरते हुए जनता का हर एक कार्य पूर्ण करेंगे। वही श्री गागराई ने भी जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि खरसावां विधानसभा क्षत्र के मतदाताओ ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी,बांसती गागराई, जिप कालीचरण बानरा,प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा,कांग्रेस के महासचिव अकबर जिया,राज बाकची,कोंदो कम्हार,शंकर लौवादा, सकारी दोगो, मुसाहिद खान,मानसिंह मुंडा,अर्जुन गोप, रानी हेम्ब्रम,धनु मुखी,अरूण जामुदा मो मुश्ताक, अजय सामड,आदि मौजूद थे।

## बोड़ाम में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 2 की मौत, 3 अन्य घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में जहां एक युवक की मौत हो गई वहीं चार अन्य घायल हो गए। पहली घटना डिमुडीह-पोखरिया ग्रामीण सड़क के बीच हाथकुंदा हाटतोला के पास हुई। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पोखरिया निवासी युवक बुद्धेश्वर महतो (25 वर्ष) तेज रफ्तार से अपने घर लौट रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। वह लावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर से पूजा करने के पश्चात अपने एक रिश्तेदार के साथ लौट रहे थे। इस घटना में बीच सड़क पर गिरने व बुद्धेश्वर महतो के सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जबकि उसकी बाइक के पीछे बैठा उसका रिश्तेदार भी घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पोखरिया टोला हाथकुंदा निवासी धनंजय दास का बेटा व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे बुद्धेश्वर के पिता गुणधर महतो उसकी स्थिति देख बेहोश हो गए जिसके कारण उन्हें भी इलाज कराना पड़ा। बताते हैं कि गुणधर महतो के एक बेटा और एक बेटी में से बेटे की असामयिक मौत से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताते हैं कि वह प्रवासी मजदूर के रूप में गुजरात में मजदूरी करता था और कुछ महीने पूर्व ही अपने घर लौटा था। करीब एक महीने पूर्व ही उसकी शादी हुई थी और बाइक उसकी ससुराल में ही मिली थी। दूसरी घटना शाम करीब 7 बजे बोड़ाम बाजार में होंडा शोरूम के पास की है। यहां रागमागोड़ा निवासी करीब 45 वर्षीय भीम गोप को बोड़ाम बाजार से पैदल ही अपने घर लौटने के दौरान किसी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिससे वे बुरी तरह से घायल हो गए। घटनास्थल पर वह तड़पता रहा लेकिन किसी ने इलाज हेतु कोई पहल नहीं की। बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने घायल भीम गोप को उठाकर एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। घायल भीम गोप की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने टीएमएच रेफर कर दिया। जबकि कार चालक कार लेकर फरार हो गया है। शनिवार की सुबह इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने भीम गोप को मृत घोषित कर दिया है। इधर दोपहर को पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है एवं देर शाम तक अपने गांव रागमागोड़ा में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## मां की ममता हुई कलंकित, बच्चों को जन्म देने के बाद कर डाला चार लाख रुपए में सौदा

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** : सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बीते 28 मई को एक गर्भवती महिला ने नाम बदलकर बच्चों को जन्म दिया और पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा की दंपति को बच्चों का सौदा कर चार लाख रुपए में बेच दिया। इस मामले का सूत्रधार जेएसपीएल में कार्यरत कांड्रा की एक महिला का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि बीते 28 मई को कांड्रा थाना अंतर्गत हरिश्चंद्र घाट बांध झुरिया की रहने वाली पूर्णिमा तांती को प्रसव पीड़ा के बाद स्थानीय जयंती सेन और जेएसपीएल की महिला सुनीता प्रमाणिक सुबह 6:45 बजे गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां महिला ने प्रातः 6:55 बजे बच्चे को जन्म दिया। वहीं अस्पताल के रजिस्टर में रिकॉर्ड के अनुसार पूर्णिमा तांती का नाम दर्ज नहीं है। अस्पताल के रजिस्टर में क्रमांक संख्या 218 में सुदीप्ता दत्ता, पति सजल दत्ता, निवासी भिलाई पहाड़ी, पो कांड्रा, जिला सरायकेला-खरसावां दर्ज है। जबकि कांड्रा पंचायत में कहीं भी भिलाई पहाड़ी का नाम दर्ज नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि पूर्णिमा तांती ने स्वास्थ्य विभाग को गुमराह कर अपना नाम और पता पूरी तरह से गलत दर्ज कराया। प्रसव के बाद बच्चे को टीएमएच में दिखाने का बहाना बनाया और बांकुड़ा की दंपति ने रेफर का पेपर बना कर बच्चे की मां को वहां से लेकर चला गया। इस संबंध में साहिया से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जेएसपीएल की महिला कर्मी सुनीता प्रमाणिक के कहने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया। उसके बाद क्या हुआ उन्हें पता नहीं है। वहीं, दूसरी ओर इस सम्बंध में पूर्णिमा तांती ने बताया कि उसके चार बच्चे है जिसमे बड़ा बेटा दिव्यांग है। साथ ही, वह अब बच्चों की परवरिश कर पाने में सक्षम नहीं है। इस कारण वह अपनी बहन को बच्चे की देने की बात कही। इसका खुलासा तब हुआ जब बच्चे को किसी दूसरी महिला को देने की बात पर ग्रामीणों ने महिला पूर्णिमा तांती से पूछताछ की। इधर, इस मामले की जानकारी मिलते ही जिला सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह शनिवार को गम्हरिया सीएचसी पहुंचे और मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने सीएचसी प्रभारी, परिचारिका, साहिया व अन्य कर्मियों से पूछताछ कर अस्पताल के रजिस्टर की जाँच भी किया। उन्होंने बताया कि आगे और भी जांच की जाएगी। इसके बाद ही मामले की सच्चाई सामने आएगी।

# सीडीपीओ की नियमित नियुक्ति परीक्षा कल 59 केन्द्रों पर 26424 अभ्यर्थी होंगे शामिल





➲ **उपायुक्त ने मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी(सीडीपीओ) नियमित नियुक्ति परीक्षा पूर्वी सिंहभूम जिला के 59 परीक्षा केंद्रों में 10 जून, सोमवार को आयोजित की जाएगी। दो पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एक्सएलआरआइ सभागार में आयोजित ब्रीफिंग में सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एसडीओ धालभूम पारूल सिंह, घाटशिला एसडीओ सच्चिदानंद महतो उपस्थित रहे।

परीक्षा में 26424 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली पूर्वाह्न 10 से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक होगी। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सके, इसके लिए सभी केंद्रों में वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गयी है। निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी बिना फ्रिस्किंग के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश न करें। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कोषागार पदाधिकारी, सभी प्रतिनियुक्त स्टेटिक व उड़नदस्ता दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केन्द्राधीक्षक मौजूद थे।

संपादकीय

# चुनाव को जनता का खौफ

**चुनाव** चिढ़ाने लगे हैं, वादों के दांतों से डराने लगे हैं। आसमान में चढ़ाते फिर गिरा कर खजूर के पेड़ पर लटका देते हैं जो चुनाव, उन्हीं का पीछा करते अब जनता आगे देखना चाहती है। देश जितना आगे देखेगा, उतनी ही दृष्टि हिमाचली जनता भी प्रत्यक्ष और प्रमाणित करना चाहेगी। जिस देश में मोदी दस साल चले, वहां हिमाचल ने पिछले विधानसभा में पैंतरा क्यों बदला। जिस प्रदेश ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी, उसके छह विधायक क्यों सुक्खू सरकार के खिलाफ बगावती हुए। क्या इन चुनावों में पिछले विधानसभा चुनावों का रंज छुपा है या देश के हालात और नए मुद्दों की दीवार पर चढक़र हिमाचल अपना जनादेश खोजेगा। जो भी हो गर्मियों की ऋतु से गर्म स्वभाव के चुनाव में मतदाता की खामोशी निरा संयम तो नहीं। हजारों पोस्टरों और होर्डिंग्स के बीच खुद को दिशाहीन पा रहा मतदाता शायद पूछ रहा है कि इस बार ऐसा क्या खास, जो पिछली बार के मतदान ने उदास किया। चुनाव की ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर भी मतदान की मंजिल पर लुटेरों की बस्ती और अनादर की गलियों में आम नागरिक की उम्मीदें। कितनी गारंटियां अब बंट रहीं और चुनाव रेहड़ी पर बांट रहा देश का मुकद्दर, लेकिन घर में बेटे-बेटी के अरमान उपहास उड़ाते हैं। देश-प्रदेश की नीतियों के गहने पहने उम्मीदवारों का श्रृंगार पहली बार असली और नकली के बीच झूल रहा है तो इसलिए कि राजनीति ने दलबदल को नैतिकता से अलग कर दिया। कौन किसके पलड़े में आबाद और किसने अपनी पार्टी का दामन छोडक़र दूसरे घर का नमक हलाल कर दिया, इस बहस से दूर चुनाव की एकाग्रता में सत्ता का गठजोड़ स्पष्ट है। चुनाव देश के बजाय देश की सरकार के लिए और प्रदेश में भी सत्ता की जय जयकार के लिए हथियाए जा चुके हैं। चुनाव अब लोकतंत्र का पहरावा नहीं, सत्ता का मुजरिम है। न्यायाधीश बनी राजनीति बरगला रही है अपनी ही न्याय पद्धति से चुनाव को चला रही है। यह दीगर है कि चलते चुनाव के साथ जनता कतई नहीं चल रही। जो मीडिया बहस में बोला या तौला जा रहा, उससे दूर छिटक कर क्यों बैठ गई जनता। क्या जनता को गारंटियों की गारंटी पर भरोसा नहीं या नेताओं के रिपोर्ट कार्ड पर इतना संदेह है कि वक्त के जख्म अब कुरेदे नहीं जा रहे। जो प्रचार यह दर्शा रहा कि देश की किस्मत 400 के पार हो रही, उसे भी मालूम नहीं कि मतदाता की खामोशी में पतझड़ का अंदेशा है या वसंत की कलियों में खिलने से पूर्व का संघर्ष है। हिमाचल में अग्निवीर योजना की समीक्षा में भाजपा के लिए प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि आड़े आ रही है, लेकिन बागी विधायकों की रुसवाई में कांग्रेस की सत्ता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ रही है। हिमाचल में चुनाव के एक पक्ष में लाभ की रेखा है, तो दूसरे ही पल हानि की मुद्रा में जनता का खौफ सता रहा है। जनता की कचहरी पहले भी थी, लेकिन पहली बार इसके तेवर बदले हैं। यह चुनाव के भीतर लोकतंत्र की बची खुची मर्यादा के लिए सही वक्त खोज रही है। यहां चुनाव के मायने एक लोकसभा या विधानसभा सीट नहीं, बल्कि लोकतंत्र के सिंहासन पर देश को प्रतिष्ठित करने की जिम्मेदारी है ताकि सत्ता के नशे में कोई एक शख्स पूरी व्यवस्था, लोकतांत्रिक परंपराओं और संस्थानों पर भारी न पड़ जाए। देश की परिस्थितियां, लोकतांत्रिक काबिलीयत के लिए जनता से मुखातिब हैं। जनता खामोश निगाहों में राजनीति के जखीरे लिए यह सोच रही है कि अबकि बार सोच समझ कर इनसाफ न किया, तो यह लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति लापरवाही होगी। देखें सचेत मन से मतदाता की आंखों से तीर निकलता है या तुक्का।

> आसमान में चढ़ाते फिर गिरा कर खजूर के पेड़ पर लटका देते हैं जो चुनाव, उन्हीं का पीछा करते अब जनता आगे देखना चाहती है। देश जितना आगे देखेगा, उतनी ही दृष्टि हिमाचली जनता भी प्रत्यक्ष और प्रमाणित करना चाहेगी। जिस देश में मोदी दस साल चले, वहां हिमाचल ने पिछले विधानसभा में पैंतरा क्यों बदला। जिस प्रदेश ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी, उसके छह विधायक क्यों सुक्खू सरकार के खिलाफ बगावती हुए। क्या इन चुनावों में पिछले विधानसभा चुनावों का रंज छुपा है या देश के हालात और नए मुद्दों की दीवार पर चढक़र हिमाचल अपना जनादेश खोजेगा। जो भी हो गर्मियों की ऋतु से गर्म स्वभाव के चुनाव में मतदाता की खामोशी निरा संयम तो नहीं। हजारों पोस्टरों और होर्डिंग्स के बीच खुद को दिशाहीन पा रहा मतदाता शायद पूछ रहा है कि इस बार ऐसा क्या खास, जो पिछली बार के मतदान ने उदास किया। चुनाव की ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर भी मतदान की मंजिल पर लुटेरों की बस्ती और अनादर की गलियों में आम नागरिक की उम्मीदें। कितनी गारंटियां अब बंट रहीं और चुनाव रेहड़ी पर बांट रहा देश का मुकद्दर, लेकिन घर में बेटे-बेटी के अरमान उपहास उड़ाते हैं।

### दिल्ली के अस्पताल में और राजकोट के गेम जोन में हुई भीषण अग्नि दुर्घटनाएं हैं

# कब तक हादसों का शिकार होते रहेंगे निर्दोष

योगेंद्र योगी

> कानूनों में परिवर्तन के बावजूद ऐसी व्यवस्था नहीं की गई कि हादसे से पहले कानून का उल्लंघन करने से संभावित हादसों के लिए जिम्मेदारी तय की जा सके। इसके विपरीत सरकारें नए हादसों का इंतजार करती रहती हैं। ऐसे हादसे अपितु तो चुनावी मुद्दे बनते नहीं हैं, फिर भी कोई राजनीतिक दल इसका जिक्र करता है तो विपक्षी दल उसके शासन के दौरान हुए हादसों की फेहरिस्त थमा देता है। इससे जाहिर है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकता हादसे घटाने के लिए इंतजाम करने में नहीं है, बल्कि विरोधी दलों की असफलता गिनाने में है।

**राजनीतिक** दल समस्या के जड़मूल से समाधान करने के बजाय कैसे घडियाली आंसू बहाते हैं, इसका उदाहरण दिल्ली के अस्पताल में और राजकोट के गेम जोन में हुई भीषण अग्नि दुर्घटनाएं हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब इस तरह के हादसों ने देश को झकझोर कर रख दिया हो। ये हादसे बताते हैं कि सरकारी तंत्र में किस हद तक भ्रष्टाचार और लापरवाही की जंग लग चुकी है। कानूनों में परिवर्तन के बावजूद ऐसी व्यवस्था नहीं की गई कि हादसे से पहले कानून का उल्लंघन करने से संभावित हादसों के लिए जिम्मेदारी तय की जा सके। इसके विपरीत सरकारें नए हादसों का इंतजार करती रहती हैं। ऐसे हादसे अपितु तो चुनावी मुद्दे बनते नहीं हैं, फिर भी कोई राजनीतिक दल इसका जिक्र करता है तो विपक्षी दल उसके शासन के दौरान हुए हादसों की फेहरिस्त थमा देता है। इससे जाहिर है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकता हादसे घटाने के लिए इंतजाम करने में नहीं है, बल्कि विरोधी दलों की असफलता गिनाने में है। दिल्ली के विवेक विहार स्थित न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर में आग लगने से सात बच्चों की मौत हुई थी। वहीं, शाहदरा में एक चार मंजिला इमारत में लगी आग की घटना में तीन लोगों की मौत हुई थी। पुलिस के मुताबिक सुविधा में कोई अग्निशामक यंत्र या आपातकालीन निकास नहीं था। दुर्घटना के समय जो डॉक्टर ड्यूटी पर था, वह नवजात प्रोत्साहन देखभाल की आवश्यकता वाले नवजात शिशुओं का इलाज करने के लिए योग्य नहीं था। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय या डीजीएचएस द्वारा अस्पताल को जारी किया गया लाइसेंस दुर्घटना से लगभग दो महीने पहले ही 31 मार्च को समाप्त हो चुका था। इस अग्निकांड में अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची को कल गिरफ्तार कर लिया गया। आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद एक अन्य डॉक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह गुजरात के राजकोट में एक गेम जोन में आग लगने की घटना में 12 बच्चों समेत कुल 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की पीठ ने इस हादसे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि इस तरह के



गेम जोन जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए हैं। साथ ही हादसे को लेकर कहा कि यह प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा है। इससे पहले भी ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति अलग-अलग स्थानों पर होती रही है। 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी ब्रिज त्रासदी में 135 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग थे। 137 साल पुराना सस्पेंशन ब्रिज मरम्मत के बाद पांच दिन पहले ही फिर से खुला था। मोरबी पुल की मरम्मत में जिन सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया था, उनकी गुणवत्ता घटिया थी। इस वजह से पुल की संरचना ही कमजोर बनी। 143 वर्ष पुराने इस पुल का किसी ने कभी संरचनात्मक ऑडिट तक भी नहीं किया था। इस सस्पेंशन ब्रिज के कई केबलों पर जंग लग चुका था, जिस वजह से उनकी भार उठाने की क्षमता पहले के मुकाबले कम हो गई थी। पुल को देखने आए लोगों को किसी आपात स्थिति में बचाने के लिए यहां कोई इंतजाम पहले से नहीं था। इस ब्रिज की मरम्मत को लेकर भी कंपनी के पास कोई कागजात नहीं थे। कंपनी को पुल के मरम्मत का काम दिसंबर तक करने का समय दिया गया था, लेकिन उसने इसे जल्दी खोल दिया। मोरबी पुल हादसे से पहले गुजरात के सूरत के सरथाना इलाके में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से कम से कम 22 छात्रों की मौत और कई अन्य घायल हो गए थे। यह कोचिंग सेंटर तक्षशिला कॉम्प्लेक्स की तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित था। इस कोचिंग सेंटर में ज्यादातर किशोर थे। सभी छात्रों की मौत दम घुटने या कॉम्प्लेक्स से कूदने के कारण हुई। अग्नि या दूसरी दुर्घटनाओं के प्रति सरकारों की गैर जिम्मेदारी का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि देश की राजधानी दिल्ली में इस साल अब तक आग से 55 लोगों की मौत हो गई और 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। वर्ष 2023 में इसी अवधि के दौरान 36 लोगों की जान गई थी। देश में पांच साल में 50 हजार से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। वर्ष 2021 में आगजनी की 8491 घटनाएं दर्ज हुई हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक 2017 से लेकर 2021 तक पांच साल में आग लगने की 55 हजार 353 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें 54 हजार 280 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 4348 आगजनी की घटनाएं रिहायशी इलाकों और इमारतों में हुईं। इसके बाद कॉमर्शियल इमारतों में 274, गाडियों में 241 घटनाएं हुईं। राहत की बात है कि साल दर साल आग लगने की घटनाओं और मृतकों की संख्या में गिरावट हो रही है। इसी साल आग लगने की कुल घटनाओं में से कम से कम चार घटनाएं ऐसी थीं, जो अस्पतालों में हुई थीं। दिल्ली, मुंबई, जबलपुर और हैदराबाद के अस्पतालों में हुए इन हादसों में नौ लोगों की जान गई थी। इनमें से आठ लोगों की जान जबलपुर के न्यू लाइफ मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल में हुए हादसे में गई थी। पिछले साल जून में प्रकाशित रिपोर्ट जर्नल ऑफ फेल्योर एनालिसिस एंड प्रेवेंशन के मुताबिक इस हादसे और मौतों के पीछे की मुख्य वजह यह थी कि अस्पताल में इमरजेंसी की हालत में बाहर निकलने के लिए केवल एक ही रास्ता बनाया गया था और वह भी पर्याप्त यानी 3.6 मीटर चौड़ा नहीं था, जो फायर सर्विस की गाडियों के आने-जाने के लिए उपयुक्त होता। इसी रिपोर्ट में बताया गया कि 2023 में झारखंड के धनबाद में आरसी हाजरा मेमोरियल अस्पताल में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की एक बड़ी घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इसी साल गुजरात के अहमदाबाद में हनी चिल्ड्रंस हास्पिटल में आग लगने के हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई थी। देश के उत्तर-पश्चिमी और केंद्रीय हिस्सों में बसे शहरों में नीतिगत विसंगतियों और अनियंत्रित शहरीकरण के चलते आग लगने की घटनाएं असामान्य नहीं हैं।

दृष्टि कोण

# टूटी सडक़ों के दरमियां कुल्लू की सैरगाहें

**साल** 1970 से लेकर 2024 के मध्य मुझे दर्जनों बार कुल्लू जिले के पर्यटन स्थलों में सैर-सपाटे के अवसर मिले हैं। 1970 में मैंने मनाली से रोहतांग की यात्रा पैदल तय की थी और कोठी से केलांग की सडक़ निर्माणधीन थी। हाल में जब मैं कुल्लू जाते हुए लारजी टनल के पास रुका तो पता चला कि वहां से शांघड़ 30 किलोमीटिर दूर है। लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए मुझे कार में 3 घंटे का वक्त लगा। वाया सैंज आप जब शांघड़ पहुंचते हैं तो पहाड़ के खूब शिखर पर एक विशाल हरा-भरा मैदान आपका स्वागत करता है। चंद साल पहले देश-विदेश में खूब लोकप्रिय रही पहाड़ी भाषा की 'सांझ' फिल्म के ओपनिंग दृश्य इसी अत्यंत मनोरम स्थल पर फिल्माए गए हैं। मगर मुद्दा यह है कि आप कुल्लू के किसी भी शहरी कस्बाई या गांव में भ्रमण या ट्रैकिंग के लिए निकल जाएं, टूटी सडक़ों की दुर्दशा देखकर आप हिमाचल सरकार को कोसे बिना नहीं रह सकेंगे। आपको डिप्रैशन भी हो सकता है। शांघड़ तक पहुंचना और पुनः लारजी के पास फोरलेन तक लौटना एक ऐसा दुष्कर और तनावपूर्ण यात्रा अनुभव है जिसे आप ताउम्र नहीं भूल सकते। 1993-94 में जब कुल्लू में मेरी तैनाती थी, तब भी बाढ़, सैलाब और ब्यास के तटबंध जार-जार होने की घटनाएं आम थीं। जुलाई-अगस्त 2023 में कुल्लू में भयंकर बारिश और बाढ़ के बाद दर्दनाक हादसे दरपेश आए थे। लेकिन स्थानीय लोग इस बात को लेकर क्षुब्ध हैं कि एक साल बाद टूटी सडक़ों की मरम्मत तो हो सकती है। विक्रमादित्य जो माल रोड या रिज पर अपने पिताश्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को प्रतिमा के लिए दो $गज ज़मीन भी न मिलने के लिए सुक्खू सरकार से क्षुब्ध थे, और मीडिया के समक्ष आंसू बहा रहे थे, लोक निर्माण मंत्री रहते हुए कुल्लू तो क्या, देश की सडक़ों की ओर $खास ध्यान नहीं दिया। सत्ता पाने, उसे बचाए रखने की जंग में हिमाचल की कांग्रेस सरकार इस कदर व्यस्त रही है कि जनसमस्याएं नेपथ्य में सरका दी गई हैं। बेहतर होता अगर सुक्खू हैलीकाप्टर में उड़ते रहने का 'सुख' प्राप्त करने की बजाय



सडक़ों से प्रदेश की यात्रा करते और सूरतेहाल से परिचित होते। बहरहाल, कुल्लू में शांघड़ तो एक महज़ उदाहरण है। बंजार रोड पर शोजा या जलोड़ी पास तक जाने वाली सडक़ भी कई सालों से बेहद खस्ताहाल में रही है। शोजा का मनमोहक पर्यटन स्थल बरबस ही आपको खींच लेता है। यहां कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। चंडीगढ़ से मनाली के जिस फोरलेन की चर्चा देशभर में है, उसका सूरते हाल भी पिछले साल की बाढ़ ने बुरी तरह बिगाड़ दिया था। उस पर दिन-रात काम चल रहा है। मोदी भले ही विपक्ष की आलोचना के केन्द्र में हों, गडकरी की तारीफ हर किसी के जुबां पर है। मंडी से कुल्लू के मध्य काफी हद तक फोरलेन की मरम्मत कर उसे बेहतर बना दिया गया है। अप्रैल से जून तक कुल्लू-मनाली में पर्यटकों की भीड़ को देखकर यही लगता है कि हिमाचल में 'एक्सैसिव टूरिज़म' यानी अति पर्यटन के खतरे भी कम नहीं हैं। ऐसा लगता है मानों हिमाचल में शिमला, धर्मशाला और कुल्लू-मनाली के अलावा कोई दूसरा पर्यटन स्थल है ही नहीं। पर्यटन के बेजा दबाव ने इन शहरों के संरचनात्मक ढांचे को तहस-नहस कर डाला है। जब सैलानी सोलंग नाला या रोहतांग से लौटते हुए लेफ्टबैंक की सडक़ से नग्गर की ओर आते हैं तो सडक़ में गड्ढे और टूटे किनारों पर गाड़ी चलाते हुए वे हैरान-परेशान रह जाते हैं। नग्गर बाजार से रोरिक आर्ट गैलरी वाली दो किलोमीटर की सडक़ की ओर लोक निर्माण विभाग का निगाहे-करम गत 30 साल में शायद कभी नहीं हुआ। रोरिक आर्ट गैलरी घाटी के लैंडस्के को देखकर लगता है, आप कोई पेंटिंग देख रहे हों। लेकिन जिस नग्गर में धरोहर के रूप में अनेक पुराने मंदिर हैं, कैसल है, वहां की सडक़ें आपको कई दफा तो रुला देती हैं। 'जब वी मेट' और 'रोज़ा' जैसी फिल्मों के अलावा अनेक फिल्मों की शूटिंग यहां हो चुकी है। अनेक रूसी कलाकार, एम्बैसडेर और डिप्लोमैट रोरिक की धरोहर को देखने आते हैं। उनके ज़हन पर सडक़ों का क्या विपरीत प्रभाव पड़ता होगा, सहज ही कल्पना की जा सकती है। यहां 1942 में रोरिक व देविका रानी के निमंत्रण पर नेहरु और इंदिरा गांधी आए थे। मनाली शहर का हिडिम्बा देवी भी एक अत्यन्त भीड़-भाड़ वाला स्थल है, लेकिन वहां भी सडक़ों में गड्ढे इस बात का प्रतीक हैं कि हिमाचल के मुख्यमन्त्रियों और मन्त्रियों में एक बड़े बीचों-बीच का अभाव रहा है। कुल्लू में ही बिजली महादेव के लिए नग्गर से 50 साल पूर्व वन विभाग की एक सडक़ बनी थी जो जंगल ज्यादा सडक़ कम है। आज भी बिजली महादेव जैसे अत्यन्त आकर्षक और नयनाभिराम स्थल तक पहुंचने के लिए सडक़ का मार्ग नहीं है। यह सचमुच कितना खेदजनक है कि लोकसभा चुनाव में हिमाचल की 4 सीटों और 6 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में स्थानीय मुद्दे गायब हैं।

कुछ अलग

## कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार?

**लोकसभा** चुनाव की पिछली 19 अप्रैल से शुरू हुईं सात चरणों के मतदान की प्रक्रिया का आज (शनिवार) को अंतिम चरण भी समाप्त हो रहा है। आज आठ राज्यों और वेंद्र शासित प्रदेशों के 57 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के बाद सारे देश की निगाहें होंगी एक्जिट पोल और फिर 4 जून को आने वाले आधिकारिक नतीजों पर। अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पाटा या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। यूं तो सभी दलों के अपने- अपने दावे हैं, पर एक राय यह बन रही है कि देश में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हालांकि उसे राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पिछले 2019 के चुनावों की तुलना में कम सीटें मिलेंगी। उधर, इंडिया गठबंधन के नेता दावा कर रहे हैं कि सरकार उनकी बनेगी। पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चितक बताने वाले योगेन्द्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच, मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है। पंडित त्रिखा कहते हैं, 'मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पाटा बनने जा रही जा रही है। इस मामले पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। वे देश में अगली सरकार भी बना लेंगे। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभल कर सामना करना होगा।' इस बीच, लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं। इस बार भी वुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य हैं महाराष्ट्र और पामि बंगाल। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है। हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पाटा नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्प 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भारत के लोगों को बीते दस सालों के दौरान जो तरक्क़ी देश में देखी है इतनी तरक्की सत्तर साल में

देश दुनीया से

## सवा दो महीने की चुनाव यात्रा में हमने देश को प्रभावित करने वाले असल मुद्दों पर जनता की राय जानी

> हमने यह भी जाना कि ऐसे कौन-से दस बड़े मुद्दे रहे जिनके इर्दगिर्द पूरा चुनाव प्रचार केंद्रित रहा। नेता चाहे किसी भी दल के रहे हों उनके भाषणों और वादों में इन मुद्दों का कहीं ना कहीं जिक्र जरूर रहा। आइये नजर डालते हैं इन मुद्दों पर- मुफ्त रेवड़ियां ऐसा विषय रहा जो सभी पार्टियों के वादों में किसी ना किसी रूप से शुमार रहा। भाजपा ने मुफ्त राशन अगले पांच साल तक देते रहने का वादा किया हालांकि पार्टी का कहना है कि यह मुफ्त रेवड़ी की श्रेणी में नहीं आता। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने अपने घोषणापत्रों और जनता से किये गये वादों में तमाम चीजें मुफ्त में देने का वादा किया है।

चुनाव 2024 के लिए लगभग दो महीने तक चले प्रचार अभियान के दौरान तमाम तरह के मुद्दे उभर कर आये और देखा जाये तो हर चरण के मुद्दे अलग-अलग रहे। प्रभासाक्षी ने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान दस ऐसे बड़े मुद्दों को पहचाना जिसका पूरे भारत में असर रहा। हमने यह भी जाना कि ऐसे कौन-से दस बड़े मुद्दे रहे जिनके इर्दगिर्द पूरा चुनाव प्रचार केंद्रित रहा। नेता चाहे किसी भी दल के रहे हों उनके भाषणों और वादों में इन मुद्दों का कहीं ना कहीं जिक्र जरूर रहा। आइये नजर डालते हैं इन मुद्दों पर- मुफ्त रेवड़ियां ऐसा विषय रहा जो सभी पार्टियों के वादों में किसी ना किसी रूप से शुमार रहा। भाजपा ने मुफ्त राशन अगले पांच साल तक देते रहने का वादा किया हालांकि पार्टी का कहना है कि यह मुफ्त रेवड़ी की श्रेणी में नहीं आता। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने अपने घोषणापत्रों और जनता से किये गये वादों में तमाम चीजें मुफ्त में देने का वादा किया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह पैसा कहां से आयेगा। तुलनात्मक रूप से अध्ययन करें तो यह देखने को मिलता है कि मुफ्त सौगातों के वादे सबसे कम भाजपा ने ही किये हैं। इन मुफ्त सौगातों को लेकर देश की जनता भी बंटी हुई नजर आई है। अधिकांश लोगों का कहना था कि हमें मुफ्तखोर बनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि हमें आत्मनिर्भर बनाये। कई लोगों का कहना था कि मुफ्त की चीजें सबसे ज्यादा जरूरतमंद व्यक्ति को ही मिलनी चाहिए क्योंकि यह एक तरह से करदाताओं के पैसे की बर्बादी है। कुछ लोगों का कहना था कि सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त होनी चाहिए बाकी कुछ भी मुफ्त नहीं होना चाहिए। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि मुफ्त चीजें बांटने की जगह महंगाई को कम कर देना चाहिए। लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर में निकाली गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये देश का यह महत्वाकांक्षी मिशन पूरे भारत के कोने-कोने तक पहुँच चुका था। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष लाल किले की प्राचीर से दिये अपने भाषण में भी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही थी इसलिए जनता इसको लेकर पूरी तरह जागरूक थी। जब हमने देशव्यापी यात्रा की तो पाया कि इस संकल्प के सिद्ध होने में किसी को कोई शक नहीं था बल्कि लोग इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए अपने तमाम तरह के सुझाव देते दिखे। लोगों का कहना था कि हमने पिछले दस सालों में यह महसूस कर लिया है कि हम कुछ भी कर सकते हैं। हम 11वीं से अगर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं, हम चंद्रमा के दक्षिणी पोल पर पहुँचने वाला पहला देश बन सकते हैं, हम महामारी के समय कुशलता के साथ उसका सामना कर सकते हैं, हम महामारी के समय नेगेटिव में चली गयी विकास दर को चंद महीनों में दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना सकते हैं तो हम विकसित भारत भी बन सकते हैं। विपक्ष ने चुनाव की शुरुआत से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जिस बात को लेकर सबसे ज्यादा हमले किये वह थे संविधान और लोकतंत्र को खतरे में बताना। विपक्ष की ओर से यह बात फैलाई गयी कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गयी और मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन गये तो यह आखिरी चुनाव होगा और भारत में भी रूस और उत्तर कोरिया जैसा शासन हो जायेगा। जब हमने ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जनता का मन टटोला तो खासतौर पर पिछड़े वर्ग के लोगों ने कहा कि हमें सड़क और बिजली नहीं चाहिए पर संविधान में हमें जो अधिकार दिये गये हैं वह नहीं खत्म होने चाहिए। हमने पाया कि विपक्ष ने जो भ्रम फैलाया था कि यदि भाजपा फिर सत्ता में आई तो गरीबों और पिछड़ों के अधिकार छीन लेगी उसका निचले स्तर पर काफी असर हो रहा था। इस भ्रम को दूर करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से कोई प्रयास भी नहीं किये जा रहे थे जिससे भाजपा को नुकसान की संभावना हमें दिखाई दी। हालांकि इस मुद्दे को लेकर अधिकांश लोगों का कहना था कि संविधान और लोकतंत्र को कोई खत्म नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसे प्रयास किये तो जनता सड़कों पर उतर आयेगी। लोगों ने कहा कि कृषि कानूनों को वापस लेने वाली मोदी सरकार जनता की ताकत जान गयी है और उसे पता है कि संसद में बहुमत के दम पर तानाशाही या मनमानी नहीं की जा सकती। देश भर में भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों को लेकर विपक्ष का आरोप था कि उसे परेशान किया जा रहा है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्ष ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जनता से समर्थन भी मांगा लेकिन जब हमने जनता से बात की तो सभी का यह कहना था कि यह बहुत अच्छा काम हो रहा है।



आप का नजरीया

## क्या मुख्यमंत्री बीमार हैं?

**यह** बेहद गंभीर सवाल है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की गिरती सेहत और बिगड़ती तबीयत के खिलाफ कोई साजिश कर सकता है क्या? क्या एक मुख्यमंत्री की सुरक्षा-व्यवस्था के साथ ऐसा नियमित खिलवाड़ संभव है? मुख्यमंत्री नवीन पटनायक हैं, लेकिन उनके डिजिटल हस्ताक्षरों का दुरुपयोग कर कोई लॉबी सत्ता का अवैध संचालन कर सकती है? क्या सत्ता और सरकार की लोकतांत्रिक व्यवस्था इतनी कमजोर हो सकती है? जनादेश किसी राजनेता के आह्वानों और उसके राजनीतिक दल को मिले, लेकिन सत्ता अदृश्य रूप से कोई और चलाए, क्या हमारी संवैधानिक व्यवस्था में ऐसे भी छिद्र हैं? 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव आज समाप्त हो रहा है। चुनाव-प्रचार पर तो 30 मई को ही पटाक्षेप हो गया था। ढेरों अनाप-शनाप मुद्दे उठाए गए। संविधान बदलने और लोकतंत्र खत्म होने की हास्यास्पद राजनीति भी की गई, लेकिन इस मुद्दे पर किसी भी पक्ष ने चिंता और सरोकार नहीं जताए, जो सीधा 'जनसेवक' के स्वास्थ्य से जुड़ा है और उसके यथार्थ को जानने का अधिकार जनता को है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सेहत को लेकर सवाल जरूर उठाया, लेकिन उसे 'राजनीतिक साजिश' का रंग भी दे दिया, लिहाजा प्रधानमंत्री भी वोट बटोरने की मुद्रा में थे। उनका आशय यह था कि जो मुख्यमंत्री काम करने में 'असहाय' हो, तो उसका विकल्प ढूंढना चाहिए। साफ मायने थे कि विकल्प के तौर पर ओडिशा में भाजपा मौजूद है, लिहाजा उसे ही जनादेश मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उनका माकूल जवाब भी दिया कि यदि प्रधानमंत्री उन्हें अपना मित्र मानते हैं, तो वह फोन कर तबीयत का हाल पूछ सकते हैं। अलबत्ता वह बिल्कुल ठीक-ठाक और अपना दायित्व निभाने लायक हैं। लेकिन जो दो वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, उनमें से एक वीडियो में मुख्यमंत्री चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं और उनका बायां हाथ इस तरह हिल रहा था मानो वह पार्किन्सन रोग के मरीज हैं! मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे, अब उनके निकटस्थ सहयोगी, पूर्व आईएएस अधिकारी वीके पांडियन बार-बार मुख्यमंत्री के हिलते हाथ को ओट में छिपा रहे थे, लेकिन हाथ बार-बार सार्वजनिक हो रहा था। दूसरे वीडियो में एक सहयोगी मुख्यमंत्री के पांव को सहारा दे रहा था, उसी से मुख्यमंत्री स्थिर होकर बैठ पा रहे थे। दरअसल प्रधानमंत्री ने जो सवाल उठाए हैं, वे पांडियन को निशाना बनाकर उठाए हैं। साजिश का मुलम्मा पांडियन पर ही चढ़ाया जा रहा है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने यहां तक घोषणा कर दी कि यदि 10 जून को ओडिशा में भाजपा सरकार बनी, तो एक विशेष समिति गठित कर जांच कराई जाएगी कि नवीन बाबू की तबीयत इस कदर बिगड़ती क्यों गई है? प्रधानमंत्री मानते हैं कि ओडिशा में परदे के पीछे से एक खास लॉबी सत्ता भोग रही है, जिसे बेनकाब करना जरूरी है, क्योंकि यह लोकतंत्र और जनादेश के खिलाफ है। दरअसल भारत में राजनेता के निजता के अधिकार और जनता के सब कुछ जानने के अधिकार के बीच कुछ 'लक्ष्मण-रेखाएं' खींची गई हैं। भारत में सार्वजनिक संवाद कमोबेश मौन रहने वाला या अल्पभाषी और चौकस रहा है।

# गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक विजेंद्र कुमार एवं प्रखंड युवा समन्वयक अजीत कुमार चुने गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित साई मंदिर परिसर में गायत्री परिवार का एक बैठक जिला समन्वयक लव कुमार तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुरुआत गायत्री महामंत्र के जाप से किया गया। मौके पर जिला समन्वयक लव कुमार तिवारी ने गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार के गुरु के दिशा निर्देश में प्रखंड समन्वयक समिति का चुनाव गुरु कार्यो के लिए किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड समिति का गठन करते हुए विजेन्द्र प्रसाद को प्रखंड समन्वयक अरुण कुमार उप समन्वयक प्रखंड महिला समन्वयक अंशु देवी उप समन्वयक मंजू देवी एवं प्रखंड युवा समन्वयक अजीत कुमार उप समन्वयक रविंद्र ठाकुर ज्ञान परीक्षा समन्वयक महानंद कुशवाहा उप समन्वयक प्रेम कुमार शर्मा, आओ गढ़े संस्कार समन्वयक उषा देवी राजश्री गुप्ता, गृहे गृहे गायत्री यज्ञ समन्वयक सुनील राणा, उप समन्वयक तुलसी यादव सप्त आंदोलन समन्वयक लोचन यादव उप समन्वयक कैलाश ठाकुर एवं संरक्षक आनंदी प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर साव, उपेंद्र सिंह, शशि भूषण प्रसाद, संतोष सिन्हा को चुना गया। समिति गठन का मुख्य उद्देश्य ज्योति रथ यात्रा को पूरे प्रखंड से लेकर गांव गांव तक भ्रमण कर जन जागरण करना, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन, सप्त आंदोलन का संचालन कर मिशन के कार्यक्रमों का चलाया जाना है। मौके पर कृष्णकांत गुप्ता, ईश्वर लाल जगदीश राणा, प्रभात गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद, जयराम प्रसाद, आलोक कुमार, मंजू देवी, अंकित कुमार, रीना देवी, अंशु कुमारी, ममता रानी, आलोक कुमार समेत गायत्री परिवार के कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय सभागार में बीपीओ ने किया समीक्षात्मक बैठक, मनरेगा कर्मियों को दिए कई दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा कर्मियों की हुई समीक्षात्मक बैठक। बैठक के अध्यक्षता बीपीओ राजेश्वर कुमार ने किया। मनरेगा कर्मियों को बीपीओ ने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बागवानी योजना में अधिक से अधिक आउटगोइंग करते हुए डिमांड करना है एंव एबीपी एस को 100 प्रतिशत करना है। खेल मैदान को जल्द से जल्द पूर्ण करना है और पुराने योजनाओं को बंद करना है। मनरेगा योजना में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ना है। साथ ही साथ अबुवा आवास में मनरेगा के तहत 100 प्रतिशत आउटगोइंग करने का निर्देश दिया। बैठक में सामूहिक रूप जई मनोज कुमार, सभी पंचायत के रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर के अलावे कई कर्मि मौजूद थे।

## मुखिया ने किया साप्ताहिक सब्जी बाजार का शुभारंभ



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के धनगड़ा पंचायत अंतर्गत रक्सी मोड़ के समीप शनिवार को साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने विधिवत फीता काटकर किया।इस दौरान ग्रामीणों ने अपने जरूरत के समानो की खूब खरीदारी की।उद्घाटन के इस मौके पर मुखिया ने कहा कि अब आस पास के ग्रामीणों को सब्जी खरीदने के लिए सिमरिया, टंडवा व मिश्रौल नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने आम ग्रामीणों से खरीदारी करने की अपील किया है।आयोजक समिति रक्सी गांव के ग्रामीणों ने दुकानदारों व ग्राहकों की हर सुविधा दिए जाने की बात कही है। इस मौके पर जयप्रकाश साव, जीवन राम, चंद्रदेव साहु, भागवत प्रसाद, महावीर राणा, जगदेव राम, रवींद्र चौबे, दिगेश्वर चौबे, प्रकाश यादव, अर्जुन राम, धर्मेंद्र राम, अभिषेक राज, राधे राना समेत बुद्धिजीवी, समाजसेवी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## लातेहार के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के परसही पंचायत के ग्राम तुलबुल खेरही टोला निवासी राजेश सिंह उम्र 33 वर्ष की मौत गुमला जिले के बनारी प्रखंड में बीते रात्रि 10 बजे सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक्टर में सामान लोड कर बनारी जा रहा था, इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बनारी मेन रोड में एक पेड़ से टकरा गई। जहां राजेश की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक अपने पीछे पूरा भरा परिवार को छोड़ दुनिया से चल बसा। मृतक के दो लड़का व एक लड़की है। वहीं परिजनों के रो रो कर बुरा हाल है। मृतक का पोस्टमार्टम गुमला में किया गया। गरीब परिवार के लिए मुआवजा की मांग स्थानीय मुखिया अनीता देवी ने प्रशासन से मांग की हैं।

## विश्व पर्यावरण सप्ताह पर कार्यक्रमों का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत पीएम श्री केद्रीय विद्यालय, लातेहार में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के चौथे दिन शनिवार को रिड्यूस ई-वेस्टिंग विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कई छात्रों ने भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि समर कैंप छात्रों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस कैंप में छात्र व छात्राओं को पर्यावरण से जुड़ी जानकारियां हासिल करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का ज्ञानवर्धन होता है। बचपन में मिली जानकारियां छात्रों को हमेशा प्रेरित करती हैं। कैंप में छात्रों ने पर्यावरण की रक्षा करने एवं पौधे लगाने का संकल्प लिया। कैंप के दौरान छात्रों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया है। श्री ठाकुर ने छात्रों से कहा कि हमारी पृथ्वी बहुत ही खुबसूरत है।हमें अपनी पृथ्वी से प्यार करनी चाहिए।इसे हरा भरा रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। लेकिन पेड़ो की अंधाधुंध कटाई व प्रदूषण तथा अन्य कारणों से हमारी पर्यावरण असंतुलित हो गया है। मौके पर विद्यालय के कला शिक्षक अनुराग समेंत कई शिक्षक मौजूद थे।

# अति भ्रष्ट स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता को गिरफ्तार करें ईडी : रवि डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि झारखंड के अति भ्रष्ट स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के विरुद्ध सरयू राय ने जो भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं,वह सत्य और दुरुस्त है।- हर बात पर तके बितके करने वाला बन्ना सरयू राय के द्वारा लगाए गए आरोप पर चुप्पी साधे हुए हैं। इनका चुप्पी यह दर्शाता है कि इनके द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैलाकर लाखों रुपये कि अवैध संपत्ति अर्जित किया गया है। झारखंड प्रदेश का बच्चा बच्चा जानता है, कि स्वास्थ्य विभाग में किस तरह से मंत्री ने भ्रष्टाचार फैलाकर इस विभाग को पूरी तरह से बीमार कर दिया है। प्रखंड स्तर के सीएचसी हो या




जिला स्तर के अस्पताल या फिर राज्य स्तर के अस्पताल सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में अराजकता का माहौल है। इसी कारण से लोग निजी अस्पतालों में अपना चिकित्सा करवाते हैं। दूसरी ओर गरीब ब्यक्ति बेहतर चिकित्सा के अभाव में समय से पहले दम तोड़ देते हैं। साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में बन्ना ने केवल और केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। आगे उन्होंने कहा है कि लातेहार जिले में भी चिकित्सा व्यवस्था पुरी तरह से भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ युका है। चिकित्सक, दवा, जांच संबंधी मशीनों का घोर अभाव है, यही हाल पुरे झारखंड में है। आगे उन्होंने कहा है कि मैं ईडी से मांग करता हूं कि राज्य की जनता को लूटने वाले इस लूटेरे मंत्री को अविलम्ब गिरफ्तार करते हुए इसके सभी संपती को जब्त किया जाए।ऐसे भी कांग्रेस के झारखंड के चारों मंत्री ने जमकर झारखंड को लूटने का कार्य किया है। जिसमें से एक आलमगीर आलम अभी जेल में है। और तीन मंत्री रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, और बन्ना गुप्ता का नंबर लगा हुआ है।

## मृतक रूपा कुमारी को मिले न्याय : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, निरंजन प्रसाद, जमालुद्दीन खलीफा ने रामगढ़ प्रखंड के ग्राम - नावाडीह में पिछले दिनों 13 साल की बच्ची मृतक रूपा देवी के माता जीरा देवी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और गहरा दुख व्यक्त किया। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि रामगढ़ प्रखंड के नवाडीह इलाका आदिम जनजातियों का बहुल इलाका एवं इस इलाके में बराबर आदिम जनजातियों एवं आदिवासियों के साथ शोषण होता रहा है। आदिम जनजातियों के पास रोजी रोजगार के लिए कोई काम भी नहीं है और सरकार के द्वारा मिलने वाला राशन भी समय पर नहीं मिलता जिसके अभाव में पेट भरने के लिए दलालों के चक्कर में पड़कर दिल्ली पंजाब बिहार ठेकेदार के हाथों कठपुतली बनकर चले जाते हैं और बाद में उनके साथ दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं होती है। पुनः ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो जिसके लिए कड़े कदम उठाना होगा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चुप नहीं रहेगी और पूरे आदिम जनजातियों को साथ लेकर के मृतक रूपा कुमारी के न्याय के लिए आंदोलन करेगी। साथ ही साथ साथ छुपाने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों पर भी फिर दर्ज करने की मांग करती है। साथ ही रामगढ़ के प्रखंड पदाधिकारी ने अभी तक सरकार के तहत मिलने वाला मुआवजा मृतक के परिजनों को कुछ भी नहीं दिया इससे साफ मालूम चलता है कि सरकारी पदाधिकारी भी इस मामले को गंभीरता से ना लेकर के उदासीन रवैया अपना रहे। वही आदिम जनजातियों के मिलने वाला चार महीना का राशन अक्टूबर से लेकर जनवरी तक सरकारी पदाधिकारी मिल बाटकर गटक गए। इलाके में चलने वाले दर्जनों पत्थर मांइस से आदिम जनजाति के लोग कोई लाभ नहीं मिल रहा है बल्कि वह धूल फाकने को विवस है। मृतक के मां के साथ सुषमा मुरमा, पार्वती देवी, उप मुखिया ललन यादव, राकेश सोरेन,शुशील कोरवा,जीतु कोरवा सहित पचासों लोग उपस्थित थे।

## धड़ल्ले व अवैध रूप से की जा रही है केंदू पत्ता की खरीदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिला के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों धड़ल्ले से अवैध रूप से केंदू पता की तुड़ाई एवं खरीदारी की जा रही है। जबकि लावालौंग सेंचुरी क्षेत्र को सरकारी डाक नहीं किया गया है। चौकाने वाली बात है कि लावालौंग सेंचुरी क्षेत्र में बीडी पता अवैध रूप से तोड़वाने के लिए जिले के बाहर से लोग आकर अड्डा मार बेखौफ होकर केंदू पता तोड़वा कर बड़ी बड़ी ट्रकों से लौड कर बाहर ले जाते हैं और करोड़ो की कमाई करते हैं वहीं सरकारी खजाने को चुना लगा रहे हैं। हालांकि अवैध रूप से बीडी पता तुड़वाने में वन विभाग के कर्मियों के शामिल होने की पुख्ता सबूत भी मिले हैं। जहां वन कर्मियों को भी मोटी रकम दी जाती है। आपको बता दें कि यह बीडी पता की तुड़ाई लावालौंग के रिमी, रामपुर, टिकदा, सोहदा, बरवाडीह, नावाडीह, टिकुलिया, सिलदाग, महुआ डीह, मनधनिया के अलावे अन्य प्रखंडों में भी अवैध रूप से बीडी पता का अवैध रूप से खरीद बिक्री की जा रही है। वन विभाग को जानकारी रहते हुए भी कारवाई से कोसो दूर है।

## एक सप्ताह में कूप निर्माण योजना को पूरा करें : संग्राम मुर्मू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जिला के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत महुवा टोली मर तथा बुटी पंचायत के बूटी ग्राम में सिंचाई कूप का निरीक्षण किया। कूप निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कूप निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए कूप निर्माण का स्थिती का जायजा लिया। वही महुवा टोली में जावा उरांव का कूप में पटाई का कार्य चल रहा है। जिसको शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभुक, रोजगार सेवक और मेठ को निर्देश दिया गया की कूप निर्माण कार्य में सवधानी के साथ कार्य में तेजी लाये और कार्य को बरसात से पूर्व एक सप्ताह में पूरा करें। साथ ही मजदूरों की मजदूरी समय से भुक्तान करने का निर्देश देते हुए कूप निर्माण कार्य मे अधिक मजदूर लगाने का निर्देश बीडीओ द्वारा दिया गया। तथा मजदूरों का डिमांड निकाले और काम देने के लिये कहा गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, बीपीओ निलेंद्र कुमार, सहायक अभियंता सुगंधा भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोक प्रेरणा केंद्र कार्यालय सिमरिया में 34 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया में लोक प्रेरणा केंद्र के कार्यालय सिमरिया में लोक प्रेरणा केंद्र का 34 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां महात्मा गांधी के प्रतिमा पर फुल माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर लोक प्रेरणा केंद्र के सचिव मौसमी बाखला, और अध्यक्ष के अलावे प्रतिमा कुमारी एवं अन्य लोग शामिल थे।

# मगध परियोजना में स्थानांतरित अधिकारी को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** मगध परियोजना कार्यालय के प्रांगण में मगध परियोजना, मगध-संघमित्रा क्षेत्र, सी.सी.एल. से महानदी कोलफील्ड लिमिटेड में स्थानांतरित किए गए अधिकारी संजय कुमार बेहेरा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित कर मगध प्रबंधन द्वारा आदर पूर्वक सम्मानित कर उन्हें ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। संजय कुमार बेहेरा पिछले 08 वर्ष से मगध परियोजना में कार्यरत थे। संजय कुमार बेहेरा का स्थानंतरण कोल इंडिया मुख्यालय द्वारा प्रथम श्रेणी चैनल खनन के विभाग में श्व5 ग्रेड से श्व6 ग्रेड में पद्दोनती कर मगध संघमित्रा क्षेत्र, सी.सी.एल., राँची से ओडिशा में स्तिथ कोल इंडिया की सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड लिमिटेड में किया गया है। इस आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा ने अपने भावुक संबोधन में कहा कि संजय कुमार बेहेरा का कार्यकाल मगध परियोजना में संतोषजनक रहा है। सरकारी सेवा में एक जगह से दूसरे




जगह आने जाने का सिलसिला लगा रहता है। अपने कार्यकाल के दौरान संजय कुमार बेहेरा ने जिस तरह से अपनी जिम्मेदारी को निभाई वह काफी काबिले तारीफ है। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि, आगे वे जहां भी रहे वहां इसी तरह अच्छे ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें। परियोजना पदाधिकारी ने संजय कुमार बेहेरा की कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनकी मृदुभाषिता व मिलनसार व्यक्तित्व की चर्चा की और उन्होंने बताया की इतना ही नहीं कुछ चुनौतीपूर्ण मौके भी आए जिसमें बेहेरा साहब ने हर चुनौती का बखूबी सामना किया। प्रेषण अधिकारी दया शंकर ओझा ने संजय कुमार बेहेरा की सेवाओं का उल्लेख करते हुए उनकी लगन मेहनत की सराहना की और उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। उपस्थित अधिकारीगण एवं कर्मीयों द्वारा अपने-अपने विचार रखते हुए संजय कुमार बेहेरा के काम के प्रति इच्छाशक्ति निष्ठावान उनके अनुभव एवं कार्यों को साझा किया गया। समारोह में मौजूद अधिकारीगण और कर्मियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी। संजय कुमार बेहेरा अपने शुरुआती दौर के अनुभव को साझा करते हुए भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि मगध परियोजना में उन्हें अधिकारियों से लेकर कर्मियों तक का सदैव सहयोग मिलता रहा। मगध परियोजना के सेवाकाल में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जो सहयोग एवं मार्ग दर्शन मिला है वह उसे कभी नहीं भूलेंगे। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सभी स्टेकहोल्डर्स, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि, आस-पास के ग्रामीण, भुरैयतों का भरपूर सहयोग मिला। भाव विभोर होते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने एक परिवार से अलग हो रहे हैं। संजय कुमार बेहेरा ने कहा की मगध परियोजना द्वारा मेरी सेवाओं के दौरान मुझे जो स्नेह और प्यार अधिकारी और कर्मचारी ने दिया, उसके लिए में सदा ऋणी रहूँगा तथा मैं सदा ईमानदारी एवं समपर्ण भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने का प्रयास किया। कार्मिक विभाग के तत्त्वाधान में आयोजित इस विदाई समारोह का संचालन सहायक प्रबंधक (कार्मिक) आकाश वरुण कुल्लु ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकाश वरुण कुल्लु ने कहा कि अपने अधिकारी कर्मचारी से लेकर आम जनता के बीच बेहेरा साहब का व्यक्तित्व काफी लोकप्रिय रहा है। बेशक बेहेरा साहब का मगध परियोजना से विदाई हो रही है, लेकिन उनके 08 वर्ष के कार्यकाल को याद रखा जाएगा। परियोजना के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से व्यवहार भी काफी अच्छा रहा और उनका कार्य बहुत सराहनीय रहा है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि आपकी कार्यकुशलता एवं आचरण हमलोगों के लिए प्रेरणा देती रहेगी। विदाई समारोह में सभी ने उनका जबरदस्त तरीके से अभिनंदन कर उन्हें विदाई दी। इस विशेष अवसर पर परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारिगण, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विदाई समारोह के अंत में सहायक प्रबंधक(कार्मिक) आकाश वरुण कुल्लु ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आज सवारेंगे पर्यावरण, तभी बेहतर होगा कल का जीवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी पंचायत के सिंघानी चौक समीप दर्जनों पेड़ युवाओं के द्वारा लगाने का कार्यक्रम किया गया। सभी युवाओं ने विभिन्न प्रकार के बालवृक्ष सागवान, नाशपाती, नीम, अमरूद, अशोका, जामुन, नारियल आदि पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया है। पौधारोपण करते हुए रिशु सिन्हा, निकेतन सिन्हा, विवेक सिन्हा, उज्जवल सिन्हा, सुमित कुमार, सोनल चंद्रवंशी, आयुष कुमार, पीयूष कुमार, दिव्येश राणा, विशाल कुमार आदि ने कहा कि अभी पूरा विश्व पेड़ों की कमी से होने वाली भौगोलिक परेशानियों से जूझ रहा है। तापमान दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा जो मानव जीवन के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो रहा है। आगे कहा कि जहां प्रखंड क्षेत्र में एक ओर पेड़ लगाई जा रही है तो वहीं एक ओर विकास के नाम पर पूरा जंगल का जंगल तबाह



किया जा रहा है। पेड़ों की कटाई लगातार हो रही है और पेड़ लगाने के नाम पर जो काम है बिल्कुल शून्य है। इस पर न ही कोई देखने वाला है ना ही संज्ञान में लेने वाला। हम सभी प्रखंड वासी अगर एक हो जाए और पर्यावरण बचाव में उतरे तभी यह कटाई को रोकी जा सकती है। सभी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर पौधे लगाए जा रहे हैं ताकि वहां वास कर रहे स्थानीय लोगों को कई समस्याओं से छुटकारा मिल सके व अपना जीवन यापन स्वच्छ वातावरण में रहकर व्यतीत कर सकें। साथ ही बताया कि पेड़ लगाने के अनेकों फायदे हैं। जैसे कि पेड़ से हमें प्राण वायु मिलती है। पर्यावरण शुद्ध रहता है। पेड़ों से हरियाली रहती है। साथ ही पेड़ लगाने से मानसून समय पर आती है जिससे किसानों को खेती में बहुत मदद मिलती है।

# जल, जंगल, जमीन की लूट व विस्थापन के खिलाफ होगा उलगुलान : बीपी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य में जल जंगल जमीन की लूट और विस्थापन के खिलाफ उलगुलान होगा। खुलेआम गैरमजरूआ जमीन एवं जंगल की लूट हो रही है,जिस पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार तमाशबीन बने हुए हैं। उक्त बातें हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में कहीं।उन्होंने कहा कि केवल हजारीबाग में 25 हजार एकड़ जमीन से अधिक जमीन और वन विभाग की जमीन की लूट हुई है। आज से पिछले 4 वर्ष पूर्व 5 सौ एकड़ वन विभाग की जमीन पास हुआ था लेकिन आज तक विभाग मौन है कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिले के बड़कागांव और केरेडारी, सदर, कटकमदाग हजारीबाग के आसपास के गांव में खास महल के लगभग 20 हजार एकड़ जमीन की लूट हुई है। इस संबंध में कई जांच हुई,जांच की फाइलें जिला प्रशासन के कार्यालय और राज्य सरकार के दफ्तर में दबी रह गई किसी प्रकार की कोई कार्रवाई आज तक देखने को नहीं मिली है। एनटीपीसी बड़कागांव के पकरी बरवाडीह कोल माइंस में यहां अवैध बंदोबस्ती का एसआईटी जांच कमेटी का गठन हुआ और जांच कमेटी ने जो रिपोर्ट में लिखा 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक गैर मजरूआ बंदोबस्ती का भुगतान हो चुका है। एनटीपीसी द्वारा एक ओर जहां नदी नाले में भी खनन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर बड़का गांव से फतहा चौक तक सैकड़ो एकड़ जंगल की जमीन को बर्बाद कर दिया गया। इसके कई मामले झारखंड उच्च न्यायालय में लंबित है। श्री मेहता ने कहा कि जल जंगल जमीन की लूट के लिए सबको पूरे राज्य में एकजुट होने की आवश्यकता है। झारखंड आंदोलन की तर्ज पर आंदोलन करना होगा। श्री मेहता ने कहा कि सबसे आश्चर्य की बात यह है कि विगत 14 महीने से कड़कड़ाती ठंड में और लू चलती गर्मी में गोंदलपुरा सहित पांच गांव के ग्रामीण धरने पर पिछले एक वर्ष से बैठे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।वहीं चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के इचाकखुर्द गांव में 22 अप्रैल 2023 से सिमपुर कठौतिया रेलवे लाइन में जो गैरमजरूआ जमीन जा रही है जिसका कई दशकों से बंदोबस्त है और घर मकान किसान खेती गृहस्थी चल रही है उसके भुगतान के लिए धरना पर बैठे हुए हैं। चतरा के दूसरे इलाके में भी भारत माला रोड में गैरमजरुआ जमीन के भुगतान के लिए लगातार आंदोलन चल रहा है। इस संबंध में श्री मेहता ने कई बार पत्र झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त राजस्व सचिव एवं दोनों जिला के उपायुक्त को दिया है लेकिन पदाधिकारी मौन है।

# गीतांजलि ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने शनिवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया विगत 16 मार्च को संध्या करीब 09बजे काली बाड़ी रोड स्थित गीताजंली ज्वेलर्स में हथियार से गोली चलाते हुए लूट की घटना घटी थी। घटना पर उनके द्वारा अनुसंधान और कांड के उद्भेदन हेतु शिवाशीष कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया।टीम के द्वारा कांड के अनुसंधान में प्राप्त साक्ष्यों के तकनीकी विश्लेषण तथा सूचना तंत्र के आधार पर कांड का उद्भेदन करते हुए इस कांड में शामिल सभी पांच अपराधकर्मियो को कांड में लूटा हुआ आर्टिफिसियल जेवर तथा घटना में प्रयुक्त हथियार दो स्वचालित पिस्तौल, गोली के साथ तथा घटना में उपयोग में लाई गई दो मोटरसाईकिल जो गत फरवरी में बड़कागांव थान क्षेत्र से चोरी किया गया था,को बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियों को बरामद जप्त सामानों के साथ न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में का डेविड मिंज थाना टंडवा जिला चतरा, अविनाश कुमार कटकमदाग, विद्या कुमार उर्फ बेदिया बांका थाना कटकमदाग, पंकज कुमार, बांका थाना कटकमदाग एवं विक्रम कुमार,कटकमदाग जिला हजारीबाग शामिल हैं।

# खैरा में हर घर नल जल योजना हुआ फैल, लाभुको के घर जल पहुंचने से पहले सीमेंट से बना पानी टावर स्टेंड धसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांवों में संवेदक द्वारा हर घर नल जल योजना में अनिमियत्ता बरतने की खबरे अब तक कई इलेक्ट्रोनिक,न्यूज पोर्टल, यूट्यूब , हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकारों द्वारा अखबारों में प्रकाशित किया गया है। लेकिन अब तक पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी,प्रशासनिक पदाधिकारी गणों ने मामले को संज्ञान में लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। बात दे कि हजारीबाग जिला के टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत पससं विनय कुमार , समाज सेवी अरविंद केशरी संग कई ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा सीमेंट , बालू, छड़, छर्री से निर्मित स्टेंड में लापरवाही बरती गई है। जिसके कारण नल जल योजना के तहत लोहे के खंभा ,टंकी ,सोलर पलेट ,जिसमे लगा होता है वह जमीन में ही बैठता जा रहा है। योजना कार्य के तहत हर घर नल जल योजना की कनेक्शन अब तक खैरा में हुआ भी नही की पानी टंकी में उपयोग किया और बिछाया गया पाइप लाइन टूटना ,फटना , कबड़ना चालू हो गया। वही उन्होंने यह भी कहा कि सीमेंट से निर्मित पानी टंकी का स्टेंड धस जाने तथा पानी टावर टंकी झुक जाने से आस पास के घरों में डर बना हुआ है। मुहल्ले वासी कहते है की कभी भी हमलोगो के घरों में भारी भरकम लोहे के खंभा सहित पानी टावर टंकी गिर सकता है। जिससे जान माल का नुकसान की संदेह आका जा रहा है। हम सभी ग्रामीण सबंधित विभाग से आग्रह करते है कि मामले को संज्ञान में लेकर समस्याओं का समाधान करवाने का कार्य करे ताकि जान माल की सुरक्षा हो सके।

# खनन विभाग है चमेली खदान में मासूमों की मौत का जिम्मेवार : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेशनल पार्क के समीप जंगलों के बीच चमेली पत्थर खदान में दर्जनों नाबालिक स्त्री पुरुष एवं जंगली पशुओं की मौत हो चुकी है।3 दिन पुर्व हीं 16 वर्षीय जमन अब्बास पिता जफर अब्बास जैन मंदिर रोड हजारीबाग की इसी खदान में डूबने से मौत हो चुकी है।इन सब मौतों का जिम्मेवार खनन विभाग है क्योंकि खनन संविधान में नियम है कि खनिज निकालने के बाद उसे बालू या अन्य मटेरियल से भर दिया जाता है तथा उक्त स्थान पर पर्यावरण सुरक्षित करने हेतु पौधा लगाना या सुंदरीकरण करना है।परंतु खनन विभाग झारखंड में ऐसा नहीं कर नियम का उल्लंघन करते हुए मौतो को निमंत्रण दे रहा है। खदान वैध है या अवैध यह जांच का विषय है।हद तो तब हो गई जबअब्बास के डूबने के 2 दिन के बाद एनडीआरएफ टीम यहां पहुंची है इसमें कहीं ना कहीं सरकार भी दोषी है।उक्त बातें कांग्रेस नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने चमेली पत्थर खदान स्थल निरीक्षण के दौरान कहा। डॉ मेहता ने कहा कि दर्जनों बार ऐसा तांडव हुवा है अब झारखंड सरकार को संज्ञान में ले कर डीएमएफटी फंड जो खनन विभाग को टैक्स मिलता है उसी टैक्स से चमेली खदान सहित झारखंड के सभी खदानों को बाउंड्री या बैरिकेड करें। सभी मृतकों के परिजनों को आपदा राहत के तहत 10-10 लाख सरकार मुआवजा दे।

# सेवा सहयोग समिति के द्वारा पंचायत स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के बानादाग पहाड़ी मंदिर के समीप विकास कुमार कुशवाहा की निवास स्थान पर सेवा सहयोग समिति के द्वारा एक अहम बैठक आयोजित की गई, बैठक में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी व संस्था के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा स्वयं शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होने वाली पंचायत स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला को लेकर विचार विमर्श किया गया।बताया गया कि आगामी 12 जून से पहले चरण में पंचायत स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला प्रारंभ होगा जिसकी शुरुआत कटकमदाग प्रखंड से की जाएगी। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा कि सदर विधानसभा की जनता की सेवा करना ही मेरी प्राथमिकता है तथा मेरा उद्देश्य साथ ही कहा कि नारी शक्ति के बिना देश और राज्य का उत्थान संभव नहीं है,भारत की नारी सबल सशक्त नारी है, जिसकी देश के उत्थान में बराबर भागीदारी रहती है। साथियों उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में पंचायत स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसके जरिए प्रखंड में निवास करने वाली जनता जनार्दन अपनी स्वास्थ्य का जांच करा सकें, यह स्वास्थ्य मेला आगामी 12 जून से प्रारंभ हो रहा है पहले चरण में कटकमदाग प्रखंड से शुभारंभ की जाएगी। साथ ही कहा की सेवा सहयोग समिति विगत वर्षो से समाज की सेवा कार्य में समर्पित है,जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को सम्मानित कर हौसला अफजाई किया गया है, मेडिकल कैम्प लगाने का कार्य, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि कौन से की दृष्टिकोण से 10,000 पौधा लगाया जाएगा।

## समाजसेवी प्रदीप प्रसाद की पहल पर बिजली विभाग ने लगाया ट्रांसफार्मर



**हजारीबाग :** दारू प्रखंड के हरली पंचायत के पेटो गांव मे बिजली विभाग के माध्यम से 200 केबीए का ट्रांसफार्मर समाजसेवी प्रदीप प्रसाद की पहल पर लगाया गया।ट्रांसफार्मर मिलने के बाद ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा।श्री प्रसाद ने विधिवत रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।कहा कि क्षेत्र से जुड़ी जन-सरोकार के समस्याओं को लेकर मैं सदैव आप लोगों के साथ हूं।मौके पर प्रकाश कुशवाहा, जीतन प्रसाद, नरेश कुशवाहा, देवनारायण कुशवाहा, अशोक , मुरारी प्रसाद, मीणा देवी, सरिता, देवन्ती देवी, सुरेन्द्र सिह, कुशवाहा मुकेश गिरि सहित काफी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार दास की माता जी का निधन, परिवार शोकाकुल



**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के भराजो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार दास उर्फ बिनोद सर के माता जी का देहांत 8 जून 2024 दिन शनिवार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष तिथि द्वितीय आद्रा नक्षत्र को रांची मेडिको अस्पताल में इलाज के दौरान समय लगभग प्रातः 5:59 मिनट में देहांत हो गया। मृतिका अपने पीछे पति बेटे बेटी नाती पौता समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गई। परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।

## राष्ट्रीय तेली साहू समाज का झारखंड से एक ओबीसी चेहरे को मंत्रिमंडल में शामिल की मांग



**बड़कागांव :** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल एवं धनबाद संसदीय सीट से ढुल्लू महतो की जीत पर राष्ट्रीय तेली साहू समाज के जिला उपाध्यक्ष अशोक साव ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा ओबीसी समाज को दो सीट दिया गया। दोनों सीट से परचंड जीत का परचम लहराया है। झारखंड राज्य से एक ओबीसी चेहरे को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की गई है ताकि झारखंड में आने वाला विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनाव में लाभ मिले। मांग करने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अशोक साव, ढलान साहू, माथुर साहू, हरि साहू, हीरालाल साहू, कैलाश साहू, श्याम प्रशाद गुप्ता, डुभन साव, मोहन साव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## नुआ घाटी में बड़ा हादसा: दो ट्रक पलटे, चालक-उपचालक घायल, लम्बा जाम लगा



**हजारीबाग :** जिले में स्थित दनुआ घाटी में शनिवार को एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। गनीमत रही इस दुर्घटना में किसी की जान नहीं गयी। दरअसल चौपारण जिले के एनएचटू स्थित इस घाटी में दो ट्रक पलट गया। जिसमें ट्रक चालक तथा उनके साथ मौजूद उपचालक घायल हो गए। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर लंबी जाम लग गयी। इधर जैसे ही इसकी सूचना हजारीबाग पुलिस को मिली वह घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने में लग गयी। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को वहां से हटा लिया गया। जब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। जाम में फंसे रहने के कारण यात्रियों को तपती गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं घायल चालक व उपचालक को उपचार के अस्पताल में ले जाया गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में सरिया लदा हुआ था।

# विष्णुगढ़ में हर-घर, नल-जल योजना पूरी तरह विफल, आमजनों को नही मिल रहा लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखण्ड में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगो का जीना मुहाल है,वही प्रखण्ड मे पड़ रही तपती गर्मी से लगातार भूजलस्तर गिरता जा रहा है। पेयजल की समस्या से निबटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर-घर जल नल योजना के तहत पेयजलापूर्ति की योजना को धरातल पर उतारा परन्तु यह मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रखण्ड के सभी पंचायतो में विफल साबित हुई है। सूत्रों एवं ग्रामीणों के कथनानुसार पानी टंकी लगे जलमीनार से लेकर कनेक्शन तक मे भारी भ्रष्टाचार हुआ है। जिसका भुगतान विष्णुगढ़ प्रखण्ड के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। पेयजलापूर्ति नही होने एवं कुओ के सूख जाने की वजह से लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर है। करोड़ो की लागत से बने जलमीनार हाथी के दाँत के समान है,सिर्फ दिखाने को इन समस्याओं पर आला-अधिकारियों को संज्ञान लेते हुए भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगो के खिलाफ कार्य करनी चाहिए। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के टंडा में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत निर्मित जलमीनार से लोगों को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके वजह से वहां के ग्रामीण पानी की न्यूनतम जरूरत के लिए भी इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। इस संबंध में पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जलमीनार के माध्यम से लगभग 28 घरों को पानी कनेक्शन दिया गया है लेकिन सभी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके मुख्य दो कारण बताए जा रहे हैं, बैटरी की समस्या बताते हुए बताया की सौर ऊर्जा पर आधारित इस योजना में लगी बैटरी पानी को टंकी तक चढ़ाने में असक्षम है,इसके साथ ही बोरिंग भी सही तरीके से नहीं की गई है जिसकी वजह से सुबह के वक्त कुछ मात्रा में और संध्या के वक्त कुछ मात्रा में ही पानी टंकी में आती है। इसलिए 28 घरों के अनुसार पर्याप्त मात्रा में न्यूनतम जरूरत के लिए भी पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस मामले में पिछले दो माह से लगातार खबरों के प्रकाशन के बावजूद भी विभाग ने मौन धारण कर रखा है।

## विधायक ने किया धान बीज वितरण का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**संवाददाता :** बरही : बरही प्रखंड क्षेत्र के किसानों को समय पर धान का बीज मिले, इसके लिए विधायक सह सभापति निवेदन समिति के उमाशंकर अकेला विभिन्न पंचायतों में पैक्स द्वारा उन्नत किस्म के धान बीज उपलब्ध कराने को लेकर सक्रिय हैं। शनिवार को विधायक ने रसोइया धमना पैक्स में किसानों के बीच खरीफ फसन धान बीज वितरण का शुभारंभ किया। किसानों से विधायक ने कहा कि किसान पैक्स के माध्यम से सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर धान के उन्नत किस्म के बीज प्राप्त कर अच्छी पैदावार करें। समय पर खेत में बीज की बुवाई हो, इस कारण तेजी से बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित पैक्स अध्यक्ष सुनील साव, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव सहित अन्य पदाधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों को धान का बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जानकारी देते बीसीओ संजय यादव ने बताया कि प्रखंड के दो पैकस रसोईयाधामना और गौरैयाकरमा पैक्स में 20 किवंटल धान बीज आया है, जिसे आवश्यकता अनुसार किसानों के बीच वितरण किया जाना है। फिलहाल 30 किलो का धान बीज का पैकेट दो किसानों को दी गई है। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, धमना मुखिया गोविंद साव, पंसस मो तैयब, अशोक सिंह, कार्तिक पासवान, मो वारिस, तौकीर रजा, रिजवान अली, मो हैदर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## गैरेज में खड़ी कार में लगी आग,आस-पास के लोगो की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़- गोमियाँ सड़क मार्ग के किनारे, विष्णुगढ़ बैंक ऑफ़ इंडिया के बगल में स्थित एक मारुति गैरेज में खड़ी कार में अचानक आग लग गया।यह घटना शुक्रवार देर शाम की है। गैरेज का मालिक संजय कुमार ने बताया कि जिस कार में आग लगी है, वह कार कबाड्डी हो चुका था।और बहुत दिनों से गैरेज में खड़ी है।अचानक आग लग गया आग लगने के बाद आसपास के लोग यहां जुट गए इसके बाद आग को बुझाया गया।सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी पहुंची। बताया जाता है कि गैरेज में कई गाड़ियां भी खड़ी थी. वह बच गया. आग की उठती लपटों ने दूसरी खड़ी गाड़ियों को अपनी चपेट में नही ले सकी जिसकी वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई।

# बिजली कटौती व लो वोल्टेज से आक्रोशित और परेशान है बड़कागांव के उपभोक्ता



फाइल फोटो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में पिछले कई दिनों से लो वोल्टेज, और बिजली कटौती से लोग परेशानी के साथ साथ अब आक्रोशित भी नजर आ रहे हैं। लो- वोल्टेज की वजह से पंखे, कूलर, मशीन सब बंद हो चुके हैं और पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इससे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि लो-वोल्टेज की समस्या निराकरण के लिए कई बार विद्युत विभाग से कहा गया, पर अभी तक समस्या का निदान नहीं हो सका। भीषण गर्मी में पारा 40 डिग्री से पार हो गया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति भी चरमरा गई है। इन दिनों लचर बिजली आपूर्ति ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। तेज धूप व उमसभरी गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान के साथ साथ आक्रोशित भी हैं। दिनभर बिजली का आंख मिचौली लगा रहता है। वहीं रात में भी बिजली आपूर्ति सही ढंग से नहीं रह रही है। निर्बाध रूप से बिजली नहीं रहने से इन्वर्टर भी सही से काम नहीं कर रहा, जिससे और समस्या बढ़ी गई है। लोगों को पानी की समस्या भी झेलनी पड़ रही है। 24 घंटो में मुश्किल से 6 से 8 घंटे बिजली बड़कागांव में दिया जा रहा है। बिजली विभाग के लचर रवैय्ये को देखते हुआ ग्रामीणों में गुस्सा भड़क रहा है। अगर बिजली विभाग के द्वारा बिजली की समस्या का निदान नहीं किया गया तो ग्रामीणों का ये गुस्सा कभी भी लावा बन कर फुट सकता है।

# ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



फाइल फोटो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। शुक्रवार लगभग 2 बजे गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव हुरलंगबागी निवासी स्व रामविलास महतो के पुत्र संतोष महतो को पुलिस ने ब्राउन शुगर बेचते हुए पकड़ा। संतोष अपने किराने की दुकान पर ब्राउन शुगर खरीद बिक्री का काम करता था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी के त्वरित करवाई करने पर संतोष कुमार को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा जा सकता है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार और रिजर्व गार्ड को शामिल किया गया। गठित टीम के साथ त्वरित छापामारी करते हुए संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में संतोष कुमार के पास से पांच सफेद पुड़िया में ब्राउन शुगर पाया गया। पांचों पुड़िया का कागज सहित वजन 6.10 ग्राम है। इस संबंध में बड़कागांव कांड संख्या 148/24 एनडीपीएस की सुसंगत धारा के तहत में केस दर्ज करते हुए संतोष कुमार को न्यायायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया गया। मामले को ले कर प्रेस व्याप्ति जारी करते हुए बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा के किसी भी परिस्थिति में ब्राउन शुगर के कारोबार में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े जाने पर शख्त से शख्त कानूनी करवाई की जाएगी। इस तरह का नशे का कारोबार करने वाले इंसानियत का दुश्मन होता है। कहीं पे भी सूचना मिले के नशे का कारोबार हो रहा है तो इसकी सूचना बड़कागांव पुलिस को दें। बड़कागांव पुलिस द्वारा सूचना देने वाले की पहचान को गुप्त रखते हुए त्वरित करवाई की जाएगी। बड़कागांव पुलिस के लिए ये बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। पुलिस की इस करवाई से बड़कागांव में बढ़ते ब्राउन शुगर के कारोबार में निश्चित तौर पर रोक लगेगा। लेकिन अगर बड़कागांव के लोग चाहते हैं के बड़कागांव में पूरी तरह से ब्राउन शुगर के कारोबार में लगाम लगे तो बड़कागांव के लोगों को आगे आ कर पुलिस का सहयोग करना होगा। आम लोगों के सहयोग से ही ब्राउन शुगर के कारोबारियों की पहचान की जा सकती है और उन्हें पकड़ा जा सकता है।

# बाल विवाह व बलात्कार मामले में दस साल की सजा का स्वागत : शंकर दत्त

## झारखंड में भी इस तरह की कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** बाल विवाह के मामले में दिल्ली के तीस हजारी विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आरोपी को दस साल का सजा सुनाई है। आरोपी ने 13 वर्ष की बच्ची से बाल विवाह और बलात्कार किया था। उक्त बातें समाजिक संस्था अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने आगे कहा कि उक्त आरोपी को 10 साल के सश्रम कारावास और पीड़िता को 10.5 लाख रुपए के मुआवजे के आदेश अदालत ने दिया है। फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि बाल विवाह के मामले में यह ऐतिहासिक फैसला समाज में कानूनों की अवहेलना के प्रति डर का भाव सुनिश्चित करेगा। हम पूरे देश की अदालतों से अपील करते हैं कि वे बाल विवाह और बलात्कार के मामलों के निपटारे में तेजी लाए। साथ ही जघन्य अपराधों के दोषियों को सजा दें। राज्य सरकार समन्वय और हरसंभव सहयोग कर रही है। सरकार व प्रशासन बाल विवाह के खिलाफ जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान और बाल विवाह करने वाले अभिभावकों को समझाने-बुझाने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इस तरह की कार्रवाई झारखंड में भी होना चाहिए। इस कार्रवाई से देश में पॉक्सो के तहत 2.4 लाख लंबित मामलों को तेजी से निपटाने और इसी तरह के कड़े फैसलों की उम्मीद जगी है। दत्त ने आगे बताया कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यौन हिंसा व यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को न्याय मिलने में अब और विलंब नहीं हो। क्योंकि वे बरसों से अपने साथ अन्याय के जिम्मेदार अपराधियों को सजा का इंतजार कर रहे है।

# रामगढ़ महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा पीजी सेमेस्टर चार के अंतिम सत्र के विद्यार्थियों का ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा पीजी सेमेस्टर 4 के अंतिम सत्र के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया गया। जिसमें जामिया मिलिया इस्लामिया केंद्रीय विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के मूर्ति कला विभाग के सहायक प्रोफेसर अरोबिंदो उरांव ने विद्यार्थियों को शोध के संबंध में महत्वपूर्ण बातें बताई उन्होंने कहा कि शोध ऐसा होना चाहिए जिसमें कुछ नया उभर कर सामने आना चाहिए। उन्होंने रेफरेंस कैसे लिखा जाए इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि कभी भी कॉपी पेस्ट करने की विधि को ना अपनाए, ऐसा करने पर वह साहित्यिक चोरी के अंतर्गत आ जाएगा। काफी संख्या में छात्रों ने शोध संबंधी विभिन्न शंकाओं को रिसोर्स पर्सन के समक्ष रखा। रिसोर्स पर्सन ने सभी के शंकाओं का समाधान करते हुए कहा कि भविष्य में भी किसी तरह की शंका हो तो वे उनसे निसंकोच संपर्क कर सकते हैं और अपनी शोध संबंधी समस्या की चर्चा उनसे कर सकते हैं। इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर रोज उरांव ने कहा की समय-समय पर छात्रों के मार्गदर्शन हेतु ऐसे कक्षाओं का आयोजन जरूरी हो जाता है विभाग की इस पहल से छात्र-छात्राएं काफी लाभान्वित हुए। छात्र राजू बेदिया ने रिसोर्स पर्सन को सभी छात्रों- छात्राओं की तरफ से धन्यवाद दिया।

## गरसुल्ला पंचायत में मंडा पूजा आज, तैयारियां पूरी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गरसुल्ला पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में मंडा पुजा को लेकर गरसुल्ला मंडा पुजा समिति ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।वहीं मंडा पुजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर बेदिया ने बताया कि आठ जुन को भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था में मंडा पुजा का आयोजन किया गया है। वहीं इस मंडा पुजा में लोटन सेवा संध्या छह बजे से और नौ जून को रात्रि दस बजे से छऊ नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिससे बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के दर्जनो गांव सहित पतरातु प्रखंड क्षेत्र से हजारों लोग शामिल होंगे?। वहीं इस मौके पर मंडा पुजा समिति के सचिव नरेश बेदिया, संरक्षक कर्मवीर सिंह, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न सिंह, कार्तिक उरांव, बहादुर मांझी, बीरबल बेदिया, खगेश्वर मांझी,सिकासन करमाली, उमेश बेदिया, बिरसा मांझी, फुलचंद बेदिया,प्रयाग बेदिया,जुगेश बेदिया,कोषाध्यक्ष भूनेश बेदिया, उपाध्यक्ष भरजीत सिंह, उपसचिव राजेश सोरेन, राजू बेदिया आदि लोग मौजूद थे



# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हुआ विशेष लोक अदालत का आयोजन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत (मोटर दुर्घटना दावा मामले) का आयोजन किया गया। इस विषेश लोक अदालत में एक बेंच का गठन किया गया। इस बेंच के सदस्य अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय कुसुम कुमारी , जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अनिल कुमार , पैनल अधिवक्ता अमरनाथ बांका थे । इस विशेष लोक अदालत में कुल 52 मामले समझौता के लिए रखे गए थे। दोनों पक्षों की सहमति से मोटर दुर्घटना दावा मामले के कुल 06 मामलों का निपटारा हुआ जिसमें कुल 65,90,000.00 रूपये (पैंसठ लाख नब्बे हजार रूपये) इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा मोटर दुर्घटना पीड़ित के आश्रितों को दिया गया। इस विशेष लोक अदालत के अवसर पर प्रधान जिला जज ने बताया कि लोक अदालत में आपसी समझौते के माध्यम से वादों का निष्पादन किया जाता है। इसमें किसी पक्ष की हार नहीं होती बल्कि दोनो पक्षों की जीत होती है।

## सुशीला देवी के हत्या का उद्भेदन प्रशासन की उपलब्धि : सुनिता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर, छोटकी मुर्राम, विद्यानगर में हुई दर्दनाक हादसे के पीढ़ित परिवार वालो से मिलने पहुंची रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी द्य मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने पीड़ित परिवार वालो से मिल कर मृतक सुशीला देवी के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह की हृदय विदारक घटना ने हम सभी को झंझोर कर रख दी है द्य रामगढ़ शहर के विद्यानगर इतने शांत माहौल में यहां के लोग अपने जीवन यापन करते हैं चूंकि इसी घर में कुछ माह पूर्व यहां सामाजिक बैठक में शामिल हुई थी द्य मेरी और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का विद्यानगर के निवासियों के हर घर से पारिवारिक रिश्ता है, यहां पर हर सुख दुःख में शामिल होते आई हूं द्य और अपराधियों के द्वारा दर्दनाक घटना को अंजाम देने के बाद यहां के लोगों में काफी दहशत का माहौल थी , विषेश कर महिलाएं ओर बच्चों मैं भय का माहौल बना हुआ था , क्योंकि हर घर के पुरुष काम करने के लिए बाहर निकल जाते है ,महिलाएं ओर बच्चे दिन भर अकेले घर में रहते हैं जिस काफी भय का माहौल बना हुआ था द्य मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार को इस जघन्य अपराध की घटना की जल्द से जल्द पर्दाफाश।

## कोलफील्ड मजदूर युनियन के प्रतिनिधियो ने की सीसीएल सीएमडी के साथ बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस मे कोल फील्ड मजदुर युनियन और सीसीएल सीएमडी एनके सिंह के बीच बैठक हुई।इस बैठक में यूनियन के सभी क्षेत्र के पदाधिकारी शामिल हुए।कोलफील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय महामंत्री राघवन रघुनंदन के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक मे मजदुरो के आवास आवांटन, आवास मरम्मत,प्रमोशन, पानी सहित माइंस से संबंधित समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समस्या सुनने के बाद सीसीएल सीएमडी ने समस्या के समाधान करने का भरोसा दिया।बैठक में एरिया स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक कमेटी गठित कर समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया गया।इस बैठक में पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के भी कई पदाधिकारी शामिल हुए।पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के द्वारा सीसीएल सीएमडी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।बैठक में पिपरवार क्षेत्र से भीम सिंह यादव,अनिल कुंवर,रामू गोप, हरिवंश महतो,गांधीराम साहू, अकलू यादव सहित यूनियन के कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय विश्वकर्मा समन्वय समिति के द्वारा रामगढ़ जिला के विश्वकर्मा समाज कि बैठक स्थानीय किला मन्दिर के प्रागण में हुई।जिसकी अध्यक्षता जमुना शर्मा ने किएद्य बैठक में विश्वकर्मा बन्धुओ को जोड़ने संगठित करने के लिए घर-घर जा कर जन सम्पर्क अभिनयान चलाने को विचार-विमर्श किया गया ! साथ ही विश्वकर्मा समाज का जिला का चुनाव पर बात रखी गई। बैठक में उपस्थित प्रदेश संगठन सचिव नेपाल विश्वकर्मा , मन्दिर के पंडित जगदिश शर्मा, प्रदेश सचिव सीताराम विश्वकर्मा ,संगरक्षक बसन्त विश्वकर्मा, प्राखण्ड अध्यक्षक शालू विश्वकर्मा, जमुना शर्मा, रमेश शर्मा ,कृष्ण विश्वकर्मा, हरिचरण विश्वकर्मा, पुरु?षोतम विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



# भुरकुंडा रोड सेल चालू करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बलकूदूरा मदना टांड़ फुटबॉल मैदान में विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति की बैठक हुई। इस दौरान भुरकुंडा रोड से चालू करने की मांग की गई इसकी अध्यक्षता विजय मुंडा और संचालन वीरेंद्र मांझी ने किया। बैठक में भुरकुंडा रोड सेल के चारो राजस्व गांव बलकूदूरा ,देवरिया ,कुरशे,दुदुवा के बेरोजगार युवकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार कैसे मिले इस पर चर्चा की गई ।बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि भुरकुंडा कोलियरी में राजस्व गांव देवरिया, दुदुवा, बलकूदूरा,कुरशे की भूमि अधिकरण किया गया है। सीसीएल प्रबंधन द्वारा हम ग्रामीण विस्थापितों की कोई लाभ नहीं दिया गया है चारो गांव के ग्रामीणों को 40 वर्षों से भुरकुंडा लोकल सेल में रोजगार से वंचित रखा गया है कहा गया कि हमारी जमीन से प्रबंधन कोयला निकल रहा है और हमें रोजगार से वंचित रखा जा रहा है जिससे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा गया कि हम विस्थापितों के लंबे आंदोलन के बाद बलकूदूरा खदान में नया रोड सेल का प्रबंध प्रावधान आया है। नया रोड सेल नये सिस्टम से चलेगा । जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा गया कि आधा शहर आधा गांव अब नहीं चलेगा विस्थापित एवं प्रभावित के नाम पर सेल संचालन होना चाहिए सीसीएल प्रबंधन 15 जून तक हमारी मांग को पर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो 18 जून से बलकूदूरा खदान का चक्का जाम कर दिया जाएगा। मौके पर विजय साहू ,झारी मुंडा , सनी बसेरा, संजय यादव, अमर यादव, अनिल एक्का ,योगेंद्र यादव, कमलेश सिंह,शंकर मांझी, कार्तिक मुंडा, मनोज मांझी ,फूलचंद मुंडा, ब्रह्मदेव मुर्मू राजन करमाली, भोला साहब, पप्पू यादव ,वीरेंद्र प्रसाद ,धनीराम मांझी,लाल मुर्मू आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# पिपरवार के बेंती मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने निकाला विजयी जुलुश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत मे विजयी जुलुश निकाला गया।चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह विजयी जुलूस निकाला।भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता के नेतृत्व में निकाले गये विजयी जुलुश मे काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा बेंती बुध बाजार टाड से करमकटी भुईया टोला केसरी मुहल्ला बरवाटोला तक विजयी जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया।इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे जोश के साथ नारेबाजी की गई।मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के पुत्र पंकज राज और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,भाजपा युवा जिला महामंत्री विकी मालाकार, पंचायत प्रभारी गणेश गुप्ता सहित कई लोग इसमें शामिल हुए।जीत के जश्न में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से पहली बार स्थानीय उम्मीदवार की जीत हुई है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के विजयी होने पर अब चतरा लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास होगा।उन्होंने चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया।मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,धनराज भोगता,मंडल महामत्री संजय भोगता,सुखी गंझू,करण महतो,अमित कुमार,रोहित मांझी,आदित्य केसरी, रामलाल महतो,गणेश भुईया, सोमर गंझू,गोलू कुमार, बासुदेव गंझू,रतन गंझू,अरुण पासवान,रवि केशरी,दिनेश केसरी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पिपरवार के हाईवा ऑनर, मुशी और पेटी कान्ट्रेक्टर ने मंत्री और विधायक को सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य मे कम रेट मे टेंडर लाने पर जय अम्बे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड का विरोध लगातार जारी है।शनिवार को बचरा साईडिंग से जुड़े हाईवा मालिक,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टरो ने संयुक्त रूप से झारखण्ड के श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकाश एंव उधोग विभाग के मंत्री सत्यानन्द भोगता एंव बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से बचरा साईडिंग से जुड़े हाईवा ऑनर,पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को उचित भाड़ा दिलाने एंव दस चक्का वाहन चलाने की मांग की गई है।इस संबंध मे हाईवा मालिको ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी जय अम्बे रोड लाईस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कम रेट मे टेंडर लाने से हाईवा मालिको के अलावे पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को काफी नुकसान होगा।पूर्व मे एकेटी कम्पनी के समय से भाड़ा वृद्धि की मांग की जा रही थी और एकेटी कम्पनी का टेंडर समाप्त होने के बाद जय अम्बे रोड लाईस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ने 16 प्रतिशत बिलो टेंडर डालकर काम लिया है।हाईवा ऑनरो ने कहा कि कम्पनी कम रेट की भरपाई करने के लिए 16 चक्का व 14 चक्का हाईवा डम्पर से कोयला ढुलाई का प्रयास कर रही है।ज्ञापन के माध्यम से उचित भाड़ा और दस चक्का वाहन चलाने की मांग की गई है।ज्ञापन सौंपने वालो मे राजेश सिंह,सुभाष साव, सुखी गंझु ,राजेन्द्र साव, जगदीश महतो, गणेश महतो, दीपक साव, उमेश यादव, अशोक साव, छोटु खान, रविंद्र महतो,कोलेश्वर महतो, छोटू सिंह,नागेश्वर साव, दशरथ महतो, मुन्ना खान, अनिल पांडेय,अमित गुप्ता, लक्ष्मण मंडल, फूलदेव यादव, बालगोविंद महतो सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।



# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर श्रम अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ का प्रतिनिधि मंडल, केंद्रीय महामंत्री ( संगठन) राजेंद्र बेदिया के नेतृत्व मे, उपायुक्त रामगढ़ , अनुमंडल कार्यालय रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़, नियोजनालय पदाधिकारी रामगढ़ में मजदूरों की समस्या को लेकर एक मांग पत्र सौंपा गया । इस मांग पत्र में कहा गया कि आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग पीवीटी लिमिटेड सीआरटी सयाल डी कोल्यरी बड़का सयाल एरिया में बीते 26 जनवरी के दिन कार्य के बदले दोगुना मजदूरी की मांग कर रहे थे । सीसीएल परियोजना पदाधिकारी कैंप पहुंचकर इन सभी को मजदूरी न देकर अभद्र व्यवहार व अमानवीय व्यवहार किया गया । इन व्यक्तियों को काम से निकाल दिया है, जिसमे हीरालाल महतो, विद्युत करमाली, वीरेंद्र महतो ,वसंत चौहान, रितेश कुमार सिंह, द्वारिका महतो, मंजर अंसारी ,रवि विश्वकर्मा, इरफान अंसारी इत्यादि मजदूर हैं। यह सब मजदूर बरका सयाल में ही काम करना है, लेकिन ट्रांसफर के नाम पर यह सब को काम में बैठा दिया गया है। यानी हटा दिया गया है। इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो, राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा पनेश्वर महतो,जिला कोर कमेटी सदस्य गिरी शंकर महतो , जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सक्रिय सदस्य संजीव साहू, प्रभु दयाल महतो, द्वारिका महतो,विद्युत करमाली ,बसंत चौहान रितेश सिंह, हीरालाल महतो इत्यादि लोगों उपस्थित।

# मनीष जायसवाल के जीत पर उज्जवला फाउंडेशन ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में शनिवार को उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में हजारीबाग लोकसभा से मनीष जायसवाल के जीत पर फाउंडेशन के सदस्यों ने बधाई दिया. साथ ही नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दिया। वही एनडीए के सभी विजयी सांसद को भी बधाई दिया. बाद में उज्ज्वला फाउंडेशन के मजबूती पर भी चर्चा किया गया. साथ ही सदस्यों के किट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सुखदेव सोनी, आशा देवी, वीणा देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, मीनू देवी, संगीता देवी, मीणा मौजूद थी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं. 1, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–09–24–25 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** उप मुख्य अभियन्ता (नि.)/पूमरे/बरकाकाना के अधिकार क्षेत्र में पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में रांची रोड–पतरातू खंड के दोहरीकरण के संबंध में रांची रोड और अरिगड़ा स्टेशन के बीच किमी 94.266 पर अनाधिकृत समपार फाटक के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज 231ए (1x60 मीटर स्पैन बो स्ट्रिंग गर्डर) का निर्माण कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 18,53,41,554.76, **बोली प्रतिभूति (रू) :** 10,76,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 28.06.2024, 15:30 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/0439/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/24–25/44**

## लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट के द्वारा किया गया वृक्षारोपण




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट के द्वारा नेचर व्यू रेस्टोरेंट कैंपस खंडोली में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल के द्वारा एनवायरमेंट वीक मनाया जा रहा है, जिसके तहत जिला 322 ए के प्रत्येक क्लब को वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत आज हमारा क्लब नेचर व्यू रेस्टोरेंट कैंपस में 25 फलदार और छायादार वृक्ष लगाया । अध्यक्ष ने कहा कि पूरा विश्व प्रकृति का असंतुलन से प्रभावित है, जिसके कारण विश्व का औसत तापमान प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। प्राकृतिकत असंतुलन को दूर करने के लिए वृक्षारोपण सबसे कारगर और सरल उपाय है। आगामी तीन महीनों तक क्लब के द्वारा विभिन्न जगहों पर सैकड़ो वृक्ष लगाया जाएगा। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश, क्लब निदेशक लायन राजेश कुमार गुप्ता, सचिव लायन राहुल कुमार उपाध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद लायन डॉक्टर ज्ञान प्रकाश लायन अरुण कुमार साहू लायन मसरूर आलम सिद्दीकी लायन राहुल प्रसाद लायन विकास कुमार वर्मा लायन अवनीश अंशु उपस्थित थे।

## केसीएनए क्लब के संस्थापक सदस्य छोटेलाल दीन मिश्रा के निधन पर शोक सभा आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** के सी एन क्लब के संस्थापक सदस्य एवं मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज से अवकाश प्राप्त सैनिक पंडित छोटेलाल दीन मिश्रा के निधन पर शनिवार को एक शोक सभा का आयोजन धनबाद स्थित वृंदावन कॉलोनी में की गई। इसकी अध्यक्षता रवि कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 99 वर्षीय महान विभूति पंडित छोटेलाल दीन मिश्र के निधन से साहित्य जगत मर्माहत है। मिश्रा की देशभक्ति, आदर्श, विचार, मार्गदर्शन, प्रेरणा और चिंतन को हम सभी आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देनी होगी। ज्ञात हो कि के सी एन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्रा त्यागी श्रद्धेय पिता पंडित छोटेलाल मिश्र दिन मिश्रा के निधन पर 2 मिनट का मौन रख उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस शोक सभा में राजेश राय, उमेश तिवारी, मनोज सिंह, संतोष सिंह, डॉ नीरा प्रसाद, शालिनी झा, संजय सिंह, गणेश पांडेय, संतोष ओझा, सुधीर यादव, नवीन गुप्ता तथा रविंद्र उपाध्याय आदि शामिल थे।

## झामाडा में अनुकंपा आधारित कर्मियों ने दी 15 से उग्र आंदोलन की चेतावनी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार झमाडा के अमृत कर्मचारियों के आश्रित को अनुकंपा पर नियोजन की मांग को लेकर 28 महीने से लगातार चल रही धरना के मामले में आर पार की आंदोलन करने की घोषणा की गई है। मामले में प्रभावित लोगों ने बताया कि उनके भविष्य के साथ झमाडा प्रबंधन खिलवाड़ कर रही है। कार्य बल की कमी रहने के बावजूद बाहरी मजदूरों से और सेवानिवृत कर्मचारियों से दोबारा काम लिया जा रहा है जिससे अनुकंपा आश्रित अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# सभी शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा

### शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकु उत्पाद की बिक्री की अनुमति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने धनबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजि एवं सरकारी स्कूलों, महाविद्यालय तथा विश्व विद्यालय के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के बाहर 100 गज की परिधि में दं.प्र.सं. की धारा-144 के तहत अगले 60 दिनों तक के लिए निषेधाज्ञा लागू की है।




इस संबंध में अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि कोटपा एक्ट के कंडिका-6 में वर्णित है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकु उत्पाद को नहीं बेचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा या बिक्री की अनुमति नहीं देगा। उक्त परिपेक्ष्य में इसकी गंभीरता को देखते हुए सभी शैक्षणिक संस्थान के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के 100 गज के परिधि में दं.प्र.सं. की धारा-144 लगाया जाना आवश्यक है।

निषेधाज्ञा के तहत धनबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों, महाविद्यालय तथा विश्व विद्यालय के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के बाहर 100 गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तम्बाकु उत्पाद नहीं बेचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा यह निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगी।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट कर अमरेश सिंह ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आमंत्रण पर राष्ट्रपति भवन में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए आगामी 9 जून को ऐतिहासिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह दिल्ली पहुंच गए हैं। अमरेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल बहुत ही ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम होगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर आधारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल सबका साथ सबका विकास मंत्र के तहत आगामी बड़े फैसलों से देश में विकासशील एवं ऐतिहासिक अध्याय जोड़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचारीक मुलाकात कर उन्हें बधाई दी एवं धनबाद लोकसभा में हुई शानदार जीत पर उन्हे धनबाद आने का न्योता दिया।

## कम से कम 20 घंटे विधुत आपूर्ति सुनिश्चित करे नहीं तो होगा डिगवाडीह विधुत सब स्टेशन का घेराव : शुभाशीष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** पानी बिजली उपभोक्ता मंच जोड़ापोखर अंचल ने डिगवाडीह बिधुत सब स्टेसन के सहायक बिधुत अभियंता को मांग पत्र देकर भागा फीडर में कम से कम 20 घंटे बिधुत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इससे पूर्व स्थानीय नागरिकों के सहयोग से प्रदर्शन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता संरक्षक किशोर कुमार ने किया। मुख्य वक्ता शुभाशीष राय ने कहा है की भीषण गर्मी में डिगवाडीह, जेलगोड़ा, शालीमार, फुसबंग्ला, भागा, बनियाहिर के 25 हजार की आबादी त्रासदी से त्रस्त है। बिजली 24 घण्टे में मात्र 6 से 7 घंटे ही दिया जाता हैं। जिससे की व्यपार, पठन पाठन पूरी तरह से चैपट हो गया है। सब स्टेसन के सभी उपकरण को तत्काल बदला जाना चाहिए।

मांग पत्र महाप्रबंधक को दिया गया है। निर्णय लिया गया है की 19 जून को तमाम उपभोक्ताओं के सहयोग से डिगवाडीह बिधुत सव स्टेसन का घेराव एवम प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर अभिमन्यु राम, आर के श्रीवास्तव, दिनेश राम, सूरज कुमार, मुकेश सिन्हा, संजय दास, आरके श्रीवास्तव, दिनेश राम, सूरज चौहान, बबलू गोप, हरपाल सिंह, जेके साव, संजय कुमार राम, मुकेश सिंह, रिंकेश कुमार, रंजन कुमार वर्मा, अभिमन्यु राम, रवि कुमार वर्मा, रमेश कुमार सिंह, संजीव कुमार, उत्तम कुमार दास, विशाल साव, मनोज प्रसाद, साजन, विनीत सिंह, बंटी साव, सोनू कुमार आदि मौजुद थे।

## विशेष लोक अदालत में 4 करोड़ 99 लाख 75 हजार की रिकवरी, 46 मुकदमों का हुआ निपटारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित मुकदमो के त्वरित निष्पादन के लिए झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर मुकदमों के निपटारे के लिए छह बेंच का गठन किया गया था जिनके द्वारा कुल 46 मुकदमों का निपटारा कर कुल 4 करोड़ 99 लाख 75 हजार 8 सौ 75 रूपए की रिकवरी की गई है। बेंच मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, जिला एवं सत्र



न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रजनीकांत पाठक, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, संजय कुमार सिंह, कुलदीप लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, सुमन पाठक, स्वाति, मुस्कान चोपड़ा कुमारी शामिल थे। उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर अगामी 30 जून 24 को भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, राजस्व संग्रहण से संबंधित मामलों के शिघ्र निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

## विशाल वाल्मीकि ने दी कल्पना सोरेन को जीत की बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने गांडेय विधानसभा चुनाव में अपने समर्थको के साथ रांची स्थित कांके आवास पहुंचे और गांडेय विधानसभा से भारी मतों से उपचुनाव जीतने वाली कल्पना सोरेन को जीत की बधाई देते हुए उन्हें गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दी।

## जल जीवन मिशन व मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान तथा मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक आयोजित की गई। वही प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा ODF PLUS सरंचनाओ यथा सामुदायिक सोकपिट, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) भस्मक निर्माण माहवारी स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के साथ पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिया। वहीं बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस व अन्य कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता में गुणवत्ता पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करें। इसके अलावा उन्होंने मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आवास योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हो, ताकि लोगों को उचित लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा सकें। मौके पर बैठक में उपरोक्त के आलावा उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, सभी बीपीओ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## गिरिडीह एसपी ने पचंबा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव को किया लाइन हाजिर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के पचंबा थाना के थाना प्रभारी नरेंद्र यादव को लाइन हाजिर हो गए हैं।पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने थाना प्रभारी नरेंद्र यादव को शनिवार को थाना से हटाकर इन्हे पुलिस लाइन भेज दिया है।नरेश यादव के स्थान पर पचंबा के इंस्पेक्टर मंटू कुमार को नया प्रभारी थाना प्रभारी नियुक्त किया है। बताया गया कि नरेंद्र यादव पर कई गंभीर आरोप लगे है। वही थाने में उनका व्यवहार आम जनता और अपने जूनियर अधिकारियों के प्रति ठीक नहीं था। थाना में आने वाले लोगो से थानेदार नरेंद्र यादव सही तरीके से बात तक नहीं करते। इस वजह से डीएसपी टू कौसर अली के रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने यह करवाई की। बताया जा रहा है कि एक विवादित जमीन के मामले में भी इन पर भू माफिया को संरक्षण देने का आरोप था।

## गिरिडीह में संचालित मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए : उपायुक्त




### इन दस्तावेज के साथ कर सकते हैं आवेदन

जिला परिवहन पदाधिकारी के अनुसार वाहन संचालक के चयन में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी। बिल्कुल नए क्रय किये गए वाहन के मालिक ही आवेदन कर सकेंगे।

आवेदक के पास पहचान पत्र, आधार कार्ड, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र सक्षम स्तर से निर्गत, आयु प्रमाण पत्र जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, वाहन का प्रकार, वाहन से सम्बंधित अन्य दस्तावेज चाहिए। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम का अधिष्ठापन भी करवाना अनिवार्य होगा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले में संचालित मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जा रहा है। ताकि जिले के योग्य लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सकें।

इसी उद्देश्य से आज बस स्टैंड के यात्री शेड में सहायता-सह-जागरूकता केंद्र खोला गया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रचार हेतु जागरूकता रथ को जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री शैलेश प्रियदर्शी के द्वारा रवाना किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना की जानकारी दी जा सकें।

इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा योजना के व्यापक जागरूकता को लेकर लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया जा रहा है।

विदित हो कि झारखंड सरकार के द्वारा राज्य के वंचितों, छात्र छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों को बस भाड़ा में शत प्रतिशत रियायत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गई है। ग्राम गाड़ी योजना से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

सरकार की इन योजना का उद्देश्य गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है।

इससे गांव के किसान, मजदूर छात्र-छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। छात्रों के लिए स्कूल-कालेज, किसानों के लिए बाजार और मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा।

## सरकारी शराब दुकान के कर्मियों का 4 माह का वेतन बकाया



### ए-टू-जेड कंपनी लेकर भाग गई इनकी गाढ़ी कमाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के सभी सरकारी शराब दुकानों मैं आउटसोर्स एजेंसी के तहत काम करने वाले सेल्समेन सुपरवाइजर की हालत खस्ता है। कारण यह है की पिछली कंपनियों ने उनके बकाए का भुगतान किए बिना ही चली गई और दूसरी एजेंसी आने के बाद भी उनका भुगतान नहीं हुआ। अपनी बकाया को लेकर यह कमी श्रम विभाग में आउटसोर्स एजेंसी ए टू जेड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। संबंधित एजेंसी के साथ उनकी वार्ता कई बार विफल हो गई। विदित हो कि सेल्समैन की कोक एजेंसी के पास 4 माह का वेतन बकाया है। सेल्समेन ऋषिकेश सिंह ने बताया कि जिले में अंग्रेजी देसी और कंपोजिट शराब को मिला कर कुल 139 दुकान हैं जिसमें 435 कर्मी कार्यरत है। जिनका चार माह का वेतन ए टू जेड एजेंसी लेकर भाग गई और दूसरी एजेंसी संबंधित मामले में कुछ सुनने को तैयार नहीं। इन कर्मियों का आरोप है कि संबंधित मामले में श्रम विभाग भी मूकदर्शक बनी हुई है।

## गंगापुर में अभी तक कोई विकाश नहीं हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तोपचांची :** राजगंज थाना क्षेत्र के राजा बांसपहाड़, गंगापुर जो की दलूडीह पंचयात के अन्तर्गत है, इस गाँव में आजादी के वर्षो ओर झारखण्ड स्थापना के 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई विकास नहीं हुआ है।

इस गाँव में जाने का कोई भी पक्का रोड नहीं है, ओर ना ही इस गाँव में रहने वाले लोगों के पास पक्का घर है, जुगी झोपडी में रहने को मजबूर है, सरकारी योजना की बात करें तो ना ही केंद्र सरकार की योजना यहाँ तक पहुँचती है, ओर ना ही राज्य सरकार की योजना इस गाँव तक पहुंच पाती है।

रोजगार की बात करें तो इस गाँव के कई लोगों नें बताया की मजदूरी का भी काम नहीं मिलता है, जीना मुश्किल हो गया है, कोई बीमार पड़े तो काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

# बेहतर समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे ज्यादा अहम : नमन विक्सल कोनगाड़ी

## जी ई एल चर्च लम्बोई पेरिस के मामाभागिना मंडली में महिला संघ का 22 वां महिला समिति सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** जलडेगा प्रखंड के जी ई एल चर्च लम्बोई पेरिस के मामाभागिना मंडली में महिला संघ का 22 वां महिला समिति सम्मेलन संपन्न हुआ। मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं से संबंधित अलग अलग मुद्दों पर लोगों को संबोधित किया। भजन, बाईबल क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। मौके पर कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। उन्होंने महिलाओं को बाइबल के वचनों से अपने जीवन में प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं ही इस समाज का बेहतर निर्माण कर सकती है क्योंकि महिला मां भी है, महिला बहन भी है और महिला पत्नी भी और महिला बेटी भी है और एक अच्छे परिवार के निर्माण में इन सभी का सबसे ज्यादा योगदान रहता है।जब एक परिवार अच्छा बनता है तो उसके कारण समाज भी बेहतर बनता है। आप सभी को माता मरियम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने परिवार के साथ साथ एक बेहतर समाज का निर्माण करना है।साथ ही समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिए आगे आने एवं अपने बच्चों को रोजाना धार्मिक ग्रंथ बाईबल पढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाईबल हमें अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। हमें बुराईयों से दूर रखने में भी मदद करता है। बाईबल में निहित वचनों को हम अपने जीवन में अमल कर एक सफल व्यक्ति बन सकते हैं। आगे बिधायक ने कहा कि आज हमारा समाज में जागरुकता की कमी के कारण हक और अधिकार से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में हम सबकी खासकर महिलाओं की जिम्मेवारी है कि सभी लोग जागरुक होकर समाज के एक एक सदस्य को उनका हक और अधिकार दिलाने में मदद करें। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह बिधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, पेरिस चेयरमैन उज्ज्वल केरकेट्टा, सहायक चेयरमैन पादरी नीलकांत गुड़िया, पस्टोरेट चेयरमैन याकूब कुमार मुंडू, प्रचारक जयसिंह समद, प्रचारक इपिलन सुरीन, प्रचारक नामजन कंडुलना, प्रचारक इलियाजर एक्का, प्रचारक चोन्हास एक्का, प्रचारक जसियान डांग, प्रचारक सुमित कंडुलना, कंदीदत सशि डुंगडुंग, पेरिस सचिव अघिन मुंडू, पेरिस सदस्य शांतिएल बागे, बेंजामिन डांग, साइमन कंडुलना, युवा संघ अध्यक्ष अनमोल टोपनो, युवा संघ सचिव एमी हेमरोम, जलडेगा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, लम्बोई पंचायत अध्यक्ष शिशिर लुगुन, जिला सचिव अनिल डांग सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## आखिर चुनाव के समय कुछ कांग्रेसियों का असली चेहरा सामने आ हीं गया : एस सुजाउद्दीन राजा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ता एस सूजाउद्दीन राजा ने देश में संपन्न लोकसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि निश्चित रूप से कांग्रेस और कांग्रेस के नेतृत्व में बनी इंडिया गठबंधन ने जो शानदार प्रदर्शन किया है इसका श्रेय राहुल गांधी का जुझारूपन,बेबाक रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे गलत कार्यों का विरोध और भारत जोड़ो यात्रा को जाता है। उन्होंने निश्चित रूप से मोदी विरोधी सभी पार्टियों को एक मंच पर लाकर एक मजबूत विपक्ष के रूप में लाकर खड़ा करने में कामयाबी प्राप्त की है, परंतु दुर्भाग्य की बात है कि लोहरदगा में राहुल गांधी द्वारा चलाए गए भारत जोड़ो आंदोलन का कुछ वरिष्ठ कहे जाने वाले कांग्रेसियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। सुजाउद्दीन राजा ने कहा कि कुछ कांग्रेसी दिग्गज और उनके चहेते ना तो चुनाव के समय कांग्रेस के प्रचार में कहीं घूमते नजर आए ना ही मतगणना के समय कोई दिखे। आश्चर्य इस बात की है कि लोहरदगा लोकसभा में चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद यह नेता गांव-गांव दौरा कर रहे हैं और न जाने ग्रामीण जनता के बीच कौन सा पैगाम पहुंचने का काम कर रहे हैं यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे कांग्रेसियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो निश्चित रूप से आने वाले विधानसभा में इसका बुरा असर देखने को मिलेगा और कांग्रेस के समर्पित एवं उत्साही कार्यकर्ताओं के मनोबल में गिरावट आएगी।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद के लिए परीक्षा 10 जून को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद के लिए प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 10 जून 2024 को निर्धारित है। लोहरदगा जिला में इस परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं जिसमें कुल 4741 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे और दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्र और अभ्यर्थियों की संख्या। राजकीयकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय,लोहरदगा (264)। राजकीयकृत प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा (324) । उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय (288)। मंजुरमति उच्च विद्यालय, लोहरदगा (648) । संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा (384) । मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला महाविद्यालय लोहरदगा (384) । शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा (432) । बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा (360) । ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा (432) । एमडीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल लोहरदगा (480) राजकीयकृत कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा (252) । उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा लोहरदगा (276)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा (217)। परीक्षा संचालन के लिए हुई दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति। परीक्षा के सफल संचालन के लिए दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत परीक्षा के संपूर्ण व्यवस्थाओं के वरीय प्रभार में रहेंगे। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष की भी व्यवस्था की गई है जिसमें भूमि सुधार उप समाहर्ता को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में एसडीओ और एसडीपीओ रहेंगे। परीक्षा के लिए चार उड़न दस्ता दल बनाया गया है जिसके लिए जोनल दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में प्रेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

## लीड्स संस्था के तत्वाधान में स्वच्छ ऊर्जा समाधान पर प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड के जलडेगा पंचायत सभागार में लीड्स संस्था ने यूरोपियन यूनियन के सहयोग से रेस परियोजना के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सिमडेगा जिला के परियोजना प्रबंधक कृष्णा महतो के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया एवं परियोजना के उद्देश्य को पूरे विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वच्छ ऊर्जा आधारित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कुसुम योजना, उज्ज्वला योजना, पर्यावरण संरक्षण संबंधित जानकारी भी दी गई। एलईडी बल्ब और धुंआ रहित चूल्हा निर्माण एवं मरम्मती के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। प्रखण्ड समन्वयक रितेश भगत द्वारा 4 साल के उपलब्धियों को बताया वहीं लीड्स के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने परियोजना को सराहा एवं अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को एफपीओ जलडेगा के सोनू सिंह ने भी संबोधन किया और उपस्थित प्रतिभागियों को मडुआ खेती करने के लिए बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीड्स संस्था के सामुदायिक उतप्रेरक दिलराज नायक, अविनाश नायक, कलिंद्र प्रधान मनोज बिंझिया का अहम योगदान रहा।

## अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर को सीओ ने जब्त कर थाना को किया सुपुर्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शुक्रवार को जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ओडगा ओपी क्षेत्र के अनई में अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़कर ओडगा ओपी थाना को सुपुर्द कर दिया। इस संबध में अंचल अधिकारी ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर को देखकर ड्राइवर से कागजात की मांग की गई, ड्राइवर के पास किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर को ओड़गा ओपी को सुपुर्द कर कर अग्रेतर कार्रवाई के लिये जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिखा गया।

## टीवीएस व बॉक्साईड ट्रक की टक्कर में टीवीएस सवार युवक को लगी चोट



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित सेन्हा चौक के समीप टीवीएस व बॉक्साइड ट्रक की टक्कर में टीवीएस सवार युवक को हल्की चोट लगी। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जाता है की टीवीएस सवार युवक लोहरदगा की ओर से आ रहा था। जिसे सामने से आ रहा ट्रक में टकरा गया। जिसे युवक को बायें पैर हल्की चोटें लगी है। वही घायल युवक को इलाज के लिये स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा पंहुचाया गया। जहाँ चिकित्सको द्वारा प्राथमिक उपचार कर युवक को घर भेज दिया गया। घायल युवक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी कोयनारटोली निवासी जीतराम उराँव का 32 वर्षीय पुत्र जोखन उराँव के रूप में किया गया। घटना की सूचना मिलते ही एस आई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ अस्पताल पँहुच घटना का जायजा लिया गया।

## महेश सिंह ने नगर परिषद कर्मियों की समस्याओं को लेकर की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा-लोहरदगा की आम बैठक समाहरणालय के समक्ष इक्युलिप्टस मैदान में महेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि झारखण्ड सरकार, श्रम विभाग, राँची के आदेशानुसार पद के अनुरूप वेतन, भत्ता, नियोजन कार्ड, पहचान-पत्र, पी एफ नम्बर एवं कटौती का सूद सहित अद्यतन हिसाब, चिकित्सा कार्ड, वर्दी आदि मांगों की पूर्ति के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद समय नहीं मिलने के कारण दिनांक 11-06-2024 दिन मंगलवार को प्रशासक, नगर परिषद लोहरदगा से उनके कार्यालय कक्ष में अपराह्न में सामूहिक शिष्टमंडल वार्ता किया जायगा। बैठक में काफी संख्या में निकाय कर्मी शामिल हुए।

## सद्भावना मंच के सदस्यो ने कैरो बीडीओ से मिल पंचायतों में समिति गठन पर किया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 जुन शुक्रवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष मे कैरो सद्भावना मंच के सदस्यो प्रविपदा0 छ्न्दा भट्टाचार्य से मिलकर प्रखंड के सभी पंचायतों मे सद्भावना टीम बनाने को लेकर किया चर्चा। सदस्यो ने कहा कि प्रखंड के पुर्व प्रविपदा0 पवन कुमार महतो के निर्देश पर सभी पंचायतों मे सद्भावना ग्रुप तैयार कर प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को प्रखंड के अन्य-अन्य पंचायतों मे कभी वालीवाल,क्रिकेट के माध्यम से प्रखंड मे शांति व सौहार्द का संदेश देने एवं ग्रुप के सदस्यो के माध्यम से गाँव के बेरोजगार युवकों को सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ लेते हुए रोजगारो उन्मुख बनाने हेतू सद्भावना दल कार्य करते चला आ रहा है। इस अवसर पर प्रविपदा0 ने कहा कि आप सभी शीघ्र पंचायतों मे टीम करें तैयार, प्रखंड प्रशासन आप सभी युवाओ के साथ। मौके पर सद्भावना मंच के जुबैर अंसारी, जावेद अख्तर, इमरान खान, इश्तियाक अंसारी, रिजवान अंसारी, कैरो पंचायत के मुखिया वीरेंद्र महली इत्यादि उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** घटना सदर थाना क्षेत्र के कुजरा हेंदलासो पेट्रोल पंप के समीप की है जहां एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर के करीब कूजरा हेंदलासो पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात पिकअप वैन ने एक युवक को रौंद डाला जिसकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक लातेहार का निवासी बताया जा रहा है वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।उधर घटना के बाद पुलिस ने छानबीन करते हुए परिजनों को इस घटना की सूचना देने में जुटी हुई है।

## नौकरी के दौरान सेवा ही जीवन का लक्ष्य हो : वेदांत शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर का प्रशिक्षण काल अवधि समाप्त होने पर सेन्हा थाना परिवार विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना में पदनियुक्त कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए अपने कार्यकाल पूरा किया उसी निमित सेन्हा थाना पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों द्वारा विदाई समरोह अयोजित करके प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को पुष्प गुच्छा प्रदान कर विदाई दिया गया। विदाई के पूर्व पुलिस कर्मी और जवानों द्वारा अंगवस्त्र एवं उपहार स्वरूप सामग्री देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने कहा की 15 मार्च से 8 जून तक सेन्हा थाना प्रभारी के पद पर रह कर टीम के साथ समन्वय बना कार्य करने के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। हत्या चोरी, लूट, भूमी विवाद, खनन आदि सहित अन्य चीजों में काम करने का अवसर मिला हत्या जैसे मामले का उद्भेदन हुआ तथा जनता का भी सहयोग मिलाता रहा। बताते हुए उन्होंने कहा कि नौकरी जनता की सेवा है। सभी लोग सेवा भावना से काम करें और जनता की समस्या का समाधान को प्राथमिकता दें जिसे व्यवस्था काफी हद तक ठीक रहेगा। तथा वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन को सीख के रुप में लें। आदेश निर्देश मिले तो कोइ भी समय हो वर्दी लगाए और काम में लग जाए। साथ ही कहा कि सेन्हा थाना में 12 सप्ताह में कड़ी मेहनत के साथ काफी कुछ सीखा जो बाकी जगह में सीखने को नही मिला था। यहां की जनता अच्छे है। और जनता को पुलिस का भी भरपूर सहयोग मिला है। संबोधन के दौरान एस आई मनोज कुमार ने कहा की प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के साथ कार्य करने का अवसर मिला जिसे बहुत कुछ हमलोगों को सीखने का मौका मिला है। बताते हुए उन्होंने कहा की प्रशिक्षु एस पी सर काफी मिलनसार है। जिन्हें समस्या का समाधान करने के काफी गुण है। उकको सभी कोई अपनाए। जिसे भविष्य में लाभ होगा। मौके पर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, एस आई मनोज कुमार, शिवशंकर मार्डी, अभिनाश कुमार राम, मनीष कुमार महतो, जमशेद खान, अलबिना लकड़ा, पंकज शर्मा, अशरफी बहेलिया, साहेब कुंवर सहित अन्य पुलिस जवान विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक को लेकर की आवश्यक बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री, झारखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 11 जून 2024 को प्रोजेक्ट भवन, रांची में होनेवाली बैठक में लोहरदगा जिला की तैयारी को लेकर आज शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जेएसएलपीएस की योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित योजना, पंचायती राज विभाग के 15वें वित्त अंतर्गत व्यय की स्थिति और पंचायतों में पंचायत सचिवालयों की स्थिति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, छात्रावासों के निर्माण व जीर्णोद्धार की स्थिति, आवासीय विद्यालयों की संख्या व स्थिति, साईकिल वितरण योजना की स्थिति, जाहेर थान/ सरना/ मसना/ कब्रिस्तान घेराबंदी योजना, धुमकुड़िया/मांझी थान निर्माण की योजना, वनाधिकार पट्टा की योजना, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्थिति, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन,स्वच्छ भारत मिशन, चापाकल निर्माण योजना, खान एवं भू-तत्व विभाग अंतर्गत डीएमएफटी मद की स्थिति, उर्जा विभाग अंतर्गत वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की स्थिति, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार अंतर्गत दाखिल खारिज/ नामांतरण की स्थिति, जाति/ आय/ आवासीय प्रमाण पत्रों के आवेदन व निष्पादन की स्थिति, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला में अस्पताल निर्माण व जीर्णोद्धार की स्थिति,शिक्षा विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय एवं जनजातीय भाषा शिक्षक नियुक्ति, परिवहन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, उच्च एवं तकनीकी विभाग अंतर्गत गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, सर्टिफिकेट केस की स्थिति, अवैध मादक पदार्थ एवं शराब की स्थिति, वन एवं भू-राजस्व के मामले आदि की स्थिति की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उसमें प्रगति लाने के निदेश दिये गये। महत्वकांक्षी योजनाओं में प्रगति लाने का विशेष निदेश दिया गया। आज की बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, अनुमण्डल पदाधिकारी, आइटीडीए परियोजना निदेशक समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री महोदय, अपने कार्यकाल को यादगार बनाइए : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा भ्रष्टाचार के आरोप में 15 मई 2024 से जेल में बंद झारखंड राज्य के संसदीय और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम द्वारा आज 3 सप्ताह से अधिक होने के बावजूद इस्तीफा नहीं देने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए झारखंड राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।विदित हो कि झारखंड राज्य के मंत्री माननीय आलमगीर आलम पिछले 24 दिनों से भ्रष्टाचार के आरोप में बंद हैं मगर मंत्रालय से इस्तीफा का इंतजार करते-करते अंततः कल 7 जून को राज्य के मुख्यमंत्री माननीय चंपई सोरेन ने उनको आवंटित सभी मंत्रालय वापस लेते हुए अपने पास रख लिया है ताकि आगामी मानसून सत्र और आचार संहिता समाप्ति के पश्चात विकास के कार्यों में तेजी लाई जा सके।एक बयान जारी कर अविनाश वर्मा ने मुख्यमंत्री के लचीले रुख़ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गठबंधन की मजबूरी में झारखंड के मुख्यमंत्री लस्सी भी फूंक फूंक कर पी रहे हैं जिसका परिणाम है की संबंधित मंत्री से सिर्फ विभाग वापस लेकर कांग्रेस पार्टी को खुश करते हुए तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा दे रहे हैं। अविनाश वर्मा ने कहा कि ऐसी स्थिति में मंत्री महोदय पूर्व मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन से ही सबक लेते जो 31 जनवरी को जेल जाने से पहले महामहिम राज्यपाल महोदय को अपना इस्तीफा सौंप दिए थे एंव उसी तर्ज पर मंत्री महोदय को भी इस्तीफा देना चाहिए था या झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा जेल में बंद मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए था।अविनाश वर्मा ने कहा कि इस घटना को मुख्यमंत्री की लाचारी, गठबंधन की मजबूरी और तुष्टिकरण की नीति से ग्रसित गठबंधन के मुख्यमंत्री के रूप में माननीय चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री के कार्य काल को एक काले अध्याय के रूप में देखा जाएगा। अविनाश वर्मा ने बयान के माध्यम से झारखंड के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि चंद महीने के अपने बचे हुए कार्यकाल को अपने नैतिक और कठोर निर्णय से झारखंड की जनता को ऐसा संदेश दें ताकि भविष्य में लोग आपको सिर्फ याद ना करें बल्कि आपका कार्यकाल भी यादगार बन सके क्योंकि कभी-कभी रक्त की धार से भी शांति के पौधे सींचे जाते हैं जो आप शायद चाह कर भी नहीं कर पा रहे हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी है।

### दो बाइक में आमने-सामने टक्कर में दो घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के लावागड़ा ग्राम में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उदय सोनी 25 वर्ष पिता सोहन सोनी ग्राम झाबर थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से हेरहंज थाना क्षेत्र के कसमार गांव निजी कार्य से जा रहा था ।वही दूसरे मोटरसाइकिल में सवार सुनीता देवी 30 वर्ष पति सुनील भगत ग्राम कसमार थाना हेरहंज निवासी अपने पति के साथ बालूमाथ की ओर आ रही थी ।इसी दौरान लावागड़ा ग्राम के समीप दोनों मोटरसाइकिल में टक्कर हो गया ।जिसमें सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उदय सोनी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस, 500 सीसीटीवी कैमरे और धारा 144 लागू

## प्रधानमंत्री का शपथ समारोह, किले में तब्दील हुआ दिल्ली

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। ऐसे में संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और नार्थ साउथ ब्लॉक के चप्पे-चप्पे में सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे इलाके की 500 सीसीटीवी कैमरों से नजर रखेंगी। इसके लिए कर्तव्यपथ थाने में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जहां पर सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी इन सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और हर छोटी-बड़ी मूवमेंट पर अपनी नजर बनाए रखेंगे।

**कई लेयर की सुरक्षा के इंतजाम:** रविवार को हो रहे पीएम पद के शपथ समारोह के लिए दिल्ली पुलिस खास तैयारियों में जुटी हुई है। रविवार दोपहर 2 बजे के बाद राष्ट्रपति भवन और उसके आस-पास कंट्रोल एरिया बना दिया जाएगा। पुलिस के अधिकारियों की माने तो इस दौरान कई लेयर की सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

**ऊंची इमारतों पर तैनात रहेंगे स्नाइपर:** सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनी को तो तैनात किया जाएगा। इसके अलावा हस्त्र कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर भी ऊंची इमारतों पर तैनात रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई विदेशी मेहमान भी शिरकत करेंगे। ऐसे में पूरी राजधानी हाई अलर्ट पर रहेगी। खुफिया एजेंसियों के कंधों



पर विदेशी मेहमानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी रहेगी।

**होटलों की बढ़ाई गई सुरक्षा:** हर हेड ऑफ स्टेट के हिसाब से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा विदेशी मेहमान जिन होटल में रुकेंगे उन होटल की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन के आस-पास के इलाके को कंट्रोल एरिया बनाया गया है। इसमें संसद मार्ग, रफी मार्ग, रायसीना रोड, राजेंद्र प्रसाद रोड, मदर टेरेसा क्रीसेंट और सरदार पटेल मार्ग में प्रोग्राम के दौरान सिर्फ जिन गाड़ियों पर पास होगा वो ही गाड़ियां आ पाएंगी।

**दिल्ली के आसमान में इन चीजों के उड़ाने पर लगा प्रतिबंध:** पीएम पद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस कार्यक्रम की निगरानी 500 से ज्यादा सीसीटीवी से की जाएगी। पूरे नई दिल्ली इलाके में धारा 144 भी लगा दी गई है। दिल्ली पुलिस की और से शपथ ग्रहण को देखते हुए रविवार और सोमवार के लिए कई तरह की पाबंदी भी लगा दी गई हैं। दिल्ली को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इस दौरान पूरी दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट से संचालित एयरक्राफ्ट जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसको लेकर दिल्ली पुलिस ने एक एडवाइजरी भी जारी की है।

**राष्ट्रपति भवन के पास चलाया जा रहा चेकिंग अभियान:** दिल्ली पुलिस की ओर से राष्ट्रपति भवन और उसके आस-पास के इलाके में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यहां से गुजरने वाले हर एक वाहनों की तलाशी की जा रही है। दिल्ली पुलिस की तरफ से अलग-अलग जगहों पर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं। निगरानी और किसी भी आपात खतरे की जानकारी देने के लिए वहां सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जा रही है।

# पर्यावरण परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान को जुटेंगे देशभर के वैज्ञानिक

एजेंसी

**मऊ :** जिले में 10-11 जून को कृषि वैज्ञानिकों का महाकुम्भ होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मऊ के परिसर में देशभर के सैकड़ों कृषि वैज्ञानिक एक मंच पर जुटेंगे और पर्यावरण परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान के लिए मंथन करेंगे। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्म जीव ब्यूरो (एनबीएआईएम)के 23वें स्थापना दिवस पर आयोजित होगा। इस सम्मेलन का मुख्य विषय कृषि में सूक्ष्म जीव अनुसंधान के क्षितिज का विस्तार है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से 300 से भी अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति, शोध संस्थानों के निदेशक, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर, प्रधान वैज्ञानिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और शोधकर्ता शामिल होंगे। ब्यूरो के निदेशक डॉ आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आज के बदलते परिवेश में पर्यावरण परिवर्तन की चुनौतियों से विश्व जूझ रहा है। मिट्टी में फर्टिलिटी और सॉइल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए समय आ गया है कि हम सूक्ष्मजीवों पर आधारित पद्धतियों पर आगे बढ़ें। पिछले 50-60 सालों में सूक्ष्मजीव पद्धतियों पर बहुत कार्य हुए हैं और वह किसानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में है। अब आवश्यकता एक पारित शोध कार्यक्रम की है जिसके लिए देशभर से सैकड़ों कृषि वैज्ञानिक सम्मेलन में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस कृषि वैज्ञानिक सम्मेलन में पर्यावरण परिवर्तन की चुनौतियों के लिए समाधान नेचर फ्रेंडली फार्मिंग और सूक्ष्मजीव आधारित कृषि पर चर्चा होगी। सम्मेलन में सूक्ष्मजीवों के उपयोग से कृषि उत्पादन को बढ़ाने और मिट्टी की सेहत को बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा। कीटों और रोग कारकों को नियंत्रित करना, बायोफर्टिलाइजर के रूप में पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करना और बायो स्टिम्युलेट्स के रूप में पौधों की वृद्धि बढ़ाना मुख्य उद्देश्य होगा। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि सम्मेलन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 11 संस्थान और 16 कंपनियों के सूक्ष्मजीव आधारित तकनीकियों और उत्पादों के कृषि में प्रगति और विस्तार पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इससे नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और उन्हें व्यावसायिक उपयोगी तक पहुंचा जा सकेगा।

# राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष करता है बजरंग दल : नीरज

एजेंसी

**अररिया :** फारबिसगंज के रानी सरस्वती विद्या मंदिर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के चल रहे प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन शनिवार को मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर दौनेरिया ने कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध निरंतन संघर्ष करता आ रहा है बजरंग दल। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में देह में बजरंग दल को बनाये जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि पूर्व में रही सरकार ने हिंदू समाज की राम जानकी यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने से मना कर दिया था। तब विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर संतों ने





मिलकर 1984 में बजरंग दल का गठन किया और तब से लेकर अब तक बजरंग दल हिंदू विरोधी एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष करता हुआ आ रहा है। उन्होंने कहा कि बजरंग दल अमरनाथ यात्रा हो या राम मंदिर आंदोलन हो या लव जिहाद का मामला, नेपाल बॉर्डर पर मां पूर्णागिरी दर्शन यात्रा, गौ हत्या के विरुद्ध निरंतर जिहादियों के खिलाफ आंदोलन एवं संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहता है। देश में कोई आपदा का समय रहा हो तो बजरंग दल हमेशा बढ़ चढ़कर के भाग लिया है।

बजरंग दल युवाओं को शौर्य युक्त बनाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग लगाता रहता है। इस दौरान प्रांत संयोजक प्रकाश पांडेय,प्रांत सहसंयोजक पंकज सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक संजीव साह, जिला मंत्री शुभम चौधरी, जिला अध्यक्ष विजय देव उपस्थित रहे।

# यूपी में बसपा ने भाजपा व सपा का बिगाड़ा खेल

एजेंसी

**लखनऊ:**लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ चुके हैं। 293 सीटों के साथ एनडीए लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है। वहीं इंडिया को 234 सीटें आई हैं। इस चुनाव में केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में तगड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश में भाजपा को महज 33 सीटें आई जबकि विपक्षी दल सपा 37 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इसके अलावा पिछली बार सीटों के लिहाज से राज्य में दूसरे स्थान पर रही बहुजन समाज पार्टी इस बार खाता भी नहीं खोल पाई है।पिछली बार की तुलना में उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजे काफी बदल गए। जहां 2019 में राज्य में बसपा दूसरे स्थान पर थी वहीं इस बार पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकी। इन नतीजों के बीच आइये जानते हैं कि बसपा को 80 सीटों पर कहां कितने वोट मिले हैं? कितनी सीटों पर यह हार जीत के अंतर से कम है, कितनी पर ज्यादा? अगर बसपा



के वोट भाजपा को ट्रांसफर होते तो क्या होता, अगर बसपा का वोट गठबंधन को ट्रांसफर होता तो क्या होता? इस लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटों के साथ समाजवादी सबसे बड़ी पार्टी है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के 33 सांसद जीते हैं। तीसरे स्थान पर कांग्रेस ने छह सीटें जीतीं। दो सांसदों के साथ राष्ट्रीय लोक दल चौथे स्थान पर है। इसके अलावा आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) और अपना दल (सोनेलाल) के एक-एक सांसद जीतकर आए हैं। यूपी में मत प्रतिशत के हिसाब से बसपा चौथे स्थान पर रही। पार्टी को राज्य में 9.29 फीसदी (82.33 लाख) मत मिले हैं। वहीं पिछले चुनाव में सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली बसपा को यूपी में 19.4 फीसदी पड़े थे। इस वोट बैंक के कारण पार्टी के 10 सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। हालांकि, इस बार मत प्रतिशत भी करीब 10 फीसदी घटा है और सीटों का खाता नहीं खुल सका। इस चुनाव में यूपी में 14 सीटें ऐसी रहीं जहां भाजपा को जीत मिली लेकिन जीत का अंतर बसपा को मिले वोटों से कम था। यदि इन सीटों पर बसपा को मिला वोट इंडिया की तरफ चला जाता तो भाजपा ये सीटें हार भी सकती थी। ये सीटें थीं अकबरपुर, अलीगढ़, अमरोहा, बांसगांव, भदोही, देवरिया, फर्रुखाबाद, फतेहपुर सीकरी, हरदोई, मेरठ, मिश्रिख, फूलपुर, शाहजहांपुर और उन्नाव। ऐसा ही कुछ हाल बिजनौर और मिर्जापुर सीटों पर रहा जहां क्रमशः आरएलडी और अपना दल (एस) के उम्मीदवार जीते हैं। वहीं, दूसरी ओर 28 सीटें ऐसी भी रहीं जहां सपा को जीत मिली लेकिन जीत का अंतर बसपा को मिले वोटों से कम था।

यदि इन सीटों पर बसपा को मिला वोट एनडीए की तरफ चला जाता तो सपा ये सीटें हार सकती थी। यही हाल सहारनपुर का रहा जहां कांग्रेस जीत गई। इस तरह से बसपा ने एक भी सीट न जीतकर भी पूरे यूपी में 45 सीटों पर एनडीए या इंडिया का खेल बिगाड़ा है।

### स्मृति ईरानी और स्वाति मालीवाल सहित 13 लोगों ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली :** निवर्तमान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल सहित 13 लोगों ने शनिवार को अलग-अलग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, स्मृति ईरानी ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने वालों में जयपुर से लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, निसिथ प्रमाणिक, अश्विनी कुमार चौबे और डॉ. सत्यपाल सिंह शामिल थे। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल, केसरी देव सिंह झाला, सुधा मूर्ति, डॉ. भीम सिंह, डॉ. सरफराज अहमद, बंशीलाल गुर्जर और प्रदीप कुमार वर्मा ने भेंट की। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा ने भी उपराष्ट्रपति से भेंट की।

# अमेरिका के 22 शहरों में मनाया जाएगा नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार जीत का जश्न

एजेंसी

**वाशिंगटन :** नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा और एनडीए को जीत दिलाकर इतिहास रच दिया है। वह रिकॉर्ड तीसरी बार 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। वर्ष 1962 में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद पीएम मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो लगातार तीसरी बार अपने दो कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर इस पद पर काबिज होने जा रहे हैं। लिहाजा अमेरिका में पीएम मोदी की इस धमाकेदार जीत का जश्न मनाने की व्यापक तैयारी की गई है।ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' (ओएफबीजेपी-यूएसए) के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नरेन्द्र मोदी के समर्थक उनके तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाएंगे। उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क, जर्सी सिटी, वाशिंगटन, बोस्टन, टाम्पा, अटलांटा, ह्यूस्टन, डलास, शिकागो,



लॉस एंजिल्स और सैन फ्रांसिस्को जैसे शहरों में मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाया जाएगा। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने पीटीआई से कहा,इस शुक्रवार से अगले रविवार तक अमेरिका के 22 शहरों में उनकी जीत का जश्न मनाया जाएगा। ओएफबीजेपी-यूएसए के सदस्यों ने चुनाव-अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए अमेरिका के कई शहरों में कार रैलियां निकालीं।लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है और 1962 के बाद यह पहली बार है कि कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं। मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, जो 60 साल में पहली बार होगा। प्रसाद ने कहा कि भारत में नयी सरकार के गठन के बाद ओएफबीजेपी-यूएसए भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा, हम भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रवासी भारतीयों को एकजुट करेंगे। उन्होंने बताया कि वे प्रवासी भारतीयों से संबंधित सभी मुद्दों के लिए अनिवासी भारतीय (एनआरआई) आयोग की स्थापना करने के लिए भी प्रधानमंत्री से अनुरोध करेंगे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, डीसी ने दिए कई आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम हिट एंड रन मामलों की उपायुक्त ने समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा हिट एंड रन तथा गुड सेमेरिटन पॉलिसी का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने तथा हिट एंड रन से संबंधित लंबित मामलों का निपटारा कर पीड़ित को शीघ्र मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-75 पर गढ़वा से नजदीक के सभी मुख्य स्थान की दूरी से संबंधित साइनेज गति सीमा से संबंधित साइनेज एवं रोड सेफ्टी से संबंधित उपकरणों को अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले में अवस्थित तीन ब्लैक स्पॉट अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोडा एवं बुढ़ापरास के कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी लिया एवं अन्नराज घाटी के घुमाव को सीधा करने के कार्य मे तेजी लाने का निदेश दिया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में रोड किनारे सूखे पड़े वृक्ष, जिनसे आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं, वैसे वृक्षों का आकलन कर वन विभाग से अनुमति लेते हुए वृक्षों के कटाई का निर्देश दिया। शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी के अधिष्ठापन एवं स्ट्रीट लाइट मरम्मती की जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से लिया गया। उपायुक्त ने शहर के साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही शहरी क्षेत्रों में सड़कों को अतिक्रमणमुक्त करने हेतु अभियान चलाने का निदेश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, डीएसपी हेडक्वार्टर यशोधरा समेत सिविल सर्जन डॉ0 अशोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, एनएचएआई कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमण्डल, सांसद व विधायक के अन्य प्रतिनिधिगण समेत एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थें।

### सफदरजंग अस्पताल में पहली बार एक हफ्ते में की गई पांच रोबोटिक सर्जरी

**नई दिल्ली :** वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल के स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर (एसआईसी) में पहली बार एक हफ्ते में पांच रोबोटिक सर्जरी की गई। जून के पहले सप्ताह में एक रोबोटिक घुटना प्रतिस्थापन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके तहत रोबोट से घुटना रिप्लेसमेंट की पांच सर्जरी की गई। यह सर्जरी एसआईसी के निदेशक डॉ. दीपक जोशी और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नवल भाटिया के नेतृत्व वाली टीमों द्वारा की गई । सफदरजंग अस्पताल के मुताबिक रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी आधुनिक समय की सबसे उन्नत तकनीकों में से एक है, जिसमें घुटने के ऑपरेशन के समय हड्डी की सटीक कटौती होती है और अंग संरेखण भी सुनिश्चित रहता है। इससे मरीज के ऑपरेशन के बाद घुटने में होने वाले दर्द में कमी आती है और ऑपरेशन के बाद शुरुआती रिकवरी में भी मदद मिलती है।

# कंगना रनौत को पड़े थप्पड़ से गर्माया बॉलीवुड

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नवनिर्वाचित सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब थप्पड़ कांड के चलते लगातार चर्चा में हैं। कंगना को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ की महिला जवान कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मारा था, जिसके बाद अब बॉलीवुड का माहौल भी गर्माता जा रहा है। अनुपम खेर से लेकर मीका सिंह तक, अब तक कई सेलिब्रिटी इस मामले पर प्रतिक्रिया दे चुके हैं। जहां कुछ सेलिब्रिटी कुलविंदर कौर के सपोर्ट में नजर आ रहे हैं, तो वहीं कुछ इस पूरी घटना की निंदा कर रहे हैं। इस मामले पर अब अनुभवी एक्ट्रेस शबाना आजमी ने भी रिएक्शन दिया है। शबाना आजमी ने एक ट्वीट किया है, जो वायरल हो रहा है।



### शबाना आजमी ने की थप्पड़कांड की निंदा

शबाना आजमी बॉलीवुड की उन एक्ट्रेस में से हैं, जो इंडस्ट्री ही नहीं देश-दुनिया के मुद्दों पर भी खुलकर बात करती हैं। अब अभिनेत्री ने कंगना रनौत के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस मामले पर जो प्रतिक्रिया दी है, उसने लोगों को हैरानी में डाल दिया है। पूरे मामले पर दिग्गज अभिनेत्री ने जो भी कहा, उसकी चर्चा हो रही है।

### शबाना आजमी का ट्वीट

शबाना आजमी ने इस पूरे मामले पर चिंता जाहिर करते हुए एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा- %मेरे दिल में कंगना के लिए कोई प्यार नही है, लेकिन मैं अपने आप को उन लोगों के समूह में शामिल नहीं कर सकती, जो उन्हें थप्पड़ मारे जाने का जश्न मना रहे हैं। अगर सुरक्षाकर्मी ही कानून को अपने हाथ में लेने लगेंगे तो हम में से कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा । शबाना के पोस्ट पर कई यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी है।

### क्या है पूरा मामला?

मालूम हो कि, बॉलीवुड एक्ट्रेस और मंडी से नवनिर्वाचित भाजपा सासंद कंगना रनौत गुरुवार को दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंची थीं, जहां शाम को उनके साथ एक परेशान कर देने वाली घटना हुई। जब कंगना चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचीं तो वहां मौजूद एक ष्ट्ढस्स्न महिला जवान ने अचानक एक्ट्रेस को थप्पड़ मार दिया। यही नहीं, महिला जवान ने कंगना के साथ गालीगलौच भी की। घटना के बाद महिला जवान को सस्पेंड कर दिया गया है।

### ट्रोल हुए विशाल ददलानी

ऐसे में विशाल ददलानी ने महिला जवान को नौकरी देने की बात कर डाली। अपनी इस बात के बाद अब विशाल ददलानी भी ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं।

दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर आम जनता से लेकर कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी तक ने इस पूरी घटना की निंदा की है। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा, सिकंदर खेर, अमन वर्मा, अनुपम खेर सहित कई सितारे इस घटना को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं।